
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 1 अंकः 314 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 01 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## नए संसद भवन में होगा 5 दिनों का विशेष सत्र!

### 1 से 2 अहम बिल भी पेश कर सकती है केंद्र सरकार

नई दिल्ली. केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के 5 दिवसीय विशेष सत्र दौरान संसदीय कामकाज नए संसद भवन में स्थानांतरित हो सकता है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मई को किया था. संसद के नए भवन से जुड़े निर्माण कार्यो को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि यह सत्र की मेजबानी के लिए तैयार हो सके. सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. सूत्रों के मुताबिक, पहले 2-3 दिन तक वर्तमान संसद भवन में देश की आजादी से लेकर अभी तक पास हुए बिल, महत्वपूर्ण चचाओं और घटनाओं के बारे में एक प्रस्तुतिकरण हो सकता है. इसके बाद नए संसद भवन में विशेष सत्र का प्रथम सत्र आयोजित किया जा सकता है.

विशेष सत्र के दौरान जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल सम्मेलन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की धमक और भारत की बढ़ती साख पर प्रस्ताव पारित किया जा सकता है. इसके अलावा 1 से 2 महत्वपूर्ण बिल भी सरकार ला सकती है. इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को बताया कि केंद्र सरकार ने 'अमृत काल' के बीच 18 से 22



सितंबर तक 'संसद का विशेष सत्र' बुलाया गया है जिसमें पांच बैठकें होंगी. संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, 'संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) 18 से 22 सितंबर को बुलाया गया है.'

### विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में कुछ भी साफ नहीं

संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है. हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधनी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है. जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी. संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, 'अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने को लेकर आशान्वित हूं.' अपनी पोस्ट के साथ जोशी ने एक्स पर संसद के पुराने भवन के साथ ही नए भवन की तस्वीर भी साझा की है.

### संसद का मानसून सत्र 11 अगस्त को समाप्त हुआ

आमतौर पर संसद के तीन सत्र होते हैं. इसमें बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र शामिल हैं. विशेष परिस्थितियों में संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने का प्रविधान है. संसद का मानसून सत्र 11 अगस्त को समाप्त हुआ था. हाल में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अमृत काल के दौरान भारत के लक्ष्य भी विशेष सत्र में चर्चा का हिस्सा हो सकते हैं.

### कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना

विशेष सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं होने के बीच ऐसी अटकलें हैं कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मोदी सरकार कोई विधेयक पेश कर सकती है. मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाने के फैसले के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कारोबारी अडाणी समूह के खिलाफ नए खुलासे होने और मुंबई में जारी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के चलते समाचारों का प्रबंधन करने की कवायद के तहत विशेष सत्र की घोषणा की गई है.

## छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, इस कहावत में है सदियों का सच ; राष्ट्रपति

**रायपुर साइंस और टेक्नालाजी के साथ जीवन में आध्यात्मिकता का भी समावेश हो तो जिंदगी होगी बेहतर**

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

रायपुर । जय जोहार, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। मुझे छत्तीसगढ़ की धरती पर आप सबसे मिलने का अवसर मिला। मेरी इच्छा आज पूरी हुई। एक कहावत है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, ऐसी कहावतों के




माध्यम से सदियों से चल रहे सत्य को मात्र शब्दों में कह दिया जाता है। यह बात आज यहां रायपुर के शांति सरोवर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष 2023 के शुभारंभ समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कही।

राष्ट्रपति ने कहा कि साइंस और टेक्नालाजी के साथ ही जीवन में आध्यात्मिकता का भी समावेश हो तो जीवन आनंद से भर जाता है। हमारी नई पीढ़ी बहुत प्रतिभाशाली है। कभी-कभी धैर्य की कमी होने की वजह से वे निराश हो जाते हैं। उन्हें बताना है कि अपनी रुचि के क्षेत्र में धैर्य और पूरे आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करें तो सफलता जरूर मिलती है। ब्रह्मकुमारी परिवार हमेशा से इसके लिए प्रयास कर रहा है ताकि हम बेहतर समझ के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकें **शेष पृष्ठ संख्या 7 पर**

**कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!**

## गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !!

**लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य ब्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!**

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरो चीफ बिहार -झारखंड प्रदेश।

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक , चौंकाने वाला है ! लूट की राशि से मजबूत होते अपराधिक ढ़ाँचे के हकियत को समाचार के माध्यम से.बिहार- सरकार एवं प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष रखा गया ।

आतंकियों से भी क्रूर है थानेदार ! से संबंधित प्रकाशित समाचार पर पुलिस महानिदेशक बिहार प्रदेश द्वारा मामले की जाँच पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद को दिया गया ! समाचार प्रकाशित करने वाले पत्रकारों से भी संबंधित जांच पदाधिकारी द्वारा पक्ष जाना गया , फिर भी जाँच के नाम पर जाँच अधर में लटक गया । फल स्वरुप अम्बा थाना में पदस्थापित दरोगा जी का मनोबल व आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ते गया और थानेदार एवं पुलिस संरक्षित गुण्ड़ो द्वारा दमन की कार्रवाई निर्वाधगति से पीड़ित व प्रभावित जनता, पत्रकार एवं बुद्धिजीवियों तथा इनके परिवार के साथ जारी रहा। थानाध्यक्ष द्वारा पदीय शक्ति का दुरुपयोग की बात जाँच रिपोर्टर में भी वरीय पदाधिकारियों के समक्ष आया किन्तू बिहार प्रदेश के पुलिस महानिदेशक का अगले आदेश की प्रतीक्षा में आरोपित थानेदार को बचाव आजतक जारी है ।

आखिर पुलिस से जनता को नफरत क्यों है ? यह अहम सवाल भी जाँच का विषय हैं, क्योंकि आय दिन पुलिस वालों पर पब्लिक द्वारा पथराव एवं थाना एवं थानेदारों पर हमला की घटना घटती है।

अम्बा थाना में स्थापित थानेदार एवं सहायक




दारोगा का लगभग 23 वर्षो का इतिहास बताता है कि अनैतिक कार्यो के विरुद्ध उठ रहे आवाज को दबाने हेतू थानाध्यक्ष द्वारा असमाजिक तत्व की बचाव में पत्रकारों, बुद्धजीवियों व शिकायत कर्ता के विरुद्ध सरासर झूठे, मनगढ़ंत व तथ्यहीन अनेको मुकदमा थानेदार द्वारा दर्ज किया गया है। जिसमें पत्रकारों, बुद्धजीवियों व शिकायत कर्ता तथा इनके परिवार को भी फसाया गया है।

**वाह रे बिहार ! पार्ट : -3**

अम्बा थाना में वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के दर्जनों आदेश व दिशानिर्देश से यह स्पष्ट हैं कि प्रखंड़ , अंचल,अनुमंडल स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों तथा जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के आदेश व दिशानिर्देश को अम्बा थाना के थानेदार एवं सहायक दारोगा नहीं मानते हैं । जिसका दर्जनों साक्षय अम्बा थाना के अभिलेख में मौजूद है।

जब थानेदार एवं केस के आइओ ही किसी इंसान को अपराधी बता दे और सारे जाँचदल इनके गलत मुकदमें एवं जाँच प्रतिवेदन पर मुहर लगाने के लिए विवश हों तो अंचल से लेकर अनुमंडल तथा जिला तक वरीय पदाधिकारियों का पद का औचित्य ही क्या रह जाता है।

अगर यूँ कहा जाये कि "थानेदार के कुकृत्यों के सामने " औरंगाबाद जिले के तमाम प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी तमाशबीन हैं और पीड़ित व प्रभावित जनता, पत्रकार एवं बुद्धिजीवी तथा इनके परिवार को न्याय देने व दिलाने में विफल साबित हो चुके है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नही होगी।

न्याय से पीड़ित व प्रभावित जनता, पत्रकार एवं बुद्धिजीवी तथा इनके परिवार वर्षो से क्यों वंचित क्यों हैं तथा असमाजिक तत्व की बचाव मे लगातार थानेदार द्वारा झूठे मुकदमें जनता व पत्रकार पर कैसे दर्ज होते आ रहे है ! यह अहम सवाल जाँच का विषय है।

**शेष अगले अंक, गतांक सेआगे.....**

## पटना और जहानाबाद में भी दिखा राखी के रूप में भाई-बहन का प्यार

समाज जागरण डेस्क

पटनाः- जहानाबाद-पटना सहित संपूर्ण बिहार भाई - बहन के प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन के धागों में बंधा दिखाई पड़ा ।

आज श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः काल 7:05 तक ही शुभ मुहूर्त में पूरे बिहार में रक्षाबंधन लोग नए-नए वस्त्र खरीद कर घूमने जाते हैं और तरह-तरह के पकवान कहते हैं । यह एक एहसास है , ईस एहसास को शब्दों के जरिए कैद नहीं किया जा सकता यह वह एहसास है जिसृ रेशम के धागों से अपने भाइयों के कलाइयों पर बांधी



मनाया गया जिसमें बिहार के सभी बहनों ने अपने-अपने भाइयों के हाथों पर कच्चे-धागे की डोर को बांधकर पूरे जीवन के लिए अपने भाई से रक्षा का वचन लिया ।

रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के अनोखे प्यार और एहसास का त्यौहार है । यह केवल त्यौहार नहीं है, जिसमें जाती है। यह वह कर्ज है जो हर भाई का अपनी बहन के पूरे जीवन उसकी रक्षा करने का होता है । यह एक बहाना है बहनों को अपने भाई के घर वापस आने का , भाईयो को उपहार और मिठाई लेकर अपनी बहन के घर जाने का ।

## करतार सिंह बने रेहड़ी पटरी संचालक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष

नोएडा समाज जागरण डेस्क



समाज सेवा एवं पथ विक्रेताओं के लिए पूर्ण रूप से समर्पण को को देखते हुए करतार सिंह पुत्र श्री जोत सिंह विलेज आगरा, अगरी निवासी को रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा मुरादाबाद मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री श्याम किशोर गुप्ता ने इस आशय को जानकारी दी है। उन्होंने श्री सिंह को नियुक्ति पत्र सौपते हुए उनके समर्पण के लिए तारीफ की है तथा उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की है। श्री गुप्ता ने कहा है कि उनके मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष बनने से संगठन को नयी मजबुति मिलेगी और पथ विक्रेता के लिए लड़ी जा रही लड़ाई को एक बल मिलेंगा।

## आज कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मना राखी का त्यौहार

धनबाद ; - आज बड़े उत्साह के साथ केन्दुआ , कुस्तौर और पुटकी सहित तमाम कोयलांचल में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया` चुकी रक्षाबंधन का त्योहार आज सुबह 7:05 तक ही थी , इसलिए राखी



का असर सुबह-सुबह ही दिखाई पड़ा पर कुछ लोग सारा दिन रक्षाबंधन के माहौल में उत्साहित दिखे इस दौरान बाजारों एवं दुकानों में भी चहल-पहल नजर आई`

चुकी बाजार में कुछ नकली मिठाई की भी अफवाह थी पर फिर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की और इस त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया` द्वापर युग की कथा के अनुसार सबसे पहले द्रौपदी ने श्री कृष्ण को अपने पल्लू का एक टुकड़ा बांधा था तभी से प्रत्येक सावन पूर्णिमा के दिन इस त्यौहार को हर हिंदू रक्षाबंधन के रूप में मनाते हैं । इस प्रथा के अनुसार रेशम के धागों को हाथों पर बांधा जाता है परंतु आज इस चक्का - चौन्द भरी दुनिया में तरह-तरह की राखियां बाजार में नजर आ रही है, जिसमें कुछ फूलों के हैं, कुछ धागों की कुछ मोतियों की तो कहीं-कहीं चंदियो की राखी को बांधने की भी चलन है`

## गुरुकुल की याद हुई ताजी, पनोरमा पब्लिक स्कूल रामपुर छातापुर में स्कूली बच्चों ने अपने सहपाठी को बांधी राखी

छातापुर । प्रखंड के पनोरमा नगर स्थित रामपुर छातापुर के पनोरमा पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चियों ने अपने सहपाठी को राखी बांध, मिठाई खिला भारत की संस्कृति मानवीय मूल्यों को उजागर करने व आध्यात्मिक रहस्य को प्रकाशित करने वाला त्यौहार है रक्षाबंधन को धूम धाम से मनाया।



बच्चियों ने उनके कलाइयों पर राखी बांधकर उनके दीघार्यू होने की कामना की

## बिना एंबुलेंस के इंतजार करते हुए महिला एसआई काजल ने घायलों को सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया ।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण**

अफजलगढ। सड़क दुघर्टनाओं में घायलों का इलाज सही समय पर न मिल पाने के कारण मालूम नहीं कितने घायल सड़क पर ही दम तोड़ देते है ।बीते बुधवार कार सड़क दुघर्टना में घायलो के लिए महिला एसआई मसीहा सबित हुई समय रहते घायलों

को तुरंत सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया ।प्राप्त जानकारी अनुसार कार सवार विकास कुमार पुत्र संतराम ,सोनम पत्नी विकास ,संतराम पुत्र स्वर्गीय राम सिंह,शीला देवी पत्नी संतराम समस्त निवासी गण नई कॉलोनी कालागढ़ थाना कालागढ़ जिला पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड निवासी परिवार बिजनौर से रक्षाबंधन के पर्व मनाकर अपने निवास वापस



जा रहे थे गाव मुरलीवाला ओम इंटर कॉलेज के पास इनकी ऑल्टो कार UP21CE5165 अनियंत्रित होकर स्कूल की दीवार में से टकरा गई सूचना पाकर थाना कोतवाली प्रभारी हम्बीर सिंह के आदेश पर तत्काल मौके पर महिला उप निरीक्षक काजल तेवतिया पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंची और घायलों को पुलिस पीआरवी कर्मचारी द्वारा बिना108 एंबुलेंस के इंतजार किए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ उपचार हेतु भर्ती कराया गया है जिसमें दो महिलाओं के पैर में फ्रैक्चर हो गया घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए बहुत ही कम समय में पुलिस द्वारा घायलों अस्पताल पहुंच कर मदद की गंभीर अवस्था में दोनों महिलाओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया

## रेलवे बोर्ड के इतिहास में पहली बार महिला चेयरमैन

नई दिल्ली. सरकार ने बृहस्पतिवार को जया वर्मा सिन्हा को रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ एवं अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी. रेलवे बोर्ड, राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के लिए निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है. जया वर्मा ने रेलवे बोर्ड की सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में हाल में ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद जटिल सिग्नल प्रणाली के बारे में मीडिया को बताया था. इस हादसे में लगभग 300 लोगों की मौत हो गई थी. एक आदेश में कहा गया है, 'कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने जया वर्मा



सिन्हा, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास), को रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है.'

वह एक सितंबर या उसके बाद कार्यभार संभालेंगी और उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2024 तक होगा. सिन्हा एक अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाली हैं, लेकिन उनका कार्यकाल समाप्त होने पर इसे पुनः बढ़ाया जाएगा. इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पूर्व छात्र सिन्हा 1988 में भारतीय रेलवे यातायात सेवा में शामिल हुईं और उत्तर रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और पूर्वी रेलवे में काम किया.

उन्होंने चार वर्षों तक बांग्लादेश के ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग में रेलवे सलाहकार के रूप में भी काम किया. बांग्लादेश में उनके कार्यकाल के दौरान ही कोलकाता से ढाका तक चलने वाली मैत्री एक्सप्रेस का उद्घाटन किया गया था.

# सब पर भारी एक पनवाड़ी

## एक दो नहीं बल्कि एक हजार बहनो के भैया

**दैनिक समाज जागरण**

बैतूल, बैतूल गंज में पान की दुकान चलाने वाले जाति पनवाड़ी नही बल्कि पेशे से लोकप्रियता ऐसी कि बैतूल जिले के इतिहास में बीते एक दशक पहले या उसके बाद में जिले का कोई भी वर्तमान या भूतपूर्व सासंद , विधायक तक रक्षाबंधन पर एक हजार बहनो से राखी नहीं बंधवा सका है। उसकी लोकप्रियता पर दाग भी लगा और वह झूठे मामले में जेल भी गया लेकिन बहनो का अपने भाई पर से विश्वास नहीं टूटा। कई तो ऐसी भी बहने है जो अपने संग भाइयों की कलाई पर बाद में राखी बांधती है राजेन्द्र सिंह उर्फ केण्डू बाबा के हाथो में राखी बांधती है। हाथो पर मंगल टीका के संग सजने वाली राखियां जहां भाइयों को बहन के प्यार दुलार से भर देती हैं वहीं बहनों के स्नेह को और ज्यादा बढ़ा देती हैं। अटल सेना के केण्डू बाबा जिसे राखी बंधवाने के लिए एक हफ्ते तक शहर के हर वार्ड, गली, मोहल्ले में पहुंचना पड़ता है। लेकिन अब बहनों की बढ़ती तादाद को देखते हुए बकायदा टेंट लगाकर राखी बंधवाता है। इस बार बहनों ने उसे 551 फीट लंबी राखी कलाई पर बांध कर सजाई है। बैतूल गंज में गंज मंडी से लगी पान की दुकान के संचालक राजेन्द्र सिंह केण्डू बाबा ने इस राखी के त्यौहार पर श्री राम धर्मशाला में राखी बंधवाई। बीते 25 साल से बहनो से राखी बंधवाते केण्डू बाबा ऐसा नहीं है कि सिर्फ राखी को लेकर लोकप्रिय है। हर मोर्च पर डण्डा - झण्डा लेकर अपनी मुंह बोली बहनो की समस्याओ को लेकर जुलूस प्रदर्शन करने वाले राजेन्द्र सिंह नगर पालिका के पार्षद भी चुने जा चुके है। भाजपाई विचारधारा से आने वाले केण्डू बाबा की न सिर्फ हिन्दू बल्कि मुस्लिम महिलाएं भी इन्हें राखी बांधती हैं। बहनें इस रिश्ते को जिंदगी भर निभाने का वादा भी करती हैं। इन मुस्लिम महिलाओं का कहना है की भाई बहन के रिश्ते के आगे धर्म बड़ा नहीं होता। वे 8 सालो से अपने हिन्दू भाई को राखी बांधती आ रही हैं। शबाना परवीन बताती हैं कि इस भाई ने हमेशा सगे भाई से बढ़कर रिश्ता निभाया है। बुजुर्ग महिलाओं से लेकर बच्चों तक हर कोई अपने भाई केन्डू बाबा को राखी बांधता है। अपनी एक हजार से ज्यादा बहनों को हर बार राजेन्द्र सिंग नए अंदाज में गिफ्ट देते हैं। पिछले साल उन्होंने स्वच्छता का संदेश देने बहनों को डस्टबीन भेंट किए थे। जिससे उनकी बहनें अपने घर को साफ सुथरा रख सके। बीते साल हेलमेट देकर उन्होंने बहनों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया था। इस बार भी उन्होंने बहनों को हैंड बैग गिफ्ट किए है। जबकि इसके पहले वे सिलाई मशीन देकर महिलाओं को रोजगार से जोडड्ढे की पहल कर चुके है। साडिड्ढांए छतरीए लाइटरए पौधे वे अब तक बहनों को तोहफे में दे चुके हैं। इसके लिए वे साल भर अपनी मेहनत की रकम इस रक्षाबंधन के लिए इक्ठ्ठा कर रखते हैं। ताकि बहनों को भेंट दे सकें। बैतूल गंज इलाके में छोटी सी पानी की दुकान चलाने वाले राजेंद्रसिंह शुरूआत से ही समजसेवा जुड़े रहे हैं। वे साल 2005 में गंज इलाके के जवाहर वार्ड से पार्षद चुने गए। तो 2015 में जाकिर हुसैन वार्ड से पार्षद बने। 1999 से उन्होंने राखी बंधवाने की इस परंपरा की शुरूआत की। वे बताते हैं कि घर की समस्या कोई महिला ही समझ सकती हैं। समाजसेवा करते हुए कई महिलाएं उनके पास अपनी समस्या लेकर आती थी। वे हर संभव उन समस्या को सुलझाने का प्रयास करते रहे हैं। ऐसे में सम्मान और स्नेह का रिश्ता बहन भाई का पवित्र रिश्ता ही बहनों को उनसे जोड़े रखे हुए है। पहली राखी उन्होंने जाकिर हुसैन वार्ड फुलवंती बाई से बंधवाई थी। पहले वे घर घर जाकर राखी बंधवाते थे। राजेंद्र सिंह की दो सगी बहनें हैं जो महाराष्ट्र के नागपुर में रहती हैं। बैतूल में हजारों बहनों से राखी बनवाने के बाद राजेंद्र सिंह अपनी सगी बहनों से राखी बंधवाने महाराष्ट्र जाते हैं। पिछले 2018 से उन्हें सबसे लंबी राखी बांधने का चलन शुरू हुआ। महिलाओं ने 2018 में 501 फुट लंबी राखी तैयार की थी। जो हर साल बढ़ती ही जा रही है। इस बार महिलाओं ने 551 फीट की राखी तैयार की है। एक.एक राखी को जोड़कर यह राखी बनाई गई है जिसके लिए हर वार्ड गली मोहल्ले से राखियो को इक्ठ्ठा किया गया है। भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेई की फैन रहे राजेंद्र सिंह ने उन्ही के नाम पर साल 2007 में अटल सेना का निर्माण किया। यह सेना लोगों की समस्या उठाने और सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार और उसके अलावा महिला दिवस , मातृ दिवस , अटल जन्म दिवस ,जयंती जैसे आयोजन करती रही है। महिलाओ से जुड़े संगठनों में राजेंद्र सिंह खासे लोकप्रिय हैं। बात आंगनवाड़ी कार्यकताओं की समस्याओं की हो या फिर महिला रसोइयों के मानदेय का मामला हो। आशा कार्यकताओं की कोई समस्या हो या फिर स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की कोई दिक्कत हो। केन्डू बाबा हर मोर्चे पर उनके साथ डटे नजर आते हैं। वे महंगाई पर महिलाओं को रसोई चलाने में होने वाली समस्याओं को लेकर अक्सर विरोध प्रदर्शन करते नजर आते हैं।



# बैठकी "एजुकेशन हब-"कोटा बना सुसाइड फैक्ट्री" (भाग-2)

**दैनिक समाज जागरण**

कॉलबेल की आवाज सुनते हीं लपक कर दरवाजा खोला फिर क्या था!!बैठकी के सदस्य बैठक खाने में.....

ए सरजी, सुननी हाँ कि खाली अगस्त महिना में कोटा कोचिंग के छवगो लइका आत्महत्या क ले ले स! बचवन सब आत्महत्या मत करस, एकरा खातिर कोटा प्रशासन चाहे सरकार, कुछ उपाय करता कि ना!!-- मुखियाजी बैठते हीं अपनी चिंता रख दिये!





मुखियाजी, वहाँ बच्चे अक्सरहां या तो पंखे से लटककर या हास्टल की उंची मंजिलों से कूद कर आत्महत्या करते हैं! इसको ध्यान में रखकर प्रशासन ने, बच्चों के कमरे में स्प्रिंग लोडेड पंखें लगाने का निर्देश जारी किया है! इसमें पंखे पर 20 किलो से अधिक वजन आने पर पंखे का स्प्रिंग फैलकर नीचे आ जाता है!
आत्महत्या के मामले कम करने के लिए सरकार के निदेर्शानुसार दुसरे उपाय के तहत, हॉस्टलों में जाल लगाये गये हैं! ताकि ऊंची मंजिलों से कूदकर आत्महत्या रोकी जाय!--मास्टर साहब ने जानकारी रखी!

बच्चे आत्महत्या नहीं करेंगे तो क्या करेंगे!! बगैर रुचि के जबरन माता पिता, अपने बेटे को डाक्टर और आईआईटीएन बनाने के सपने का बोझ उनपर डालेंगे तो क्या होगा!! इसी का परिणाम है-आत्महत्या!!-- डा. पिंटू हाथ चमकाये!

मास्टर साहब, हमने सुना कि प्रशासन ने रुटीन एक्जाम दो महिनों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया है! इसके अलावे, रविवार और सोमवार को भी कोई टेस्ट नहीं होगा ! कोचिंग संस्थान, हर पचास बच्चों पर मनोविशेषज्ञ की नियुक्ति करेगा और कोचिंग की पढ़ाई शुरू करने से पहले योगा या मेडिटेशन कराया जायेगा! टेस्ट का रिजल्ट व्यक्तिगत रूप से बताया जायेगा न कि सामूहिक रूप से! अगर कोई छात्र तय समय से पहले कोचिंग छोड़ता है तो बाकि फीस संस्थान छात्र को लौटायेगा!--पारसनेता भी जानकारी रखे!

ए सरजी! ये जो प्रशासन ने प्रयास किया है वो अलग बात है लेकिन आत्महत्या के कारणों के जड़ को सुधारना अधिक जरुरी है!
मेरे ख्याल से बच्चों के आत्महत्या के पिछे कई कारक हैं जैसे-- हीनभावना, बदला परिवेश, अकेलापन, भावनात्मक लगाव की कमी, जीवन की अन्य घटनायें!
कहने का तात्पर्य है कि अगर सिर्फ एक चीज पर ध्यान देंगे तो वो है बच्चे का मानसिक तनाव!-- उमाकाका बहुत सटीक तथ्य रखे!




इसबीच बेटी चाय का ट्रे टेबल पर रख गई और हम सभी एक एक कप उठा लिये......

देखिये, माता पिता अपने बच्चे की क्षमता और रुचि पर ध्यान नहीं देकर, कोटा भेज देते हैं और चूंकि माता पिता के अरमानों का बोझ बहुत अधिक होता है और जब बच्चा को एहसास होता है कि वह उनके उम्मीदों परखरा नहीं उतर पा रहा तो उसे अपनी जान देना अधिक आसान दिखता है!--कुंवरजी ने अच्छा प्वाइंट रखा!
मेरे ख्याल से कोचिंग संस्थान भी कम जिम्मेदार नहीं हैं !ये पैसा कमाने की मशीन बन चूकें हैं! इन्हें इसकी परख भी करनी चाहिए कि परीक्षार्थियों में दबाव सहने की कितनी क्षमता है!! विभिन्न परीक्षाओं के रिजल्ट नोटिस बोर्ड पर नहीं चिपकाना चाहिए! कम अंक पाने वाले सार्वजनिक तौर पर अपने को जलील होता अनुभव करते हैं! एक तो परिवार का दबाव दुसरे कम अंक आने की हताशा, उन्हें तोड़कर रख देती होगी!--पारसनेता ने सही कहा!



देखिये उधर कोचिंग अर्थव्यवस्था का तेजी से विकास हो चला है! सरकार को इनपर नजर रखनी चाहिए! सिर्फ कोचिंग संस्थानों पर हीं नहीं बल्कि मकान मालिकों और हॉस्टलों पर भी! क्योंकि ये भी बहुत मनमानी करने लगे हैं!

राज्य सरकार ने आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एक कमेटी का गठन किया है जिसने इन संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए एक कानून बनाने की सिफारिश की थी लेकिन वो ठंढे बस्ते में दफन है!
कोटा की पुरी अर्थव्यवस्था हीं अब कोचिंग पर टिकी है जबकि यहाँ बुनियादी ढांचे की कमी है! राज्य सरकार को इनपर नजर रखे ताकि ये कोचिंग संस्थानों को लूट मचाने का मौका न मिले साथ साथ अभिभावकों को भी अपने बच्चों की क्षमता का ख्याल रखना होगा!--मैंने भी बहस में अपनी हिस्सेदारी निभाई!

सरजी, एक बच्चे की आत्महत्या से पुरा परिवार बिखर जाता है! इससे सिर्फ परिवार की हीं क्षति नहीं होती बल्कि समाज और राष्ट्र को भी क्षति होती है! अतः ऐसे गंभीर विषय को यूँ हीं नहीं छोड़ा जा सकता!
कहा गया है कि "स्वस्थ्य शरीर में हीं स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है"! जबकि उनके वहाँ की दिन रात की रुटीन समझने के बाद स्पष्ट है कि उन्हें शारीरिक खेल और मनोरंजन का वक्त हीं नहीं दिया जाता! ये शारीरिक मनोरंजन,जहाँ एक ओर इन बच्चों को अकेलेपन से मुक्ति दिलायेगा वहीं नये स्फूर्ति के साथ अध्ययन की ओर भी आकर्षित करेगा! वैसे भी इस उम्र का तकाजा भी होता है!--मास्टर साहब ने अपना विचार रखा!

ए सरजी, रउवो कुछ कहबी!!--मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

मुखियाजी, जैसा कि उमाकाका ने इशारा किया है! हमें बच्चों की उन सारी स्थितियों, परिस्थितियों का गहन अध्ययन करके, इन बच्चों को जो, कल के देश के कर्णधार बनने वाले हैं, ऐसी विषम परिस्थितियों से मुक्ति दिलाने का सार्थक कदम, सरकार के साथ साथ सभी बुद्धिजीवी वर्ग को भी एक मंच पर आकर करने की घोर आवश्यकता है! कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले, हमारे बच्चों को तनाव मुक्त रखने की व्यवस्था, वहाँ एडमिशन सत्र आरम्भ होने के पूर्व हीं करने की नितांत आवश्यकता है! आत्महत्या के मूल में, वर्तमान और भविष्य को लेकर उपजा तनाव हीं तो है!!! इसके साथ हीं ऐसी व्यवस्था बनाई जाय जिसमें कोचिंग संस्थानों में एडमिशन से पूर्व, माता पिता को उनकी और बच्चे की क्षमता के संदर्भ में सही सलाह दे सके !अच्छा आज यही विराम दिया जाय!-- यह कहकर मैं उठ गया और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!! समाप्त



प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

## *झूठे बोल अमीर के जी हाँ जी हाँ होय*

कही जो बात गरीब ने सत्य न माने कोय,
झूठे बोल अमीर के जी हाँ, जी हाँ होय।

मान नहीं इंसान का धन पद का है होत,
सत्य झूठ की जाँच भी धन पद से ही होत।

सर्दी गर्मी देखकर वस्त्र बदलते लोग,
हर स्थित के वस्त्र हों ऐसा हो संयोग।

ऐसी मजी प्रभू की किंचित भी जो होय,
होनी तो होकर रहे अनहोनी क्यों होय।

भाग्यवान वे होत हैं जो क्षमा कर देत,
पाकर जिन्हें पराये हैं अपने बन जात।

भाग्यहीन जो होत हैं, अहंकार होय जात,
अपने ना अपने रहत सब पराये होय जात।

ईंटें पत्थर से बना घर लेना सहज दिखात,
मकान को घर बना लें है मुश्किल दिखात।

घर बनाने के लिये प्रेम की ईंटे चाहिये,
त्याग का गारा, सहिष्णु होना चाहिये।

चाहे कोई झूठ हो या मन में हो मैल,
रिश्ते जाते दरक हैं फेल होत है खेल।

आदित्य चतुराई भरी, है समक्ष आ जात,
ऐसी बातें कभी भी हैं ना हीं छिप पात।

## मैं और मेरी किताबें

--------------------

मैं और मेरी किताबें अक्सर ऐ बातें करते हैं कि किताबें ना होती तो मेरा क्या होता। शायद क्या मेरा ज्ञान अधूरा रहता! तुम ना होती तो शायद क्या मेरा अस्तित्व भी ना होता! इसी कश्मकश में अक्सर रहती हूं मैं!...........

एक दिन किताब को हाथ में लिए लिए अचानक ख्याल आया कि यदि ऐ किताबें ना होती तो क्या होता। मैं कैसे समझ पाती इस जीवन को जिस ज्ञान की वजह से आज मैं इस मुकाम पे हूं इस ज्ञान को कैसे पाती मैं! ऐ किताबें अपना सबकुछ हमें दे देतीं हैं। ऐ किताबें हमारे हमारे लिए प्रेरणा का अथाह सागर होती हैं। जिनको पढ़ हम ज्ञान की प्राप्ति करते हैं। किताबें हमारे जीवन का आधार होती हैं। हमारे जीवन के हर कदम पर हमारा साथी बन हमारे साथ चलती हैं। एक पुस्तक हमें कुछ देती ही है लेती नहीं। ज्ञान, विज्ञान, देश, विदेश, काव्य, महाकाव्य पूरे ब्राह्मांड की जानकारी हमें किताबों से मिलती है। इतिहास और भूगोल के दृष्टिकोण से देखा जाए तो तमाम महापुरुषों की कहानियां जो जीवन में प्रेरणा बनती हैं हमें किताबों से ही तो मिलती हैं। हमारी भौगोलिक स्थिति, जलवायु कृषि आदि सभी की जानकारियां हमें किताबों से ही मिलती है। ऐ किताबें बच्चों से लेकर बड़ों तक, प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक, जीवन के हर मोड़ पर हर उम्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
वक्त चाहे जितना आगे बढ़ जाए किताबें सदेव जरूरी थी और आगे भी रहेंगी। हे पुस्तक तुमने संपूर्ण मानवता और सृष्टि को समाहित किया है। वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को तुमने साकार किया, आज तुम्हें पढ़कर हर मनुष्य अपने क्षेत्र में सफल और सक्षम है।

"हूं अधूरी मैं तुम बिन एकदम अज्ञानी"
"किताबें ही बयां करती हैं प्रतिमा की कहानी"

प्रतिमा उपाध्याय (राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक)
प्रधानाध्यापिका-प्राथमिक विद्यालय अमृतपाली
**(विखं-दुबहड़ बलिया)**

# त्वचा को रखें जवां हॉट चॉकलेट मसाज से

**दैनिक समाज जागरण**

हॉट चॉकलेट मसाज को लक्स्युरियस बताकर मसाज के कई शौकीन भी इससे दूरी बनाते हैं लेकिन इसको नियमित रूप से करवाने वाले बता सकते हैं कि चॉकलेट को खाने से ज्यादा इसकी मसाज के अनगिनत फायदे आपको न केवल तरोताजा करते हैं बल्कि आपकी त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे देश में इसका आगमन विदेशों से हुआ है, लेकिन अब भारत में भी इसका चलन काफी बढ़ रहा है, खासकर त्वचा और फिटनेस को लेकर सजग युवाओं में। सामान्य तौर पर चेहरे की त्वचा के लिए अनगिनत मास्क, पैक इस्तेमाल किये जाने का चलन है लेकिन हम भूल जाते हैं कि बाकी शरीर की त्वचा की देखभाल भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। इस उद्देश्य के लिए आज तरह तरह की मसाज देने वाले अनगिनत स्पा और सलून मौजूद हैं, जहां अपने चुनाव अनुसार जा सकते हैं और मसाज करवा सकते हैं। समझना होगा कि बाकि शरीर पर मसाज त्वचा के साथ साथ मांसपेशियों और मस्तिष्क तक पर सकारातमक असर डालता है। इसी कड़ी में हॉट चॉकलेट मसाज का ट्रेंड बेहद गुणकारी है। तो जानिये इसके गुणकारी फायदे साथ ही हफ्ते से 15 दिन में एक बार हॉट चॉकलेट मसाज के इस रिचुअल को अपनाएं और तरोताजा हो जाएंरू-
हॉट चॉकलेट में मौजूद होते हैं नेचुरल ऑयल्स- हॉट चॉकलेट में नेचुरल ऑयल्स मौजूद होते हैं जो त्वचा को गहराई तक मोइश्चोराइज करता है और तरोताजा करता है। खासतौर पर सर्दियों में त्वचा लगातार रूखी होती रहती है ऐसे में त्वचा को मोइश्चोराइज करते रहने की जरूरत पड़ती है, हॉट चॉकलेट मसाज बेहतरीन विकल्प है जो त्वचा को अन्दर तक मोइश्चोराइज करता है।

**होती हैं झुर्रियां कम-**
चॉकलेट में भरपूर मात्रा में हाई एंटी-ऑक्सीडेंट होता है जो त्वचा को निखारता है और झुर्रियां कम करने में भी मदद करता है। ऐसे में होत चोकोलते मसाज को नियमित रूप से किया जाना त्वचा को जवान बनाए रखने में मदद करता है।
तनाव रखता है दूर
हॉट चॉकलेट मसाज की गर्म सौंधी महक में तकरीबन डेढ़ से 2 घंटे का रेलैक्सेशन, और इससे सामान्य होता रक्त संचार आपकी हफ्ते भर की थकान दूर करने की ताकत रखता है और मानसिक तनाव में भी फायदेमंद होता है। आपकी भाग दौड़ भरी जिन्दगी में हॉट चॉकलेट मसाज बहुत गुणकारी विकल्प है।

**मांसपेशियों होतीं हैं रिफ्रेश**
- हालाँकि यह बात लगभग सभी तरह की मसाज पर लागू होती है, हॉट चॉकलेट मसाज करने से त्वचा के साथ साथ मांसपेशियां भी तनावमुक्त होतीं हैं और एक्टिव हो जातीं हैं, ऐसे में आप अपने डेली रूटीन में सामान्य रूप से अधिक एक्टिव रहेंगे।
त्वचा को अन्दर तक करता है साफ- हॉट चॉकलेट मसाज की प्रक्रिया में चॉकलेट मसाज के सॉलिड मटेरियल को पीसकर गर्म करके पिघलाकर त्वचा पर अप्लाई किया जाता है, फिर मसाज हो जाने के बाद हटाया जाता है, इस प्रकिया में बहुत मात्रा में डेड स्किन निकलती है और त्वचा अन्दर तक साफ होती है।
रक्तसंचार होता है सामान्य- हॉट चॉकलेट मसाज की प्रक्रिया में त्वचा रिफ्रेश होने के साथ साथ रक्त संचार भी सामान्य करने में मदद मिलती है जिससे कई बीमारियों का भी जोखिम कम होता है और आप सामान्य रूप से एक्टिव भी रहते हैं।
युवाओं के लिए खास लाभ- डॉक्टर गौरव जैन, सीनियर कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशेलिटी अस्पताल, नई दिल्ली के अनुसार- शहरी जीवनशैली को देखते हुए खासतौर पर युवाओं को इस ओर रुख करना चाहिए। शारीरिक और मानसिक थकान बेहद होती है और जिसे दूर करने के लिए हर कोई अलग अलग तरह के उपाय अपनाता है इसी कड़ी में कई बार बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवाएं लेने के साथ साथ नशे की लत तक शामिल है। अच्छा है कि विकल्प के रूप में समय निकाल कर यही निवेश हॉट चॉकलेट मसाज करवा कर इस थकान के साथ साथ तनाव दूर किया जाय। क्योंकि समाज के वर्ग को बहुत मानसिक और शारीरिक श्रम करना होता है, इसलिए इनके लिए बेहतर विकाप भी होने चाहिए।

**हॉट चॉकलेट मसाज लेते समय दें इन बातों का विशेष ध्यान-**
ड्ट किसी अच्छे सलून या पार्लर के किसी पेशेवर से ही करवाएं, क्योंकि मसाज का त्वचा व मांसपेशियों को होने वाले फायदे मसाज करने के तरीके पर भी निर्भर करते हैं। इसलिए जरूरी है कि खासतौर पर इस मसाज को खुद घर पर अप्लाई करने के बजाय पेशेवर के हाथों से करवाएं।
ड्ट यह सावधानी हरेक मसाज में लाने की जरूरत है। अक्सर अधिक फायदा पहुँचाने के उद्देश्य से बहुत टाईट हाथ से मसाज की जाती है लेकिन इसका असर बिलकुल उलट होता है, इससे त्वचा पर झुर्रियां पड़ने का जोखिम होता है साथ ही मांसपेशियों को भी नुकसान पहुँचता है। इसलिए हल्के हाथों से मसाज करवाएं और रिलैक्स करें।
ड्ट क्योंकि हॉट चॉकलेट मसाज से त्वचा मोइश्चोराइज होती है और मांसपेशियों को को भी आराम मिलता है, ऐसे में शरीर को तुरंत धूप या हवा में न लाएं, न ही तुरंत सामान्य दिनचर्या में लग जाएँ। भरपूर मात्रा में रिलैक्स करें, आराम करें ताकि मसाज का गुणकारी असर लंबे समय तक रह सके।
ड्ट हॉट चॉकलेट के रूप में अप्लाई होने वाले मटेरियल की अच्छी तरह से जांच कर लें। क्योंकि बाजार में परोसे जाने वाला नकली मटेरियल त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।
ड्ट हॉट चॉकलेट मसाज लेने से पहले अपनी त्वचा की स्वच्छता को अच्छी तरह से सुनिश्चित कर लें। किसी अच्छे स्क्रब से त्वचा को साफ करके मसाज के लिए रेडी होएं।
ड्ट सबसे अहम बात, हॉट चॉकलेट मसाज में इस्तेमाल किये जाने वाला मटेरियल आम चॉकलेट की तरह बिलकुल भी खाने योग्य नहीं होता है, इसमें चॉकलेट मड के साथ एसेंशियल ऑयल्स मिक्स होते हैं, जो खाने योग्य कतई नहीं होता, और न ही खाई जाने वाली चॉकलेट को इसी उद्देश्य के लिए त्वचा पर अप्लाई करें।



विनीता झा

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया देखेगी 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' का जलवा

## देश के 'फूड बास्केट' के तौर पर विख्यात उत्तर प्रदेश अब इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए पूरी दुनिया तक पहुंचाएगा अपने खाद्य व कृषि उत्पादों की धमक

**-21 से 25 सितंबर के मध्य ग्रेटर नोएडा के 'इंडिया एक्सपो सेंटर व मार्ट' में आयोजित हो रहे इस मेगा ट्रेड शो में प्रदेश समेत देशभर की प्रमुख फूड, डेयरी व एग्रो कंपनीज लेंगी हिस्सा**

**-इन कंपनीज को न केवल वृहद वैश्विक बाजार तक अपने प्रोडक्ट्स ट्रेड शो के जरिए शोकेस करने का मिलेगा मौका बल्कि इससे उत्तर प्रदेश में बन रहे उत्पादों को भी मिलेगी वैश्विक पहचान**

लखनऊ, 31 अगस्त। देश के 'ग्रोथ इंजन' के तौर पर अपनी भूमिका को विस्तार देता उत्तर प्रदेश न केवल 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनने की ओर तेजी से प्रयासरत है, बल्कि वैश्विक पटल पर 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' के तौर पर भी अपनी पहचान को भी पुख्ता कर रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश कृषि व खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे में, जब 21 से 25 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर व मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन होने जा रहा है तो यह निश्चित है कि इस मेगा ट्रेड शो में फूड, डेयरी और एग्रो सेक्टर से जुड़ी व प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली कंपनियों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा। इस ट्रेड शो में यूं तो पूरी दुनिया से ही सभी क्षेत्रों की तमाम दिग्गज कंपनियां हिस्सा लेंगी मगर खास तौर पर उत्तर प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली फूड, डेयरी व एग्रो बेस्ड कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे न केवल ये कंपनियां उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग का हिस्सा बनेंगी बल्कि व्यापक वैश्विक बाजार तक इन कंपनियों के प्रोडक्ट्स की पहुंच का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा।

कई बड़ी कंपनियां दर्ज कराएंगी उपस्थिति

इस मेगा ट्रेड शो में एग्रो, फूड व डेयरी बेस्ड जिन कंपनियों की व्यापक उपस्थिति रहने वाली हैं उनमें पतंजली, हल्दीराम, प्रिया गोल्ड, बिकानेरवाला, वैद्यनाथ, रिचुअल फूड्स, फ्रेश फूड्स, ऑगस्टिया फूड्स, इंडियन बी कीपर श्री गिरिजा, पारस, अमूल, प्राइम फूड्स, ज्ञान डेयरी, क्रीमी फूड फेयर एक्सपोर्ट व अन्य प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य, कृषि व डेयरी उत्पादों से संबंधित ग्रामीण, लघु व कुटीर उद्योगों को भी ट्रेड शो में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, खाद्य प्रसंस्करणों से जुड़े विभागों, लॉजिस्टिक्स-वेयरहाउसिंग, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी व अन्य प्रमुख विभागों से संबंधित स्टॉल्स भी ट्रेड शो में व्यापक उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनमें से कई ने अभी से अपने स्टॉल्स को बुक करा लिया है जबकि कई अन्य संबंधित प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इसके अलावा, ओडीओपी समेत खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जीआई टैगिंग प्राप्त प्रोडक्ट्स को भी बड़े स्तर पर ट्रेड शो में शोकेस किया जाएगा।

### स्वाद से लेकर मैनेजमेंट फंडा भी होगा फूड ओरिएंटेड

खास बात यह है कि इस ट्रेड शो में चाहें बात परोसी जाने वाली कुजीन्स की हो या फिर मैनेजमेंट फंडे की, फूड हर जगह छाया रहेगा। ट्रेड शो में डिग्नीट्रीज को जो पकवान परोसे जाएंगे उनमें उत्तर प्रदेश की विरासत और श्रीअन्न का गुणवत्तापरक स्वाद मुख्य भूमिका निभाएंगे। प्रदेश के उन भोज्य पदार्थों को ट्रेड शो में आने वाले लोगों को परोसा जाएगा जो उत्तर प्रदेश की पहचान हैं। इसके अलावा, यहां आयोजित होने वाले सेशंस में एक सेशन तो केवल मुंबई के डिब्बेवालों की सक्सेस जर्नी को ही समर्पित है। आईईएमएल के डॉ. पवन अग्रवाल मुंबई के डिब्बावालों की सक्सेस जर्नी, उनकी लॉजिस्टिकल सप्लाई मैनेजमेंट, सप्लाई चेन व टाइम मैनेजमेंट के प्रिंसिपल्स से जुड़े फैक्टर्स व केस स्टडी साझा करेंगे। इससे सेशन में शामिल होने वाले लोगों को डिब्बेवालों के उदाहरण के जरिए मैनेजमेंट फंडा के कई अहम तथ्य सीखने को मिलेंगे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पहली बार निकाली जाएगी शोभायात्रा

**शोभायात्रा में मथुरा- वृंदावन के कलाकार और मंडली होगी शामिल**

**- श्री कृष्ण जन्मस्थान से प्रारंभ होगी 3 किमी लंबी शोभायात्रा**

**- शहर के प्रमुख मार्गो- चौराहों होगी आकर्षक लाइटिंग और सजावट**

**- शहर में 17 स्थान पर बनाए जाएंगे सेल्फी प्वाइंट और मंच**

31 अगस्त, मथुरा। योगी सरकार में इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन और ब्रज तीर्थ विकास परिषदे ने वृहद स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पहली बार श्री कृष्ण जन्म स्थान से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के प्रमुख मार्गो, चौराहों आकर्षक लाइटिंग और सजावट की जाएगी। इसके साथ ही 17 स्थान पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। शोभायात्रा की तैयारियों के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद से जुड़े अधिकारियों ने बैठक करे रूपरेखा बनाई।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मस्थान से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सुबह 8 बजे से शुरू होगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए दोपहर करीब 12 बजे वापस श्री कृष्ण जन्म स्थान पहुंचेगी। शोभायात्रा के लिए व्यवस्था निर्धारित करने को लेकर ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय पर एक बैठक की गई। बैठक में सबसे पहले शोभायात्रा का रूट तय किया गया। शोभायात्रा श्री कृष्ण जन्मस्थान के मुख्य द्वार से शुरू होकर पोतरा कुंड, महाविद्या कॉलोनी, गोविंद नगर थाना के सामने से होते हुए, मथुरा-वृंदावन रोड, डीग गेट से निकलकर वापस श्री कृष्ण जन्मस्थान के गेट संख्या 1 पर पहुंचेगी। करीब 3 किलोमीटर में निकलने वाली इस शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे।

ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र प्रताप ने बताया कि शोभायात्रा पूरी गरिमा और भव्यता के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा में जो कलाकार, मंडली शामिल हों वह क्रम से आगे बढ़ें। पहले ही सभी कलाकार और मंडलियों के नाम फाइनल कर लिए जाएं। शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जो समाजसेवी कलाकारों को स्वल्पाहार कराएं, वह बंद डिब्बों में ही दें। जिसके साथ ही शोभायात्रा आगे बढ़ती रहे और पीछे सफाई होती रहे। कचरे को तत्काल एकत्रित कर हटाया जाए। शोभायात्रा में मान मंदिर बरसाना से 50 बच्चे शामिल होंगे। मान मंदिर बरसाना के संते ब्रजराज उर्फ सुनील सिंह ने बताया कि 50 बच्चे भगवान का कीर्तन करते हुए चलेंगे। इसके अलावा खायरा गांव से 25 कलाकारों का दल भगवान के जन्म की खुशी में प्रस्तुति देगा। वृंदावन से गौडिया संप्रदाय की संकीर्तन मंडली भी शोभायात्रा में शामिल होगी।

सीईओ नागेंद्र प्रताप ने बताया कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव में सजावट का खास ध्यान दिया जा रहा है। श्री कृष्ण जन्मभूमि, द्वारकाधीश मंदिर, दाऊजी मंदिर बलदेव, राधा रानी मंदिर बरसाना, नंद बाबा मंदिर नंदगांव, श्री बांके बिहारी मंदिर, रंगनाथ मंदिर, प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर, अक्षय पात्र, वृंदावन व अन्य मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जाएगा। इसके साथ शहर के 12 प्रमुख मार्गों, 18 प्रमुख चौराहों और घाटों पर आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। 15 चौराहों और इससे जुड़े मार्गों पर बंगाली क्लॉथ और प्रॉप्स से सजावट होगी। इसके अलावा 17 स्थान पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। मथुरा में 17 स्थान पर छोटे मंचों का निर्माण किया जा रहा है। यहां स्थानीय कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीला की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। मंचों पर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का भी चयन हो चुका है। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सुखद स्मृतियां यहां से अपने साथ लेकर जाएं। वहीं शोभायात्रा का समन्वयक जिला पर्यटन अधिकारी डीके शर्मा को बनाया गया। बैठक में रामलीला सभा से जयंती अग्रवाल, समाजसेवी प्रमोद गर्ग, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी जेपी पांडे, उमेश चंद्र शर्मा, दिनेश खन्ना, एस के शर्मा,आरपी सिंह यादव, दूधनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रामभक्तों को अयोध्या दर्शन कराएंगी इलेक्ट्रिक बसें

**- अयोध्या में सितंबर माह से प्रारंभ हो सकती है ई-बस सेवा**

**-अयोध्या में संचालित किया जाएगा 25 इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा**

अयोध्या, 31 अगस्त। प्रभु श्रीराम की नगरी में जैसे-जैसे भव्य मंदिर निर्माण कार्य हो रहा है, वैसे-वैसे देश-विदेश से रामभक्तों की भारी भीड़ लगातार अयोध्या आ रही है। ऐसे में मंदिर निर्माण पूरा होते ही यहां प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश विदेश से अपने आराध्य श्री राम का दर्शन करने के लिए आएंगे। अयोध्या आने के लिए उनको सुगम मार्ग उपलब्ध हो इसके लिए जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व राम पथ का निर्माण प्रगति पर है। निमार्णाधीन पथों पर यात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए योगी सरकार शीघ्र ही ई -बस सेवा प्रारंभ करने जा रही है। मतलब यह कि इन पथों के निर्माण के पहले अयोध्या धाम में ई-बस सेवा की शुरूआत हो जाएगी। शासन ने अयोध्या सहित प्रदेश के विभिन्न तीर्थो के लिए योजना बनाई है। इस व्यवस्था का संचालन करने के लिए शासन स्तर पर ही इलेक्ट्रिक बसों के क्रय की प्रक्रिया की जानी है।

शासन स्तर पर पूरे प्रदेश के लिए एक साथ ई-बसें क्रय की जाएंगी। अयोध्या नगर निगम की ओर से संचालित की जाने वाली इस योजना को लेकर एडीए के वीसी व नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि शासन स्तर से 25 इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि यह बसें सितम्बर माह में अयोध्या नगर निगम को मिलने की उम्मीद है। इन बसों के वर्कशाप एवं चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का जिम्मा उत्तर प्रदेश जल निगम की सीएण्डडीएस यूनिट - 44 को दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्कशाप / डिपो के निर्माण के अलावा चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए चयनित एजेंसी को साढ़े 12 करोड़ की राशि आवंटित कर दी गयी है।

**पहले भी अयोध्या नगर में हो चुका है ई-बस सेवा का ट्रायल**

अयोध्या में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए चैत्र रामनवमी मेला के दौरान ट्रायल किया गया था। इसके लिए लखनऊ डिपो से बसें यहां भेजी गयी थी। इसके साथ व्यवस्था की देखरेख के लिए लखनऊ से ही एआरएम समेत आधा दर्जन कर्मचारियों को भी अस्थाई रूप से तैनात किया गया था। इन बसों की चार्जिंग के लिए हाइवे पर स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डे के परिसर में ही चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था। यद्यपि राम पथ के निमार्णाधीन होने के कारण इनका संचालन शहर के बाहर ही किया गया। शासन की ओर से संचालित इलेक्ट्रिक बसों को फिलहाल निःशुल्क ही नौ दिनों तक चलाया गया था। बस संचालन की सफलता के बाद यह निर्णय लिया गया था कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण व निमार्णाधीन पथों का निर्माण पूरा होने के साथ ही अयोध्या नगर में बाहर से आने वाले राम भक्तों को अयोध्या दर्शन करने के लिए ई-बस सेवा उपलब्ध ही कराई जाय।

# यूपी के आलू का विदेशों में बज रहा डंका



**-उत्तर प्रदेश की उपजाऊ मिटटी की यह उपज लगातारे विदेशों में हो रही है लोकप्रिय**

**-अलीगढ़े का 29 मीट्रिक टन आलू पहली बार भेजा गया गुयाना, दक्षिण अमेरिकी देशों तक भी संभव हुआ प्रसार**

**-निर्यात से बिचौलियों को हटाकर योगी सरकार अन्नदाताओं की आय दोगुनी करने में जुटी**

**-अलीगढ़ क्षेत्र में एपीडा आलू के लिए कृषि निर्यात केंद्र स्थापित करने की दिशा में भी प्रयास**

समाज जागरण

वाराणसी, 31 अगस्त। उत्तर प्रदेश की उपजाऊ मिटटी की उपज लगातारे विदेशों में लोकप्रिय हो रही है। इसी का उदाहरण है अलीगढ़ का आलू जिसका स्वाद दक्षिण अमेरिका के गुयाना देश के लोग भी अब चख पाएंगे। अलीगढ़े का आलू पहली बार गुयाना गया है। स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का किसानों की आय दोगुनी करने का सपना तेजी से साकार हो रहा है। किसान उद्यमी बनाने के साथ ही निर्यातक भी बन रहे है। परिणामस्वरूप,अलीगढ़ का 29 मीट्रिक टन आलू किसानों के समूह एफपीओ के माध्यम से गुयाना के लिऐ एक्सपोर्ट हुआ है।

**किसान खुद बन रहे निर्यातक**

बिचौलियों को बीच से हटाकर योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी कर रही है। किसान एफपीओ के माध्यम से एक्सपोर्टर बन रहे है। वाराणसी स्थिते एपीडा के क्षेत्रीये कार्यालय के उप महाप्रबंधक डॉ सी.बी.सिंह ने बताया कि अलीगढ़ का आलू कमर्शियल तौर पर पहली बार दक्षिण अमेरिका के गुयाना गया है। 29 मीट्रिक टन आलू समुद्री मार्ग से भेजा गया है। इस खेप के लिए आलुओं की खरीद अलीगढ़ के स्थानीय एफपीओ से किया गया है एवम अलीगढ़ स्थित कोल्ड स्टोरेज में पैक किया गया है। अलीगढ़ क्षेत्र में आलू उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए एपीडा आलू के लिए कृषि निर्यात केंद्र स्थापित करने की तैयारी में पहल कर रही है।जिसके बाद अलीगढ और आप पास के अन्नदाताओं के साथ ही अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर खुलेंगे।

एफपीओ को बढ़ावा देने पर फोकस

डबल इंजने की सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा में किसानों के समूह एफपीओ को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशिक्षण ,क्षमता संवर्धन आदि कई कार्यक्रमों समय समय परे आयोजित करती रह रही है। उत्तर प्रदेश में एपीडा के सार्थक पहल के बाद, कोमालिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सीधे निर्यात से जोड़ा गया है। क्षमता अवसंरचना बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों और एफपीओ को वित्तीय सहायता का प्रावधान भी किया गया है। एपीडा देश-विशिष्ट निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रम के लिए रणनीति तैयार कर रहा है और नए बाजारों में निर्यात क्षमता का दोहन करने के लिए यूरोपीय संघ के देशों, मध्य पूर्व और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

# प्रदेश सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करें प्रबुद्धजन: सीएम योगी

**बलरामपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजनों के साथ किया संवाद**

**प्रबुद्धजनों से सीएम की अपील, समाज कल्याण के काम में सरकार की करें मदद**

**कार्यक्रम में डॉक्टर, शिक्षक, किसान, स्वयं सहयता समूह की महिलाओं और खिलाड़ियों समेत 25 लोग रहे उपस्थित**

**सीएम ने देवीपाटन मंदिर में की पूजा-अर्चना एवं रूद्राभिषेक, गौशाला में गायों को खिलाया गुड़ और चारा**

बलरामपुर/लखनऊ, 31 अगस्त। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार ने जनपद बलरामपुर के दौरे के दूसरे दिन देवीपाटन मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही



सीएम ने गौशाला में गायों को गुड़ और चारा भी खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करते




हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, उन्हें चिन्हांकित किया जाए। शासन स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी डॉक्टर्स, प्रोफेसर एवं अन्य प्रबुद्धजन अपनी योग्यता का लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी दो दिन के बलराम दौरे पर पहुंचे हैं। 30 अगस्त की रात यहीं आराम करके वो सुबह देवीपाटन मंदिर पहुंचे।

### आमजन तक जरूर पहुंचाएं अपनी विशेषज्ञता का लाभ

विभिन्न वर्गो के प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करते हुए सीएम योगी ने उनसे आग्रह किया कि वो जिस भी फील्ड के विशेषज्ञ हैं, उसका लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने डॉक्टरों से संवाद करते हुए कहा कि वो प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए भी जन कल्याण का कार्य करते रहें। जो लोग भी जरूरतमंद हैं, उनकी मदद करें। जिस किसी को भी इलाज में सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता हो, उसके लिए प्रयास करें। शासन की ओर से जन आरोग्य, आयुष्मान समेत तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं, इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आप अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी मुख्यमंत्री ने अपील की कि वो न सिर्फ सरकार की योजनाओं का प्रचार करें, बल्कि अन्य लोगों को भी जोड़ें। इसके अतिरिक्त सीएम ने रिटायर्ड शिक्षकों, प्रोफेसर्स, किसानों, एफपीओ से जुड़े लोगों एवं खिलाड़ियों समेत सभी 25 प्रबुद्धजनों को अपने-अपने स्तर पर समाज में योगदान देने और सरकारी योजनाओं के संबंध में प्रचार करने का

### मंदिर में की देवी अराधना, गौशाला में गायों को किया दुलार

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर में देवी की अराधना की। इस दौरान सीएम ने रूद्राभिषेक में भी भाग लिया। इसके बाद वो गौशाला पहुंचे



और यहां गायों को दुलार किया और गुड़ व चारा खिलाया। स्थानीय प्रशासन ने सीएम के दौरे को देखते हुए मंदिर के रास्ते पर कड़ी सुरक्षा का बंदोबस्त किया। मंदिर के आसपास के हर रास्ते पर पुलिस का कड़ा पहरा था।

# आंखों का चेकअप कैम्प खुरला खिंगरा में UCHC जालंधर में लगेगा ।

जालंधर/पंजाब : डॉ राहुल जामवाल 8 सितंबर 2023 को आंखों का चेकअप कैम्प UCHC खुरला खिंगरा जालंधर में लगाया जा रहा है। जिन मरीजों की आंखों में मोतिया बिंद की समस्या पायी जाएगी उनका आपरेशन सिविल हॉस्पिटल जालंधर में किया जाएगा।




# खजराना गणेश की राखी पर बनी "दुनिया" दर्शाएगी भारत की उपलब्धियों को

**इन्दौर मध्यप्रदेशरुचंद्रकांत सी पूजारी**

ड्ड 3 माह से दिन-रात एक कर पुण्डरिक पालरेचा एवं उनकी टीम ने राखी पर नक्काशी कर भारत की उपलब्धियों को बताया 5- 30 से 40 कलाकारों ने खजराना गणेश सहित इन्दौर के 10 से अधिक अति प्राचीन मंदिरों की राखी भी तैयार की - उज्जैन महाकाल एवं चिंतामण गणेश को भी चढ़ेगी राखी, 24 से 36 इंच की राखियों में भारत की उपलब्धियों को दशार्या

इन्दौर। खजराना गणेश को प्रतिवर्ष बांधी जाने वाली विश्व की सबसे बड़ी राखी इस वर्ष भी 31 अगस्त को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में बांधी जाएगी। 20 वर्षों से निरंतर चली आ रही खजराना गणेश को बांधी जाने वाली राखी को गोल्डन बुक ऑफ वल्ड रिकार्ड में भी स्थान प्राप्त हो चुका है। इस वर्ष खजराना गणेश को बांधी जाने वाली राखी की धीम भारत की उपलब्धियों को दर्शाई जाएगी। जिसमें दुनिया के साथ ही भारत का मानचित्र, चंद्रयान-3, नया संसद भवन- वंदे भारत एवं ईस्ट वेस्ट, साऊथ और नार्थ में स्थित देशों को दशार्या जाएगा। पुण्डरिक पालरेचा एवं शांतु पालरेचा ने बताया कि खजराना गणेश मंदिर के साथ ही इन्दौर के अति प्राचीन 10 मंदिरों पर भारत की उपलब्धियों की थीम पर तैयार की गई राखी बांधी जाएगी।

भारत की उपलब्धियां दर्शाई जाएगी राखी- पुण्डरिक पालरेचा एवं शांत मातरेचा ने बताया कि इस वर्ष की राखी देश की उपलब्धियों पर बनाई गई है। जो पूर्ण रूप से हेडवर्क से बनाई गई है। इसमें सलमा, सितारा, नग-नगीने व जरदोसी के साथ ही आर्टिफिशियल फ्लॉवर से तैयार की गई है। खजराना गणेश को बांधी जाने वाली विशाल राखी में दुनिया के साथ ही भारत का मानचित्र, चंद्रमान 3. नया संसद भवन, वंदे भारत, राष्ट्रीय चिन्ह एवं राजदंड गोल की हुबहु प्रतिकृति इस राखी में बनाई गई है। देश भक्ति के साथ ही भारत की उपलब्धियों को दशार्ती खजराना गणेश की यह विशाल राखी देश की उपलब्धियों को सभी आमजनों के जहन को ताजा करेगी।

नाग-नागिनों से तैयार की पोषाख पुण्डरिक पालरचा ने बताया कि खजराना गणेश को बांधी जाने वाली विशाल राखी

के साथ ही भगवान गणेश की पोषाखों को भी नग-नागिनों से तैयार किया गया है जिसमें भगवान की सूंड, आंखे,

**त्रिशूल के साथ ही गणेश परिवार की घोषाख तैयार की गई है।**

इन्दौर के 10 अति प्राचीन मंदिर में भी बांधी जाएगी राखी पुण्डरिक पालरेचा एवं शांतु पालरेचा ने बताया कि खजराना गणेश के साथ ही इन्दौर के 10 अति प्राचीन मंदिरों के लिए भी 24 से 36 इंच की भारत की उपलब्धियों को दशार्ती राखी तैयार की गई है। जो 31 अगस्त रक्षाबंधन के पर्व पर एक साथ एक समय पर सभी मंदिरों में बांधी जाएगी। खजराना गणेश के साथ ही पंचकुईया स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर, बड़ागणपति मंदिर, मल्हारगंज स्थित छोटे गणपति मंदिर, सुभाष चौक स्थित मणिभद्रजी के साथ ही उज्जैन में बाबा महाकाल एवं चितामण गणेश

**को भी यह राखी बांधी जाएगी।**

3 माह का समय लगा राखी बनाने में खजराना गणेश सहित अन्य मंदिरों पर बांधी जाने वाली राखियों हँडवर्क कर तैयार की गई है। जिसमें लगभग 3 माह का समय लगा। इस राखी को तैयार करने में 30 से 40 लोगों ने मिलकर तैयार किया है। जिसमें उन्होंने अपने हाथों से नक्काशी कर भारत की उपलब्धियों को दशार्या है।

# अटूट रिश्तों से टपकते आंसू

## इलाज को गई बहन के घर पर भाइयों ने किया कब्जा। बहन के न होने पर नाप जोख कर जताया अधिकार।

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव



*रक्षा बंधन के दिन अनोखे उपहार से नवाजा बहन को दिए आंसू, चीख और दहशत*

*असाध्य रोग से ग्रसित महिला को पिता की ओर से मिला है सर छिपाने का सहन। पिता के मृत्यु के बाद भाइयों की बदली नियत।*

*संपन्न होने के बाद भी निजी स्वार्थ के लिए बहन को घर से बाहर करने की लगाए है जुगत*

*महिला सुरक्षा के नाम पर स्थानीय पुलिस का नहीं मिला उचित सहयोग*

फतेहपुर - मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज चौकी स्थित मोहल्ला मसवानी का है। जहां एक असाध्य रोग से पीड़ित गरीब महिला अपने पिता के साथ रहकर उसकी सेवा करती। अपना व अपने बूढ़े पिता के इलाज व भरण पोषण के लिए सिलाई कर गुरबत ही सही लेकिन सम्मान से जीवन यापन कर रही थी। जिस पर हालात को देख कर उसके पिता ने उसे आजीवन रहने के लिए मकान का एक सेहन बतौर वसीयत दे दिया है। वही
पिता की मृत्यु के बाद से उसके भाइयों की बदली नियत से उसका जीवन पहले से और ज्यादा दुश्वार हो गया है। आज रक्षाबंधन के अवसर पर भाइयों द्वारा बहन को मिला अनोखा उपहार दर्द, दहशत ,चीख और आंसू। जिसके बदले में बेसहारा बहन फोन द्वारा मदद की पुकार लगाती हुई नजर आ रही। मीडिया को रोते हुए जानकारी दी उसने बताया की वो अपने इलाज के लिए कानपुर गई हुई पीड़ित महिला की अनुपस्थिति में उसके दबंग भाइयों द्वारा घर जाकर नाप जोख कर अपने अधिकार को दशार्या और उसको घर से बाहर निकल जाने का अल्टीमेटम भी दिया। वही महिला को जानकारी होने पर जब उसने अपनी मदद के लिए स्थानीय पुलिस से फोन पर शिकायत की तो स्थानीय पुलिस द्वारा फौरी राहत के लिए मौके पर न जाकर उसके आने की बात कह कर बात टाल दिया। जिससे महिला ने फोन पर रो रोकर मीडिया से बात की
वहीं पीड़ित महिला ने अपना इलाज पूर्ण करके आने के बाद उच्चाधिकारियों व महिला संगठन से मिलकर अपने लिए न्याय व मदद की बात कर रही है।
*अब देखना ये है की महिला उत्पीड़न पर दावा करने वाली सरकार, संस्थाएं, संगठन वा आयोग पीड़ित को कितना न्याय दिला पाती है। ऐसी असहाय पीड़ित महिला को। या महिला की कहानी यूं ही दर्द से डूबी रहेंगी ?

# उत्तर प्रदेश का यह कैसा जिला जहां विद्युत विभाग में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार का सिलसिला

## अभी चंद दिनों पहले एक लंबरदार के यहां बिजली चोरी पकडे जाने के बाद संविदा कर्मचारी द्वारा 35000 रुपए में कराया गया मामले को रफा दफा-सूत्र

दैनिक समाज जागरण

फतेहपुर उत्तर प्रदेश का यह कैसा जिला जहां विद्युत विभाग में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार का सिलसिला जी हां हम बात कर रहे हैं फतेहपुर जनपद की जहां जनपद के राधा नगर पावर हाउस में तैनात संविदा कर्मचारी विनय सिंह इन दोनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं यह अपने तमाम गुर्गों के माध्यम से अपने क्षेत्र खुशवंत राय नगर में इन्होंने अपना जाल बिछा रखा है गरीब भोली भाली जनता के यहां विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता तथा विजिलेंस टीम के द्वारा छाप डलवाने का काम करते हैं फिर पकड़े गए विद्युत उपभोक्ताओं के यहां अपने गुर्गों को भेज कर उनके मामले का सेटलमेंट करने का काम भी बखूबी करते हैं वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में एक लंबरदार के यहां विद्युत चोरी का मामला पकड़ में आया था जिस मामले में 35000 रुपये लेकर मामले को रफा दफा करवा दिया गया है वहीं जानकारों का तो यह भी कहना है कि इस संविदा कर्मचारियों का एक टी जी टू साथी जिसके माध्यम से यह विद्युत विभाग में संविदा कर्मचारी के पद पर तैनात हुआ वह विद्युत विभाग के डिवीजन प्रथम में बैठकर पूरा नेटवर्क वहीं से सजाया जाता है हालांकि अभी यह संविदा कर्मचारी कुछ दिनों से अपना ऑपरेशन करवा कर घर में लेटा हुआ है लेकिन घर से ही नेटवर्क के माध्यम से पूरे काम को अंजाम दिया जा रहा है और कहीं ना कहीं जिम्मेदार अधिकारी भी इस संविदा कर्मचारियों के इस भ्रष्टाचार के जाल में फंसे हुए हैं और पूरी तरह क्षेत्र में विद्युत बिल के बकाये दार तथा विद्युत चोरी करने वालों के ऊपर अपना जाल बिछाए हुए वही खुशवंत राय नगर में कुछ ऐसे घर हैं जहां पर लंबरदार का बोर्ड लगा होने के नाते उन घरों में कोई भी चेकिंग के लिए नहीं जाता है और उनके घरों का मीटर भी घर के अंदर लगा हुआ

***भ्रष्टाचारी संविदा कर्मचारियों की जल्द विद्युत विभाग के अध्यक्ष से जनता करेगी शिकायत***

***संविदा कर्मचारियों के कुछ घरों को दे रखा है अभय दान***

***डिवीजन प्रथम में बैठे एक टी जी टू की भी रहती है संविदा कर्मचारियों के साथ भ्रष्टाचार के मामले में अहम भूमिका***

है क्योंकि वह कहीं ना कहीं इस संविदा कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं अब देखना यह है कि जनपद के सक्षम अधिकारी आखिरकार इस संविदा कर्मचारी के भ्रष्टाचार का जाल तोड़ पाते हैं या फिर इसी तरह मामला चलता रहेगा यह तो आने वाला समय ही तय करेगा हालांकि क्षेत्र के कुछ लोगों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि जल्द ही इस संविदा कर्मचारी के भ्रष्टाचार की शिकायत वह विद्युत विभाग के अध्यक्ष से मिलकर लिखित शिकायत करेंगे

# चांद पर आया भूकंप! ISRO ने रिकॉर्ड किया प्राकृतिक घटना का कंपन,

नई दिल्ली. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को बताया कि चंद्रमा पर आए प्राकृतिक भूकंप को रिकॉर्ड किया गया है. इसे चंद्र भूकंपीय गतिविधि (आईएलएसए) पेलोड ने दर्ज किया है. इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम जो अभी सतह पर काम कर रहा है, ने चंद्रमा पर भूकंपन की घटना के बारे में पता लगाया है. इसको लेकर प्रज्ञान रोवर और अन्य पेलोड ने भी डेटा भेजा है और अब घटना को लेकर जांच की जा रही है.

# नैंसी हॉस्पिटल का संचालक खबर प्रकाशन को लेकर हुआ आग बबूला, पत्रकार को दी देख लेने की धमकी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। विगत दिनों शहर के लोधीगंज इलाके में स्थित मानक विहीन नैंसी हॉस्पिटल के खिलाफ प्रकाशित हुई खबर को लेकर उसका संचालक इतना आग बबूला हो गया कि उसने पत्रकार को फोन पर देख लेने की धमकी तक दे डाली। इस मामले को लेकर जल्द ही पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों समेत पुलिस अधिकारियो को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग करेगा। बताते चले कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था दिन प्रतिदिन अपनी कमर तोड़ती नजर आती है। इसका सबसे बड़ा कारण स्वास्थ्य विभाग में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों का अपने दायित्व के प्रति निष्ठावान न होना बताया जाता है। अगर शहर के सिर्फ लोधीगंज इलाके की बात की जाए तो यहां पर अवैध नर्सिंग होमो की भरमार देखी जा सकती है, किंतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों से इन अवैध नर्सिंग होमो के संचालकों की ऐसी सेटिंग-गेटिंग है कि इस इलाके से गुजरने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी आंख मूंदकर आते एवं जाते रहते हैं। शहर के अंतिम छोर पर बसा यह इलाका वैसे तो बहुत कम समय में तरक्की की राह पर आगे बढ़ गया, किंतु इसके आसपास जुड़े हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी समाज की मुख्य धारा से कहीं ना कहीं दूर है जिसकी वजह से इन अवैध नर्सिंग होम संचालकों का कारोबार दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। इसी इलाके में स्थित नैंसी हॉस्पिटल इन दिनों काफी सुर्खियों में छाया हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इस अवैध अस्पताल में मरीजों की जीवन सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है और मानक विहीन होने के बावजूद भी धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। बताते हैं कि इस अस्पताल का संचालक अपने आपको समाजवादी पार्टी का नेता बताता है और अस्पताल में आने वाले मरीज एवं उनके तीमारदारों पर रौब गाँठकर अनाप-सनाप इलाज के नाम पर बिल बनाकर वसूल करता है। सूत्रों की माने तो नैंसी हॉस्पिटल में ना तो विभिन्न बीमारियों के जानकार डॉक्टर है और ना ही ट्रेंड नर्स एवं स्टाफ है। सूत्र बताते है कि इस अस्पताल में गर्भपात से लेकर नार्मल व सीजर डिलीवरी के अलावा विभिन्न तरह के रोगों से पीड़ित मरीजों की सर्जरी भी कराई जाती है। इतना ही नहीं सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि इस अवैध अस्पताल को अभी तक फायर एनओसी भी नहीं मिली है, जिसकी वजह से इसका रजिस्ट्रेशन भी न होना बताया जाता है।अब देखने वाली बात ये है कि जब नैंसी हॉस्पिटल इतनी सुर्खियां हासिल किए हुए हैं तो फिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की निगाह इस ओर क्यों नहीं जाती है। कुल मिलाकर अगर इस अवैध नर्सिंग होम पर अभी भी संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई न की गई तो न जाने कितने मरीज को अपनी

पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों समेत पुलिस से करेगा शिकायत

मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का काम कर रहा लोधीगंज इलाके पर संचालित नैंसी हॉस्पिटल

मानक विहीन नैंसी हॉस्पिटल में नहीं है मरीजो की जीवन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ना ही डॉक्टर और ना ही मौजूद है ट्रेंड नर्स, फिर भी वर्षो से संचालित हो रहा अवैध अस्पताल

सेहत महकमा सो रहा कुंभकर्णी नींद, शहर का लोधीगंज इलाका बना अवैध हॉस्पिटल संचालकों के लिए मुफीद ठिकाना

मानक विहीन अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़ का खुलेआम चल रहा कारोबार

जिंदगी से हाथ धोना पड़ सकता है। उधर इस खबर के प्रशासन को लेकर नैंसी हॉस्पिटल के संचालक विनय लोधी द्वारा फोन पर धमकी देने का प्रयास किया गया और देख लेने जैसी बात की गई जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि नैंसी हॉस्पिटल के संचालक अब दबंगई के बल पर खबर रुकवाने का नाहक प्रयास कर रहे है। जो इस बात को साबित करता है कि कहीं ना कहीं सिस्टम से सेटिंग गेटिंग का खेल होने की वजह से इस नर्सिंग होम संचालक के हौसले काफी बुलंद हो चुके हैं और वह अपने धन एवं बल के आधार पर कलम को रोकने पर उतारू है।

# प्राथमिक विद्यालय खेमकरनपुर में श्रावण महोत्सव कार्यक्रम में कजरी गीतों की रही धूम

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के विजयीपुर ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय यूपीएस खेमकरनपुर में बुधवार श्रावणी महोत्सव एवम संस्कृत दिवस मनाया गया गौरतलब है की विद्यालय परिवार द्वारा बच्चो के उत्साह वर्धन के लिए समय समय में संस्कृतिक कार्यक्रम समान्य ज्ञान प्रतियोगिताए सहित बच्चो के बौद्धिक परिवेश पर पहल की जाती है उसी क्रम में बुधवार शिक्षको द्वारा छात्र-छात्राओ ने श्रावण कृष्ण महोत्सव की थीम पर झूला डाला जिस पर राधा कृष्ण झूला झूल रहे थे, गोपियां कजरी की धुन 0र नृत्य कर रही थी। छात्राओं के मध्य मेहंदी प्रतियोगिता एवम राखी निर्माण की प्रतियोगिताएं भी हुई संस्कृत दिवस में सामूहिक संस्कृत गीत वाचन एवं अन्य प्रतियोगिता हुई जिसमे जिसमे विद्यालय परिसर एक अलग ही धुन में सराबोर दिखा इस मौके पर संचालन सहायक अध्यापक प्रतिभा गुप्ता ने किया, संस्कृत दिवस एवम श्रावणी पर सौजन्य त्रिपाठी ने प्रकाश डाला, प्रभारी प्रधान अध्यापक रमेश चन्द्र ने पूरी व्यव्यस्था की जिम्मेदारी देखी।

# भाई की कलाई पर बांधी राखी, लिया रक्षा का वचन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर :- जनपद में गुरुवार को रक्षा बन्धन का पर्व बहुत उत्साह से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर लम्बी उम्र की दुआएं की



तो भाइयों ने भी बहनों के रक्षा का संकल्प लिये। क्षेत्र में रक्षा बंधन को लेकर गुरुवार सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। इस बार बुधवार शाम से रक्षा बंधन का मुहूर्त होने के कारण एक दिन पहले से ही राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया था। रक्षाबंधन के लिए बहनें बुधवार से ही पीहर पहुंचनी शुरू हो गई थी। गुरुवार को भी कई बहनें अपने पीहर पहुंची। बहनों ने भाईयों को



राखी बांधकर लंबी उम्र की दुआएं की। रक्षा बंधन को लेकर बच्चों में भी उत्साह काफी रहा। छोटी बालिकाओं ने भी अपने भाईयों को राखियां बांधी। कई महिलाओं के पीहर नहीं आने पर उनके भाईयों ने वहीं जाकर राखी बंधवाई। रक्षा बंधन के चलते शहर में भी चहल-पहल अधिक रही। राखियों के साथ मिठाइयों की खरीद भी हुई।
रक्षा बंधन पर महिलाओं के राखी बांधने जाने से रोडवेज बसों के साथ निजी बसों में भी दिनभर भारी भीड़ देखने को मिली। उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा रोडवेज बसों में रक्षा बंधन पर महिलाओं को निशुल्क यात्रा करवाई गई। ऐसे में रोडवेज बसों में पैर रखने की जगह नहीं रही। बसों में क्षमता से अधिक सवारियों ने यात्रा की। ऐसी ही हालत निजी बसों की भी रही। क्षेत्र में कई मार्गों पर प्राइवेट बसों का ही संचालन होता है। रक्षा बंधन पर इन बसों में भारी भीड़ रही। ऐसे में महिलाओं को सफर करने में परेशानी उठानी पड़ी। जिला जेल में भी रक्षा बंधन मनाया गया। जेल में बंद कैदियों को उनकी बहनों ने पहुंचकर राखियां बांधी। ऐसे में कई भावुक क्षण भी आए, भाई-बहन की आंखें नम हो गईं।

# भाजपा नेत्री मोबीना वारसी ने दिव्यांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राहुल सिंह को बांधा रक्षा सूत्र

## हिंदू मुस्लिम एकता का दिया बेहतरीन संदेश

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला महामंत्री मोबीना वारसी ने दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह के आवास प्रभात नगर पहुंचकर रक्षाबंधन पर्व पर उनकी कलाई में रक्षा सूत्र बाँधते हुए भाई बहन के पवित्र रिश्ते का महत्व समाज के लोगो को देने का बेहतरीन कार्य किया। भाजपा नेत्री मोबीना वारसी ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ते का साक्षी है और यह पर्व हमें जाति एवं धर्म के भेदभाव भुलाकर आपसी प्रेम सौहार्द स्थापित करने की प्रेरणा देता है। दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि बहन मोबीना वारसी प्रत्येक वर्ष उन्हें राखी बांधती चली आ रही है और वह भी एक भाई होने का संकल्प लेते हुए उनकी मान मयार्दा एवं सुरक्षा के लिए हमेशा खड़े हैं।

# अजीमाबाद में मनरेगा मजदूरों को रोजगार न मिलने पर किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण**



संभल।पवांसा ब्लॉक के अजीमाबाद गांव मैं मनरेगा मजदूरों को रोजगार न मिलने पर हाथों में फावड़ा लेकर ग्राम प्रधान रोजगार सेवक ब्लाक कर्मचारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया मजदूरों ने कहा गांव में 2 वर्ष से मनरेगा मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है ब्लॉक की अन्य ग्राम पंचायत में मनरेगा मजदूरों को काम मिल रहा है जिससे गुस्सा आए मनरेगा मजदूरों ग्राम प्रधान रोजगार सेवक ब्लाक कर्मचारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया
विकासखंड पवासा की ग्राम पंचायत अजीमाबाद में गुरुवार को मनरेगा मजदूर द्वारा पावसा चंदौसी रोड से गीता शर्मा के मकान तक कच्ची सड़क मजदूरों द्वारा डाली जा रही थी तभी गांव के एक व्यक्ति ने आकर काम रुकवा दिया जिससे गुस्साये मनरेगा मजदूरों ने ग्राम प्रधान रोजगार सेवक ब्लाक कर्मचारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर काम देने की मांग की मनरेगा मजदूरो ने कहा 2 वर्ष में केवल एक ही दिन ग्राम पंचायत में काम चला और मजदूरों ने कहां की जब काम नहीं मिल रहा है तो हमारे जॉब कार्ड निरस्त कर दिए जाएं इससे गुस्साये मनरेगा मजदूरों ने हाथों में फाफड़ा लेकर ब्लॉक कर्मचारी व ग्राम प्रधान रोजगार सेवक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया इस दौरान सुरेंद्र सिंह विजेंद्र सिंह संजीव कुमार वीरपाल सिंह बादशाह कुंवर पाल श्याम मनवीर धर्मवीर सिंह ऋषिपाल सिंह रतीभान सिंह उमेश विनोद यादव रामबाबू यादव उल्फत सिंह तोड़ी सिंह विनीत कुमार जयवीर सिंह हुकुम सिंह वीरभान चंद्रभान सिंह जयवीर सिंह दरियाव सिंह राम खिलाड़ी सतीश ओमपाल श्याम पाल अन्य मनरेगा मजदूर मौजूद रहे

# रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर लंबी उम्र की कामना

बिसौली आई एम खान। भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर लंबी उम्र की कामना की तो भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। हिंदू रक्षा सेना की जिलाध्यक्ष ब्रजेश उर्फ दुर्गा वशिष्ठ ने कोतवाली परिसर में इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला को राखी बांधी। वृहस्पतिवार को सुबह से ही सड़कों व बाजारों में भारी भीड़ नजर आई। राखी व मिठाइयों की दुकानों पर ज्यादा भीड़ देखी गई। रोडवेज बसों में सफर करने वाली महिलाओं को भारी भीड़ के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



# बोलैरो कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से हुआ घायल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। राष्ट्रीय राजमार्ग एक कार ओर बाइक भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल राहगीरों व पुलिस सहायता से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जानकारी अनुसार थाना जयपुर (उत्तराखंड) के गांव भगवनपुर निवासी आकाश 22 वर्ष पुत्र कमल सिंह बाइक द्वारा थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर रिश्तेदारी में जा रहा था की मान नगर (भूतपुरी) के सामने विपरीत दिशा से आ रही बोलैरो कार से उसकी भिड़ंत हो गई जिसमें आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। भूतपुरी तिराहा पर ड्यूटी पर तैनात आरक्षी ललित कुमार द्वारा 108 एंबुलेंस क द्वारा च अफजलगढ़ भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।



# धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार, बहनों ने तिलक लगाकर भाइयों की कलाई पर बांधी राखी।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन गुरुवार को हर्ष उल्लास और परंपरा पूर्वक मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा की तिथि पर बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई ।रेशम की डोरी के धागे भले ही कच्चे हो लेकिन इसके पीछे का स्नेह अटूट और बेहद मजबूत होता है ।बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। सुबह लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे- बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया। दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ इन्हीं भावनाओं के साथ सुबह से ही तैयारी कर रही बहनों ने भाइयों के हाथों में राखियां बांधी।



## संभल। 28 वर्षों से बने भाई -बहन

सम्भल जहां पूरे भारत में हिंन्दू मुस्लिम की बातें होती हैं वहीं दूसरी तरफ नगर संभल के मोहल्ला हयात नगर में समाजसेवी एवं नाज़िर खान के निवास स्थान पर अपनी मुंह बोली बहन को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने घर बुलाकर अपने हाथ पर राखी बंधवाई और उनकी रक्षा का वचन देकर आशीर्वाद दिया
नाजिर खान ने बताया कि इस पवित्र त्यौहार के आने पर उनका परिवार बहुत खुश होता है उन्हें नाजिर खान के बच्चे बहुत चाहते हैं अपने मुंह बोली बुआ से राखी बंधवाते हैं और खुश होते हैं उनकी बहन ने मिठाइयां खाई खिलाई और अपना उपहार लिया उन्होंने बताया हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि उनके भाई नाजिर खान कि रक्षा करें और पूरा परिवार खुश रहे नाजिर खान जैसा भाई हर किसी बहन को मिले इन दोनों भाई बहनों के प्रेम के सहारना पूरा नगर कर रहा है नाज़िर खान का अपनी बहन के प्रति मान-सम्मान साहनीय है।



# चार दिन तक सांप के डसने के बाद कराते रहे झाड़ फूंक युवक की चली गई जान।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। थाना क्षेत्र गांव सांप डसने से एक व्यक्ति की बाद मौत हो गई परिवारजनों कोहराम तीन दिनों तक झाड़ फूंक कर इलाज कराने के चक्कर में गई जान। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी राहुल 27 वर्ष पुत्र गजराम सिंह खेतों में मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करता था परिजनों ने बताया कि सोमवार को पास के ही



गांव मुरलीवाला स्थित बंटी के गन्ने के खेत की नलाई करने गया था कि एक जहरीले सांप पर उसका पांव पड़ गया जिससे सांप ने उसे डंस लिया। परिजनों ने काशीपुर, रुद्रपुर, नौगांव, रामपुर, बिजनौर आदि कई स्थानों पर सांप के काटे का झाड़ फूंक कर इलाज करने वालों को दिखाया परंतु राहुल की जान ना बच सकी। यदि चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कारण होती तो संभावित है जान बच सकती थी बुधवार की देर शाम उसकी मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया बृहस्पतिवार को कालागढ़ गंगा घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

व्यापा का प्रचार और प्रसार करना अब हुआ और भी आसान

अपने व्यापार का करें प्रचार, समाज जागरण के साथ।

समाज जागरण, अखबार, पोर्टल और यू-ट्यूब चैनल पर एक साथ मे ।

# पनोरमा ग्रुप के स्थापना दिवस पर प्रॉपटी एक्सपो का अयोजन पूर्णियां के होटल पारस में आज

पूर्णियां। पैनोरमा ग्रुप के 8 वें स्थापना दिवस के मौके पर सीमांचल इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ( पनोरमा ग्रुप) का एक दिवसीय प्रॉपटी एक्सपो 2023 का आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है पूर्णियां के होटल पारस में 1 सितंबर



को इस एक दिवसीय एक्सपो का उद्घाटन होगा केक काटी जाएगी और ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा प्रेस वार्ता कर नए प्रोजेक्ट का ऐलान भी करेंगे। अयोजित इस एक्सपो में लोग अपने-अपने बजट अनुसार किफायती दरो पर जमीन सहित अपना घर-दुकान बुकिंग करवा सकेंगे। पैनोरमा ग्रुप ने ग्राहकों के लिए फाउंडेशन डे पर दिया बड़ा ऑफर, घर खरीदेंगे तो तोहफा में महंगी कार भेंट की जाएगी।

बताते चलें कि इससे पहले पनोरमा ग्रुप पूर्णिया में भी 2016 से लेकर अब तक लगातार एक से बढ़कर एक पूर्णिया शहर के विभिन्न लोकेशन पर अपना प्रोजेक्ट बनाकर कोशी-सीमांचल के लोगों को उचित मूल्यों में घर-दुकान देते आया हैं ।

पनोरमा ग्रुप 'ने रियल एस्टेट के आलावा शिक्षा - स्वास्थ्य व सामाजिक कार्यों में भी अपना अहम योगदान निभाते आया है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा करोना काल में लगे लॉकडाऊन में भी पनोरमा ग्रुप के टीम द्वारा बिहार से बाहर फंसे हुए लोगो को राशन पानी समेत घर तक पहुंचाने में भी अहम योगदान दिया था। रोजगार मुहैया भी कराया था। पूर्णियां को महानगर और कई तल्ला भवन बनाने का श्रेय पैनोरमा ग्रुप को जाता है।




# बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव की तुगलकी फरमान से शिक्षक संघ में आक्रोश

फारबिसगंज । अनुमंडल प्राथमिक शिक्षक संघ फारविसगंज के अध्यक्ष विद्यानन्द पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हिन्दुओं के मुख्य पर्व रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, जितिया, दशहरा, दीपावली, छठ जैसे महान पर्व पर बिद्यालय में नियमित छुट्टियाँ हुआ करती थी ताकि बच्चे,शिक्षक अपने-अपने घरों में हषोर्लाष के साथ परिवार के संग खुशियाँ मना कर त्योहार मनाया करते थे। लेकिन बिहार सरकार के मुख्य अपर सचिव के.के. पाठक ने आदेश जारी कर हिन्दुओ के सभी प्रमुख पर्वों की छुट्टियाँ एक झटके में रद्द कर दी। उनके तुगलकी फरमान से जहाँ बच्चों में मायुसी छा गई वहीं शिक्षकों ने नाराजगी जाहिर की है। कहा कि कुछ खास पर्व जैसे जितिया, छठ और जन्माष्टमी में महिलायें निर्जला उपवास करती है ऐसे में वे शिक्षण कार्य कैसे करेंगी। श्री पासवान ने कहा कि वे बिहार के विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा की बात करते हैं जिसका संघ समर्थन करते हैं पर शिक्षक/शिक्षिकाओं को मानसिक रूप से प्रतारित कर गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा लाने का प्रयास करना बेईमानी है । रोज रोज उनके फरमान से शिक्षक परेशान रहा करते हैं । शिक्षकों के परेशान रहने से बच्चों के शिक्षा पर बूरा असर पड़ता है । शिक्षकों को मानसिक टॉर्चर करने तथा महती छुट्टियों को रद्द किये जाने का संघ घोर निन्दा करता है। उन्होंने कहा कि संघ बिहार सरकार से माँग करती है कि अपर मुख्य सचिव के आदेश को निरस्त करे ताकि विद्यालय में मिल रही छुट्टियाँ पूर्ववत रह सके।



अन्यथा राज्य संघ के दिशा-निर्देश पर शिक्षक संघ आन्दोलन रत हो जाएगी, जिसकी सारी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी ।

# स्कूली छात्राओं ने बांधी राखी एस एस बी जबानों को

अररिया । महेंद्र प्रताप, कमांडेंट 52वीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन व श्री जोशी सागर प्रदीप, उप कमांडेंट की अगुआई में बड़े ही हर्षौल्लास के साथ वाहिनी मुख्यालय अररिया में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गयो जिसमे विशिष्ट अतिथि गौतम शाह , उप-मुख्य पार्षद अररिया, श्री संजय प्रधान, निदेशक मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया, श्री राजेश रंजन , प्रधानाचार्य मोहिनी देवी मेमोरियल स्कुल अररिया, श्री विजय आनन्द, निदेशक लक्ष्य पब्लिक स्कुल मदनपुर अररिया सम्मिलित हुए । स्कूलीय अध्यापिकाओं व छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश की शरहदों की रखवाली



कर रहे आपने भाइयो की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा ताकि अपने घरो से दूर रह कर भी जवानों को घर से दूर होने का एहसास न हो और भारत माँ की सेवा निडर और साहसिक बनकर कर सके` इस कार्यक्रम में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया, लक्ष्य पब्लिक स्कूल मदनपुर अररिया, एकल अभियान रानीगंज की शिक्षिका व छात्राए तथा सामाजिक कार्यकर्त्ता श्रीमती सुष्मिता ठाकुर की टीम उपस्थित थी` तदनोप्रांत, श्री जोशी सागर, उप कमांडेंट , 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया ने रक्षाबंधन के अवसर पर उपस्थित बहनों को बधाई के साथ ही सदैव साथ निभाने और उनकी रक्षा करने हेतु आश्वस्त किया । इस कार्यक्रम में निरीक्षक मनोज कुमार दुबे , उप निरीक्षक दीपक कुमार, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सिंह, मुख्य आरक्षी जगत नारायण सिंह, मुख्य आरक्षी पवन कुमार शुक्ला , आरक्षी तेज सिंह बोरा व वाहिनी के समस्त कार्मिक उपस्थित थे ।

# सिंहेश्वर स्थान में जाम से मिलेगी निजात, सरकार ने दी बाय पास की मंजूरी:डॉ. अजय कुमार सिंह

मधेपुरा। देव भूमि सिंहेश्वर में लगने वाले जाम को लेकर विधान परिषद सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सदन में मामला उठाया और सरकार ने बाय पास के लिए मंजूरी दे दी ।इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सांसद मनोज झा, विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह को बधाई दी है ।बधाई देने वालों ने कहा कि ये डॉ अजय कुमार सिंह जी सदन में हर-वक्त जन सरोकार के मुद्दे को लेकर



विधान परिषद में बोलतते रहते हैं ऐसे योग्य व्यक्ति को सरकार में अहम जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह,डॉ डिके सिन्हा, डॉ प्रो पूजा भारती, मुकुल भारती, चितरंजन कुमार सिंह,सुनिल कुमार सिंह, अमिताभ कुमार सिंह,हाजी अब्दुस सत्तार, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह, बिभुति झा, मिथिलेश कुमार यादव उर्फ धक्का यादव, अनुरंजन झा, मनोवर आलम आलम बधाई देने वालों में शामिल थे।

# सनातनी संस्कृति के तहत त्योहारों पर सरकारी अवकाश रद्द करना दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय

अररिया । सूबे के महागठबंधन स-रकार द्वारा अल्पसंख्यक तुष्टीकरण नीति के तहत सनातनी संस्कृति के तहत त्योहारों पर सरकारी अवकाश रद्द करना दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है. किसी खास समुदाय को खुश करने की चक्कर में चाचा-भतीजे की सरकार मिलकर सूबे की शिक्षा व्यवस्था व सनातन संस्कृति को नष्ट करना चाह रही है. आने वाले समय में जनता द्वारा इसका सही जवाब दिया जायेगा. कुर्सी कुमार की नीयत साफ



छलक रहा है कि यह महागठबंधन की सरकार हिंदू विरोधी सरकार है. चाचा-भतीजे की मिलीभगत सरकार समाज को बांटने की राजनीति कर रही है. इस सरकार को सूबे के विकास से कोई लेना देना नहीं है. सूबे में 33 साल से इनका काम आपना रोटी सेकना ही रहा है. भले जनता भूखे रहें. सूबे से मजदूर दूसरे राज्य अपना व अपने परिवार का पेट भरने के लिए पलायन कर रहे हैं. लेकिन इतने वर्षों में इंडस्ट्री कंपनियां नहीं लगा सकी यह सरकार. उलट जो कंपनियां थी उन्हें भय खौफ से यहां से पलायन करना पड़ रहा है।

# बिराटनगर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर अयोजित

बिराटनगर । पूर्व निर्धारत कार्यक्रम के तहत बिराटनगर के सिटी कम्प्लेक्स में सन ह्यूमन फाउंडेशन भारत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है । शिविर में महिला सहित लगभग एक हजार लोग भाग ले रहे है। शिविर में इंदौर और जोधपुर से पहुचे फाउंडेशन के शून्य जी , मैत्री मां ने प्राचीन ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान के समागम से शरीर स्वास्थ्य , मन को आनंदित और चेतना की झलक के लिए सही आहार , सही व्ययाम , सही ध्यान के लिए केवल यूनिवर्सल सूत्र के साथ साथ इसके प्रयोग करवा रहे है । आयोजक फाउंडेशन के द्वारा लोगों को स्वास्थ्य रहने के कई टिप्स दिए जा रहे है । निःशुल्क अल्पहार करा लोगो को स्वाथ्य रहने के लिए जरूरी आहार के बारे में प्रयोग कर बताया जा रहा है । शिविर में काम्बिनेशन बाला अल्पहार भी कराया गया जो शरीर के भीतर हर तरह के आवश्यक तत्वों की पूर्ति करके आपके ब्रेन की शक्तियों को जगाने में सहायक होता है । शिविर को सभ्य और भव्य रूप से संचालन में फाउंडेशन के सदस्यों के अलावा संचालन कमिटी के लोग सक्रिय हो सेवा दे रहे है । शिविर में बिराटनगर के अलावा जोगबनी से भी लोग पहुच रहे है । कोशी प्रदेश के सांसद भीम पराजुली ने आयोजक फाउंडेशन का सराहना करते हुए एक बार फिर शिविर लगाने का अनुरोध किया है ।

### मटियारी पासवान टोला में ई. आयुष अग्रवाल ने बच्चियों के साथ राखी बँधवाकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

फारबिसगंज । राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव व युवा नेता ई. आयुष अग्रवाल ने फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के मटियारी पंचायत में पास-ावान टोला में बच्चियों के साथ राखी बँधवाकर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। मौके पर श्री अग्रवाल ने सभी बच्चियों के साथ साथ सम्पूर्ण विधानसभा वासियों के उज्वल भविष्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से बताते हुए कहा कि राखी का त्योहार बच्चियों के साथ मनाने का उद्देश्य है कि विधानसभा में रह रही समस्त बहनों को यह विश्वास दिलाना है कि उनके लिए राष्ट्रीय जनता दल एवं वे पूरी मजबूती के साथ हर परिस्थिति में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बताए गये आदर्शों पर चलकर समाज में दबे कुचले लोगों को अग्री पंक्ति में खड़ा करने का जो प्रयास किया जा रहा है उस तरफ श्री अग्रवाल के द्वारा एक छोटा सा प्रयास है।



मौके पर बहन कंचन पासवान, निक्की देवी, राधा देवी, काजल देवी, छोटकी देवी व अन्य दर्जनों महिलाओं ने श्री अग्रवाल को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें बधाई दी एवं आने वाले समय में बहन की भूमिका में रहने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर राकेश पासवान, राजा पासवान, संजू पासवान, दिनेश पासवान, अंकेश पासवान, विक्की पासवान व अन्य मौजूद रहे।

# 90 वर्षीय बहन उर्मिला ने समाजसेवी संजय मिश्रा को बांधी राखी

## एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने दी जिले वासियों को रक्षाबंधन की बधाई

अररिया । रक्षाबंधन के इस खास मौके पर, एसडीएम ग्रुप के संस्थापक श्री संजय मिश्रा ने आज जिले के लोगों को उनकी सजीव मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने आज भावना के प्रतीक रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार के अवसर पर अपनी 90 वर्षीय बड़ी बहन श्रीमती उर्मिला के साथ यह दृश्य साझा किया। बताते चले कि उर्मिला जी के पति रिटायर्ड पंचायत सेवक रमई निवासी भोला नाथ झा इस खास मौके पर मौजूद थे। इस असीम प्रेमबंधन से आत्मा की एकता को महसूस करते हुए संजय मिश्रा ने अपने कलाई में राखी बंधवाकर इस महत्वपूर्ण पारंपरिक त्योहार को और भी यादगार बना दिया। उन्होंने इस मौके पर जिले की जनता को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और समाज में भाईचारे की महत्वपूर्णता को बताया।



### बदलने वाला है इंटरनेशनल क्रिकेट का इतिहास, पहली बार ट्रांसजेंडर खिलाड़ी का होगा डेब्यू, बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगी मैकगाहे

# संजय कुमार सुमन ने पेड़-पौधों को तिलक लगा कर बांधी राखी

## पेड़ पौधों को बचाने और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का दिया संदेश

चौसा । पेड़-पौधे हमें जीवन जीने के लिए स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं।इनके बिना हमारा जीवन अधूरा है।पेड़-पौधों की वजह से पर्यावरण संरक्षित रहता है।

उक्त बातें सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा के सचिव सह साहित्यकार संजय कुमार सुमन ने कही।वे आज रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़-पौधों को तिलक लगा कर राखी बांधी और पेड़ पौधों को बचाने और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का संदेश दिया ताकि पर्यावरण अनुकूलित रह सके।उन्होंने कहा कि राखी को यूं तो भाई-बहन का अटूट प्रेम का बंधन के रूप में माना जाता है। इस पावन पर्व पर बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांधती है और उसकी लंबी आयु का कामना करती हैं वहीं भाई भी



बहन की सदैव रक्षा करने का वचन देता हैं। हमें एक संकल्प और लेना चाहिए जो पेड़-पौधे पर्यावरण को अनुकूल बना रहे हैं और ऑक्सीजन प्रदान कर रहे हैं उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी हमारी बनती है। जबकि पेड़ पौधों की सुरक्षा का भी हमारा ही दायित्व है।

रक्षा बंधन के साथ इन संस्थाओं ने अपने अभियान को जोड़ते हुए पेड़ों को राखी बांधने का सिलसिला शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि पेड़-पौधे जीवधारी है। वे हमारे जीवन रक्षक है। वे हमारे मित्र हैं। वह हमें प्राणवायु देते हैं। पर्यावरण संतुलन के लिए सबसे ज्यादा जरुरी हैं। इस अभियान में लगे लोगों व संस्थाओं को पूरा विश्वास है कि इससे लोगों में पेड़ों के प्रति जागरुकता आएगी और वह पेड़ काटने के बजाए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित होंगे। वृक्षारोपण से जुड़ी रही एक संस्था 'सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ' ने राखी बांधने यानी पेड़ों के 'रक्षा विधान' का अभियान शुरू किया है

संस्था के सचिव संजय कुमार सुमन का कहना है कि पेड़-पौधे हमारे स-ुरक्षित जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी हैं। यही समझाने के लिए उनकी संस्था न केवल वृक्षारोपण का अभियान चलाती है, बल्कि उनकी रक्षा भी करती है।

# विश्व की पहली वैज्ञानिक भाषा है संस्कृत, भावी पीढ़ी के लिए संस्कृत का ज्ञान बेहद जरुरी : संजीव मिश्रा

*विश्व संस्कृत दिवस श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है यह भारत ही नहीं बल्कि विश्व की समृद्ध और सम्पन्न भाषा है*

छातापुर । भारत की प्राचीनतम भाषा संस्कृत में भारत का सर्वस्व संन्निहित है. देश के गौरवमय अतीत को हम संस्कृत के द्वारा ही जान सकते हैं. संस्कृत भाषा का शब्द भण्डार बहुत ज्यादा है. यह भारत ही नहीं बल्कि विश्व की समृद्ध और सम्पन्न भाषा है. भारत का समूचा इतिहास संस्कृत वाड्मय से भरा पड़ा है. आज हर भारतवासी के लिए विशेषकर भावी पीढ़ी के लिए संस्कृत का ज्ञान बहुत ही जरुरी है. उक्त बातें पैनोरमा पब्लिक स्कूल रामपुर छातापुर में विश्व संस्कृत दिवस पर शिक्षाविद सह पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि विश्व संस्कृत दिवस श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है.

विश्व की पहली वैज्ञानिक भाषा है संस्कृत, भावी पीढ़ी के लिए संस्कृत का ज्ञान बेहद जरुरी, सीएम बघेल बोले- हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए।

भारत की प्राचीनतम भाषा संस्कृत में भारत का सर्वस्व संन्निहित है. देश के गौरवमय अतीत को हम संस्कृत के द्वारा ही जान सकते हैं. संस्कृत भाषा का शब्द भण्डार बहुत ज्यादा है. यह भारत ही नहीं बल्कि विश्व की समृद्ध और सम्पन्न भाषा है. भारत का समूचा इतिहास संस्कृत वाड्मय से भरा पड़ा है. आज हर भारतवासी के लिए विशेषकर भावी पीढ़ी के लिए संस्कृत का ज्ञान बहुत ही जरुरी है.




### भावी पीढ़ी को संस्कृत की शिक्षा देना की आवश्यकता

संस्कृत भाषा ने अपनी विशिष्ट वैज्ञानिकता के कारण भारतीय विरासत को सहेजकर रखने में अपना अप्रतिम योगदान दिया है. संस्कृत ऐसी विलक्षण भाषा है जो श्रुति और स्मृति में सदैव अविस्मरणीय है. अतिप्राचीन काल में संरक्षित-संग्रहित भारत की ये विपुल ग्रंथ सम्पदा संस्कृत के कारण ही सुरक्षित रही है. संस्कृत की महत्ता को सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारा है. संस्कृत को भारतीय शिक्षा में अनिवार्य करना बेहद जरुरी है. शिक्षा में इसकी अनिवार्यता को लेकर केन्द्रीय संस्कृत आयोग ने 1959 में झ माध्यमिक स्कूलों में संस्कृत को अनिवार्य शिक्षा करने के साथ मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषा पढ़ाई जाने की अनुसंशा की. संस्कृत शाला और संस्कृत महाविद्यालय प्रा-रंभ करने के लिए शासन द्वारा 90 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की गई है.

# बिहार का छोरा 'सा रे ग म प शो' में बिखेरेगा जलवा, रेडियो सिटी का रह चुका है विनर

जहां कभी गोलियों की तड़तड़ाहट गूंजती थी. अब वहां से संगीत की आवाज आती है. बिहार के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गिनती होने वाले इमामगंज प्रखंड के एक छोटे से गांव शिवा बतेसा से निकल कर 18 साल का लड़का कैफ खान मुंबई में अपना हुनर का जलवा बिखेरेगा. कैफ का चयन सारेगामप के टॉप 30 में हो चुका है. इनकी आवाज के नीति मोहन, हिमेश रेशमिया और अनु मलिक भी दीवाने हैं.

### आसान नहीं था सफर

गया के छोटे से गांव से निकलकर मुंबई तक का सफर कैफ खान के लिए इतना आसान नहीं रहा. 12 साल की उम्र से गाना गाने की शुरूआत की थी. उन दिनों स्टेज शो भी किया करते थे. 2017 में जी टीवी का शो लिटिल चैंप में इन्होंने गाया और टॉप 40 में जगह भी बनाई. इसके बाद घर वालों की उम्मीद इनसे बढ गई और वहां पर म्यूजिक सीखने के लिए इन्हें कहा गया. म्यूजिक का ज्ञान सीखने के लिए कैफ खान 14 वर्ष की उम्र में पटना चले गए और वहां पर 3 साल तक इन्होंने क्लासिकल संगीत सीखा.

### हर सप्ताह 200 किलोमीटर का सफर तय सीखते थे संगीत

सप्ताह में 2 दिन सिखाया जाता था और वह हर सप्ताह 200 किलोमीटर का सफर कर गया के एक छोटे से गांव से पटना पहुंचते थे और वापस घर लौट आते थे. इस दौरान इन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा. संगीत सीखने के लिए पटना में किराए के मकान में रहने लगे. इस दौरान छोटे बड़े कई स्टेज शो करने लगे. फिर 2019 में इनका चयन सा रे ग म प जी गंगा में हुआ. वहां पर इन्हें दूसरा स्थान प्राप्त हुआ. उसके बाद कई बड़े-बड़े शो में गाना गाने का अवसर मिला.

### सारेगामप में 9 लाख से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

पिछले वर्ष बिहार में आयोजित रेडियो सिटी में विनर बना. तब से उनकी चाहत और बढ़ गई और कुछ बड़ा करने का सपना था. जिसके बाद इन्होंने जी टीवी सा रे ग म प के लिए ऑडिशन दिया और इसमें उनका चयन हो गया. टॉप 30 में जगह बना लिए है. सारेगामप में 9 लाख से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए थे, जिसमें टॉप 80 का चयन हुआ था. चार राउंड के ऑडिशन के बाद इनका चयन टॉप 30 में हुआ है. आने वाले दिनों में टीवी पर धमाल मचाने को तैयार हैं.

### नीति मोहन, हिमेश रेशमिया और अनु मलिक ने की तारीफ

ऑडिशन के दौरान इनका गाना लोगों को काफी पसंद आया. शो के जज नीति मोहन, हिमेश रेशमिया और अनु मलिक इनके गाने पर काफी खुश हुए. उन्हें झुमने पर मजबूर कर दिया. लोकल 18 से बात करते हुए कैफ ने बताया गाना गाने के दौरान शो के जज काफी खुश दिखाई दे रहे थे और उन्होंने बोला आपका टोन, गाने का थ्रो बहुत बढिया है. अब इनकी चाहत है कि इस शो का विनर बन अपने इलाके का नाम रौशन करें. इन्होंने बताया हम एक ऐसे इलाके से आते हैं जहां पर म्यूजिक का मतलब लोगों को नहीं पता.

# सुब्रतो कप में सीवान की लड़कियों का जलवा, एकतरफा मुकाबले में कैमूर को 8-0 से रौंदा

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन सीवान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-17 बालिका प्रतियोगिता-2023 का आयोजन सीवान के राजेंद्र स्टेडियम में किया गया था. यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय था. जिसका बुधवार की शाम फाइनल मुकाबला खेला गया. फाइनल मुकाबला कैमूर बनाम सीवान के बीच खेला गया. मैच में सीवान की टीम ने एक तरफा लीड बनाकर कैमूर को 8-0 से पराजित कर चैंपियन बनी. साथ हीं नेशनल गेम के लिए जगह बना ली.

सीवान में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-17 बालिका प्रतियोगिता-2023 में बिहार के दो दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया था. हालांकि सीवान की बेटियों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर एक के बाद एक मैच जीतते हुए फाइनल में पहुंची .जहां एकतरफा मुकाबले में कैमूर को 8-0 से रौंद दिया और नेशनल गेम में जगह बना ली. वहीं अब सुब्रतो कप राष्ट्रीय स्तर का मैच दिल्ली में आयोजित होगी. जहां बिहार से सीवान की टीम के साथ अन्य राज्यों की टीम भी नेशनल में मुकाबला करेगी. वहीं नेशनल गेम काफी दिलचस्प होने वाला है.































# प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं पं रमा शास्त्री

## कृष्ण जन्म पड़ जमकर थिरके भक्त

**दैनिक समाज जागरण**
**माधोगढ़ जालौन**

ग्राम रूपापुर के मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 दूधाधारी महाराज के सानिध्य में चल रही 136 बां श्री मदभागवत के पंचम दिवस की कथा में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।जन्म होते ही भक्त जमकर झूमे। कथा बाचक रमाशास्त्री कुठोंदा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से



ही आते हैं। भागवत कथा में धूम धाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया । कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गये। पहरेदार सो गये।वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी जमुना पार करके उन्हें गोकुल पहुंचा दिया। वहां से वह यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आये। कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर भक्त जमकर झूमे। पं रमा शास्त्री ने कहा कि कंस ने वासुदेव के हाथ से कन्य रूपी शक्तिरूपा को छीनकर जमीन पर पटकना चाहा तो वह कन्या राजा कंस के हाथ से छूटकर आसमान में चली गई। शक्ति रूप में प्रकट होकर आकाशवाणी करने लगी कि कंस, तेरा वध करने वाला पैदा हो चुका है भयभीत कंस खीजता हुआ अपने महल की ओर लौट गया।इस मौके पड़ परीक्षित - संतोषी भदौरिया पत्नि नरेन्द्र भदौरिया . यज्ञपति - सत्यनारायण पहलवान व हजारी तोमर, सत्येंद्र भदौरिया (पूर्ब मण्डल अध्यक्ष )अरविन्द भदौरिया, शिवम भदौरिया,केशव, प्रशांत तोमर, महादेव, राजेश विश्वकर्मा, रामलखन, शरद चतुवेर्दी, अनिल, दिव्यप्रताप विपिन, हिमांशु ठाकुर आदि समस्त ग्रामवासी भक्तजन उपस्थित रहे !

# बहिनों ने भाई की कलाई पड्ड रक्षा सूत्र बांध की लम्बी उम्रकी कामना

## जालौन मे रक्षा बन्धन का त्यौहार दो दिन मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण**

माधोगढ़ जालौन - जनपद जालौन मे नगर व ग्रामीण क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व दो दिन मनाया गया। इस दौरान बहिनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधकर भाई बहिन के पवित्र रिश्ते की डोर बांधी और भाई के स्वास्थ्य, जीवन की कामना की। तो भाइयों



ने भी बहिनों को आकर्षक गिफ्ट भेंट किए। अपने भाई बहिन के रिश्ते कामना की इस वर्ष रक्षाबंधन के पर्व पर राखी बांधने के मुहूर्त में भद्राकाल होने के कारण रक्षाबंधन बुधवार की रात गुरुवार को दिन भर हरषो उल्लास के साथ मनाया और कही कही शुक्रवार को कजली के साथ त्यौहार मनाया जायेगा। भाई बहन के अटूट प्रेम का बंधन व राखी का त्योहार रक्षाबंधन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक तरीके से हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। तो भाइयों ने भी उपहार देकर बहिन को रक्षा का वचन दिया। दो दिन तक चलने वाले इस त्योहार में बहिनों ने भाइयों को हल्दी, रोली, अक्षत लगाकर उनका टीका किया और दाहिने हाथ की कलाई पर रक्षा का धागा व राखी बांधी। बहिनों ने भाइयों साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया। वहीं, भाईयों ने भी बहिनों को नगदी और उपहार देकर बहन को रक्षा का वचन दिया।

# सिरसा कला थाना अध्यक्ष के लगातार प्रयास से पाल सरेनी के पुल से छलांग लगाने वाले युवक का शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता, नारायण तिवारी,**

कुठौंद जालौन, थाना सिरसा कलार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पाल सरेनी के युवक ने पुल से दिनांक 29.अगस्त को थाना सिरसा कलार क्षेत्र के यमुना नदी के पाल सरेनी पुल से छलांग लगाने वाले धीरु उर्फ धीरेंद्र पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम सरेनी थाना सिरसा कलार जनपद जालौन उम्र करीब 21वर्ष का शव आज दिनांक 31.अगस्त को सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील की सूझबूझ और एनडीआरएफ एवं गोताखोरो की सराहनीय मदद से ग्राम उदईपुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात क्षेत्र में यमुना नदी में शव पाया गया है जिसकी सूचना सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील ने सरेनी निवासी धीरू के परिवार वालों



को शव मिलने की सूचना दी सूचना मिलते ही परिवारीजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए परिवार वालों ने शव की पहचान कर ली है सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील व एन डी आर एफ एवं गोताखोरों के लगातार अखत प्रयास से शव को खोजने में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया इस बात की सराहना वहां उपस्थित ग्रामीणो ने की जहां पर शव मिला है वह थाना भोगनीपुर मैं आता हूं इसलिए भोगनीपुर पुलिस द्वारा शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

# डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में बुधवार को छात्र छात्राओं ने मनाया रक्षाबंधन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक क्षेत्र के डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में बुधवार को छात्र छात्राओं ने रक्षा बंधन पर्व धूमधाम से मनाया।इस अवसर पर आयोजित राखी बनाओ प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने प्रतियोगिता में रंग बिरंगी राखी बनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



राखी प्रतियोगिता के उपरांत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कॉन्सेप्ट पर बनी राखियों को डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के बच्चों द्वारा डायरेक्टर हर्ष राय एवं शिक्षकों की उपस्थिति में आशुतोष श्रीवास्तव उप-जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद, तहसीलदार मुहम्मदाबाद, नायब तहसीलदार मुहम्मदाबाद, देवेन्द्र यादव थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर एव अन्य अधिकारियों को राखी बाँध कर रक्षा बंधन का पर्व धूम धाम से मनाया` तहसील सभागार मे उप-जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राखी बनाने का जो बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट कॉन्सेप्ट बच्चों ने उपयोग किया है वह वाकई काबिले तारीफ है उन्होंने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व के महत्व के बारे मे भी बताया` उक्त अवसर पर उपस्थित सभी बच्चे काफी उत्साहित थे` सभी बच्चों को उप-जिलाधिकारी ने चॉकलेट भी वितरित किया एवं स्कूल प्रशासन को भी साधुवाद दिया

# बहनों ने बांधी भाइयों की कलाई पर राखी, दिया सुरक्षा का वचन

**दैनिक समाज जागरण**

उरई (जालौन) सुबह सात बजे से ही राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया। बहनों ने पहले भाई की आरती उतारी और फिर टीका लगाकर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को उपहार दिया और उनकी सुरक्षा का वचन दिया। हर उम्र के लोगों में पर्व का खासा उत्साह था।



बहिनो ने भाइयों को राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लिया।

# 6 जिलों के रेल यात्रियों को राहत, रक्षाबंधन के बाद प्रयागराज से आनंद विहार तक चलेगी ये स्पेशल ट्रेन

लखनऊः रक्षाबंधन की छुट्टी खत्म होने के बाद काम पर लौटने के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन तक पर नजर आ रही है. रक्षाबंधन पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को सौगात दी है. यात्रियों को आने-जाने में परेशानी न हो इसके लिए आनंद विहार टर्मिनल और प्रयागराज के बीच रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है.

रेलवे आनंद विहार टर्मिनल और प्रयागराज के बीच रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन का संचालन करने जा रहा है. यह गाड़ी दो फेरे लगाएगी. मुख्य जन संपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 04111 प्रयागराज-आनंद विहार टर्मिनल रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन तीन सितंबर से चलाई जाएगी. यह ट्रेन रात को प्रयागराज से 8:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 7:15 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन संख्या 04112 आनंद विहार टर्मिनल-प्रयागराज स्पेशल ट्रेन चार सितंबर को आनंद विहार टर्मिनल से सुबह 9:30 बजे प्रस्थान कर उसी



दिन शाम सात बजे प्रयागराज पहुंचेगी.

**इन स्टेशनों पर रहेगा स्टॉपेज**

आगे बताया कि यह ट्रेन वातानुकूलित है, ताकि यात्रियों को गर्मी से बचाया जा सके. साथ ही ट्रेन शयनयान है. बताया कि सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली यह स्पेशल ट्रेन फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टुंडला और अलीगढ़ स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी. ऐसे में इन शहरों के यात्रियों को भी आने-जाने में कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा. बताया कि रेलवे की ओर से इस ट्रेन को शुरू करने के पीछे यही वजह है कि लोग आसानी से रक्षाबंधन के बाद अपने काम पर या पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं वापस लौट सकें. ट्रेन में रिजर्वेशन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरीका अपनाया जा सकता है.

# PhD की छात्रा ने काटी हाथ की नस, डीन ऑफिस पर लगा मानसिक शोषण का आरोप

वाराणसी. काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय की शोध छात्रा द्वारा आत्महत्या की कोशिश से विश्वविद्यालय में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में छात्रा को बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया, जहां फौरन इलाज मिलने के कारण छात्रा की जान बचाई जा सकी. फिलहाल छात्रा खतरे से बाहर है. बताया जा रहा है कि मानसिक शोषण की वजह से छात्रा ने यह कदम उठाया.

पूरी घटना विश्वविद्यालय के न्यू पीएचडी गर्ल्स हॉस्टल की है. छात्रा कला संकाय में वोकेशनल पीएचडी कर रही है. साथी छात्रों ने आरोप लगाया है कि पीड़ित छात्रा ने यह कदम मानसिक शोषण के कारण उठाया. डेढ़ साल पहले उसका पीएचडी में एडमिशन हुआ है, लेकिन ना तो उसका आरसी हुआ और ना ही रजिस्ट्रेशन लेटर मिला. लगातार डीन ऑफिस में अपनी फरियाद वह लेकर जा रही थी, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी. इसी वजह से परेशान छात्रा ने आज अपने हाथ की नस काट कर अपनी जान देने की कोशिश की.

# श्री कंबल वाले बाबा का एक दिवसीय कार्यक्रम 2 सितंबर को-गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की कलश यात्रा सोमवार 30 अक्टूबर को

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

महर्षि विश्वामित्र की नगरी बक्सर के राजपुर प्रखंड के पिपराढ में आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्री श्री 1008 गंगापुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने बताया की श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा 30 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 8 बजे निर्धारित है।मण्डप प्रवेश एवं अरणी मंथन 31 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से निर्धारित है।इस महायज्ञ में देश के कोने कोने से राष्ट्रीय संत पधार रहे हैं। राजस्थान के प्रसिद्ध श्री कंबल वाले बाबा का शिविर पहली बार एक दिन के लिए 2 सितंबर को सुबह 7 से दोपहर बाद 1 बजे तक आयोजित होगा। उसके पश्चात श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ से दो दिन पूर्व 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक कंबल वाले बाबा का शिविर



निर्धारित किया गया है। बुधवार को कर्नाटक से बहुत से लोग किसी युट्यूब पर भ्रामक तिथि की जानकारी पाकर पिपराढ यज्ञ स्थल पर पहुंच गए हैं। गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने बताया की कार्यक्रम के संबंध में सब कुछ निर्धारित किया जा चुका है।और प्रचार प्रसार के हर माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है।3 नवंबर को दिन में 12 बजे से अखिल भारतीय धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पुणाहुति 4 नवम्बर दिन सोमवार 11 बजे से एवं विशाल भण्डारे का आयोजन।सभी श्रद्धालुओं के रहने एवं भोजन की ब्यवस्था यज्ञ समिति के द्वारा की जाएगी।

# सपा नेता धीरसेन निषाद को पुलिस ने किया गिरफ्तार, नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोप

उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के रूधौली पुलिस ने सपा के रूधौली नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद को गिरफ्तार किया है. धीरसेन निषाद पर नौकरी का झांसा देकर लड़की से दुष्कर्म करने का आरोप लगा था. पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था. पुलिस ने रूधौली नगर पंचायत अध्यक्ष को छावनी से गिरफ्तार कर लिया है.

पीड़िता ने बीते 28 अगस्त को एसपी कार्यालय पर पहुंच कर रूधौली नगर पंचायत अध्यक्ष पर दुष्कर्म का आरोप लगा कर सनसनी मचा दी थी. पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि 2021 में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद से माया पाठक ने मुलाकात कराई थी. नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद ने नौकरी का झांसा देकर उस का शारीरिक शोषण किया. उस के बाद वह प्रेगनेंट हो गई.

**क्या है पीड़िता का आरोप ?**

जब नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन से बात की गई तो माया पाठक से दवा खिलाकर जबरन गर्भपात करवा दिया गया. उस के



बाद भी नौकरी नहीं मिली. जब मैंने गर्भपात का ऑडियो वायरल करने को कहा तो मुझे अगस्त 2022 में सफाईकर्मी के पद पर नियुक्त किया गया. उस के बाद भी आरोपी बार-बार दुष्कर्म करता रहा. मैने जब इस का विरोध किया तो मुझे ऑफिस में अटैच कर प्रताड़ित करने लगे. मेरी इच्छा के विरुद्ध कई बार दुष्कर्म किया गया.

पुलिस ने आरोपी सपा नेता को भेजा जेल पीड़िता की तहरीर पर रूधौली नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद और माया पाठक पर धारा 376, 120इ और एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया. मुकदमा दर्ज होने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद फरार हो गया. पुलिस ने छावनी से अध्यक्ष को अरेस्ट कर लिया है. पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में रेप के आरोपी सपा के रूधौली नगर पंचायत अध्यक्ष को जेल भेज दिया है.

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 'सकारात्मक परिवर्तन वर्ष - 2023' का किया शुभारंभ

पृष्ठ संख्या 1 का शेष

राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मकुमारी परिवार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए बधाई देती हूँ। सकारात्मक परिवर्तन को लेकर ओडिशा में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और मैं आज यहाँ आप सभी के बीच में भी हूँ। मैं यहाँ पहले ही आ चुकी हूँ। फिर से बुलाने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूँ।

उन्होंने कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है, चांद पर तिरंगा लहरा रहा है और विश्वस्तरीय खेलों में कीर्तिमान रच रहा है। हमारे देश-वासी अनेक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एक अत्यंत गम्भीर विषय है कुछ दिन पहले नीट की तैयारी कर रहे दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, अपने सपनों, अपने भविष्य का अंत कर दिया। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। हार-जीत तो होती रहती है। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों पर कांपिटिशन का प्रेशर है लेकिन जितना जरूरी उनका करियर है। उतना ही जरूरी है कि वे जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। पाजिटिव थीम की सहायता से हम उन बच्चों की मदद कर सकते हैं जो बच्चे ऐसे मोड़ पर निराश हो जाते हैं।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अध्यात्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किये। उन्होंने कहा कि मेरी आध्यात्मिक यात्रा में भी ब्रह्मकुमारी संस्था ने मेरा बहुत साथ दिया है। जब मेरे जीवन में कठिनाई थी तब मैं उनके पास जाती थी। ब्रह्मकुमारी का रास्ता मुझे बहुत अच्छा लगा। आप सहजता से काम करते हुए आप अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकते हैं। जिंदगी जीने की कला वो सिखाते हैं।उन्होंने कहा कि हम आज सभी टेक्नालाजी के युग में जी रहे हैं। बच्चे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की बात कर रहे हैं लेकिन यह भी जरूरी है कि दिन का कुछ समय मोबाइल से दूर रहकर बिताएं। अपने संबोधन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन का मतलब ऐसे परिवर्तन से है




जिसका लाभ व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को हो। जब कोई समाज सकारात्मक बदलाव को अपनाता है तब वह और अधिक मजबूत हो जाता है। हम सभी जानते हैं कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जो रूढ़िवादी और परंपरावादी समाज अपनी मान्यताओं और परंपराओं को बदलना नहीं चाहता वह मुख्यधारा से कट जाता है। समय और आवश्यकता के अनुसार समाज में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। जब तूफान चलता है तो वही पेड़ सुरक्षित रहता है जो झुकना जानता है। इसलिए हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलना चाहिए। आपकी संस्था आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के कार्य में सकारात्मक भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपति जी का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण है। उनकी इस यात्रा के लिए मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों की ओर से उन्हें बहुत धन्यवाद देता हूं। राष्ट्रपति के रूप में पूरे देश की मुखिया के आगमन से हम छत्तीसगढ़ के लोग विशेष आत्मीयता का अनुभव कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया है। यह प्रदेश एक आदिवासी प्रदेश है, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग बहुत बड़ी संख्या में यहां निवास करते हैं। सभी वंचितों को न्याय मिले, यह संविधान की भावना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है। इस मौके पर माउण्ट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युंजय भाई, रायपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता देवी, इंदौर जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडिशनल डायरेक्टर लीना दीदी, न्यायाविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक नथमल भाई सहित संस्था के अन्य प्रीतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद हैं।

# सिहरा नाला में अतिक्रमण कर लहलहा रही धान की फसल

## पांच साल से पूर्ण होने की बाट जोह रहा स्टाफ डैम

उमरिया----पाली जनपद पंचायत की बेली ग्राम पंचायत के जमुहाई गांव में सिहरा नाला में निमार्णाधीन रपटा कम स्टाप डेम अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है ।विदित होवे कि पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में सिहरा नाला में एक स्टाप डेम का निर्माण कार्य शुरू किया गया था लेकिन वह अभी भी पूर्ण होने की बाट जोह रहा है ।बताया जाता है कि निमार्णाधीन इस रपटा कम स्टाप डेम की लागत तत्कालीन सचिव राम प्रसाद पनिका के द्वारा पूरी आहरित कर ली गई है , लेकिन निर्माण आज भी अधूरा अटका पड़ा हुआ है ।इस निर्माण में तकरीबन दस लाख रुपए आहरण किये जाने की बात बतायी जा रही है । ग्राम वासियों ने बताया कि उक्त सचिव के कार्यकाल में शासकीय राशि की जमकर होली खेली गई है , यही वजह है कि उक्त सचिव जहां -जहां पदस्थ रहे उनके अधूरे निर्माण कार्य इस बात के साक्षी बने हुए हैं । बताया जाता है कि जहां -जहां उक्त सचिव रहे हर पंचायत में शासकीय राशि का बंदरबांट कर वहां से चलता हुए , प्रशासन हैं कि ऐसे सचिवों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही करने की वजाय उन्हें अन्य पंचायतो का वित्तीय प्रभार सौंपकर उपकृत करती नजर आ रही है ।

ग्राम वासियों ने बताया कि सिहरा नाला जहां पर उक्त निर्माण कार्य शुरू किया गया था उसमें गांव के ही सुन्दर लाल बैगा वर्तमान में अतिक्रमण कर धान की फसल लगायें हुएं हैं , जिससे पूरे गांव वासियों का निस्तार बन्द हो गया है । जमुहाई गांव में सिहरा ही एकमात्र जिंदा नाला था , जिसमें गांव के तकरीबन दो सौ बैगा परिवारों का गुजर बसर होता रहा है , लेकिन जब उसमें निर्माण



कार्य शुरू किया गया तब से वन विकास निगम मे कार्यरत सुन्दर लाल बैगा ने अतिक्रमण कर खेती करने लगा । सिहरा नाला में जहां पर अतिक्रमण किया गया है वह इस नाले का उदगम स्थल बताया जाता है , उदगम स्थल पर अतिक्रमण होने से नाला का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है ।

बैगा समुदाय के लोगो ने बतलाया कि वन विकास निगम के इस कर्मचारी पर वन विकास निगम के कतिपय अधिकारियों का वरदहस्त प्राप्त है,तभी तो अदना सा व्यक्ति शासकीय नाला में अतिक्रमण कर नाला को समाप्त करने में आमदा है । पिछले वर्ष भी अतिक्रमण के दौरान इस मामले को प्रशासन के ध्यान में लाया गया था लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की । देखना दिलचस्प होगा कि अतिक्रमण के इस मामले में प्रशासन कोई ऐहतियात कार्यवाही करती है कि सिहरा नाला सदा के लिए अतिक्रमण की भेंट चढ़ जायेगा ।

# मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश को ठेंगा दिखाता पाली का महाविद्यालय

## फोटो खिंचाकर खानापूर्ति कर कर्तव्यो की इति श्री

बिरसिंहपुर पाली----- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी महाविद्यालयो में अपने आदेश क्र 708/856 / रासेयो/ भोपाल - दिनांक 23-08-23 को राष्ट्रीय खेल सप्ताह मनायें जाने के निर्देश दिए गए थे , उक्त आदेश में 21 अगस्त से 29 अगस्त के बीच मनायें जाने के निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के व्दारा आयोजित खेल - कूद का आयोजन किये जाने थे लेकिन बिरासनी महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में में इस




आयोजन के नाम पर खानापूर्ति किया जा रहा है। बताया जाता है कि अनियमितता , और खानापूर्ति में माहिर महाविद्यालयलीन प्रबंधन ने इस बार भी खेल की जगह खेला कर अपने कर्तव्यो की इति श्री कर दी गई ।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष भी महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली ने खेल के नाम पर विद्यार्थियों से ही किट खरीदवा कर खेल कार्यक्रम की सुर्खिया बटोरी थी , इस बार तो महाविद्यालय प्रबंधन इतना करना भी उचित नहीं समझा ।

# अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन आज

## राष्ट्रीय स्तर के कवि करेंगे काव्यपाठ, कई वर्षों बाद कोयलांचल क्षेत्र में हो रहा अखिल भारतीय स्तर का कवि सम्मेलन

पौराधार/राजनगर- नवगठित नगरीय निकाय डूमरकछार के प्रथम निर्वाचन के उपरांत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के उपरांत 01 सितंबर 2022 को शपथ ग्रहण समारोह डूमरकछार नगर परिषद में संपन्न हुआ था,शपथ ग्रहण समारोह के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर स्वस्थ मनोरंजन के दृष्टि से राष्ट्रभक्ति, हास्य,व्यंग आंशू ,ओज, श्रृंगार , गीत, गजल एवं विधाओं से परिपूर्ण कई राष्ट्रीय स्तर के कवियों का समागम कवि सम्मेलन के रूप में डूमरकछार नगर परिषद के पौराधार कालोनी में म.प्र. महिला वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) अमिता चपरा,हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया सहित क्षेत्र के अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक एवं कोल इंडिया के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कवि सम्मेलन का आयोजन आज 01 सितंबर को संपन्न किया जा रहा।



### कवि सम्मेलन का संचालन

डॉ.नरेन्द्र मिश्र (धड़कन) चिरमिरी छ.ग. राष्ट्रीय कवि मंच का संचालन करेंगे, पूरे देश में काव्य पाठ के साथ ही इनकी 37 पुस्तके अब तक प्रकाशित की चुकी है।

कौशल सक्सेना हास्य,ओज एवं संचालक के लिए एक ख्याति प्राप्त कवि मध्य प्रदेश के रायसेन से हैं। नरेन्द्र सिंह अकेला, आशू कवि मंच संचालक उज्जैन सैकड़ो पुरुस्कार,ईटीवी,जीटीवी में काव्य पाठ,कौशल सम्मेलन, हास्य,ओज एवं संचालक के ख्यातिलब्ध कवि ने पूरे देश में अपनी अलग छाप छोड़ी है।

दिनेश गुक्कज, हास्य कवि प्रतापगढ उ.प्र. राजघराने के फकीर कवि हास्य के विस्फोटक कवि के नाम से मशहूर हैं।

भूपेन्द्र सिंह राठौर ओज कोटा,राजस्थान से राष्ट्र जागरण,वंदना की प्रस्तुति के लिए इन्हें जाना पहचाना जाता है,ये व्यस्तम कवियों में से एक है।

ड्रा.लता स्वराजंलि भोपाल श्रृंगार रस की एक बड़ी कवित्री है, इनकी अनेक पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है साथ ही दूरर्शन,आकाशवाणी एवं कई मंचो पर इनका काव्य पाठ हो चुका है।

अकबर ताज देशगीत खंडवा, सूरदास,रसखान को जीने वाले ये कवि दूरदर्शन, वाह भाई वाह भीम जन्म से ही दिव्यांग है।

कवि आशीश शुद्ध-हास्य, युवा दिलों की धड़कन बन गये है ये प्रयागराज से है, वाह भाई वाह में भी शिरकत कर चुके है। आज 01 सितंबर को मध्य प्रदेश के शुरूआती छोर पर स्थित नगर परिषद डूमरकछार के पौराधार कालोनी में जो यह कवि सम्मेलन हो रहा यह कोयलांचल क्षेत्र में कई वर्षों के बाद आयोजन किया जा रहा है,इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन की जानकारी मिलने पर कवि सम्मेलन एवं कविता पाठ में रुचि रखने वाले नागरिकों,काव्यप्रेमियों, साहित्यकारों में हर्ष, उल्लास और उमंग व्याप्त है।

कवि सम्मेलन का कार्यक्रम शाम 7:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा आयोजक मंडल ने आसपास के क्षेत्र के सभी कवि प्रेमियों, साहित्यकारों, रचनाकारों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों सभी से कवि सम्मेलन में पहुंचकर काव्य पाठ का आनंद उठाने का आग्रह किया है।

# साहू होंगे जोहिला एरिया के नए महाप्रबंधक

उमरिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर द्वारा एसईसीएल के कई एरिया महाप्रबंधकों का स्थानांतरण अन्यत्र एरिया के लिए किया गया है जिसमें जोहिला क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार का स्थानांतरण भटगांव क्षेत्र के लिए किया गया है अब वह भटगांव क्षेत्र के नए महाप्रबंधक होंगे वहीं जोहिला क्षेत्र में विश्रामपुर क्षेत्र से कैलाश चंद्र साहू की पदस्थापना की गई है और साहू अब जोहिला क्षेत्र के नए महाप्रबंधक होंगे।



सुख समृद्धि का प्रतीक मां-बहनों के हर्षोल्लास का पर्व कजलियां परम्परा अनुसार आज मां काली धाम में मनाया जायेगा। मां काली एवं राम जानकी कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में इस बार इस पर्व को मनाने हेतु विशेष सुविधा व्यवस्था दी गई है। जिसके अनुसार दोपहर से ही राम जानकी दरबार में मानस गान होगा तत्पश्चात सायं 4 बजे ग्राम के कुशवाहा मोहल्ला से विशाल शोभायात्रा के साथ मां-बहनें व छोटे बच्चे अपने घरों में बोया गया देवी स्वरूप कजलियां (खुजलू) लेकर मां काली धाम के रजहा सरोवर में विसर्जित करेंगे, मां काली व दरबार के सभी देवी-देवताओं को समर्पित कर वहां उपस्थित सभी जनों अपना स्नेह कजलियां के रूप में समर्पित कर आशीर्वाद व शुभकामनाएं प्राप्त करेंगे। विशाल भीड़ के मद्देनजर समन्वय डॉ श्री आदित्य द्विवेदी व अध्यक्ष श्री यादवेन्द्र पाण्डेय के दिशा निर्देशन पर समिति ने बेहतर सुव्यवस्था के लिए सभी तैयारियां पूरी कर चुकी है। कजलियां मिलन समारोह के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी चलता रहेगा।इस पर्व में सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ऐसी अपेक्षा व तैयारी की गई है।

# आम आदमी पार्टी की डॉ उज्वला कराडे का बृहस्पति बाजार में जनसंपर्क

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर । आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ उज्वला कराडे गुरुवार को बिलासपुर शहर के बृहस्पति बाजार में जनसंपर्क करते नजर आई । बाजार में जनसंपर्क के दौरान सब्जी विक्रेता एवं सब्जी खरीदने आए बिलासपुर के नागरिकों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को जाना व आने वाले समय में वह बिलासपुर को कैसा देखना चाहते हैं इस पर उन्होंने चर्चा किया,

डॉ उज्वाला कराड़े ने बताया कि उनके लगातार जनसंपर्क अभियान में बहुत से लोग - ग्रहणियां , विद्यार्थी ,व्यापारी एवं अन्य लोग उनसे जुड़ते जा रहे हैं और आम आदमी पार्टी को एक नए विकल्प के रूप में स्वीकार कर रहे हैं डॉक्टर उज्वला कराडे ने बताया कि इसी कड़ी में वह आज बिलासपुर के बृहस्पति बाजार में जनसंपर्क करने आई है बाजार में आने वाले लोग जो कि अपना घर चालाते हैं उन्होंने अपनी समस्याएं बताई कि इस महंगाई के दौर में घर चलाना काफी मुश्कल हो गया है गैस पेट्रोल राशन सब्जी इत्यादि की महंगाई से लोग हताश हैं पुरानी राजनीतिक पार्टियों से त्रस्त है और अरविंद केजरीवाल जी के दिल्ली व पंजाब में किया जा रहे हैं कार्यों एवं हाल ही में अभी छत्तीसगढ़ में दिए गए "अच्छे व निशुल्क शिक्षा-स्वास्थ्य-बिजली-पानी के




गारंटीयों" से प्रभावित होकर लोग काफी उम्मीद के साथ आम आदमी पार्टी को एक नए विकल्प के रूप में लोग स्वीकार कर रहे हैं आपको बता दे कि यह जनसंपर्क अभियान डॉक्टर उज्वला कराडे के द्वारा विगत कई महीनो से लगातार चलाए जा रहा है जिसमें वह बिलासपुर शहर के प्रत्येक घर-घर , दुकान-दुकान, प्रमुख चौक चौराहा एवं बाजारों में जाकर लोगों से मिल रही है और उनसे उनकी परेशानी व समस्याएं जान रही है और शहर के गंभीर मुद्दों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर शहर के लोगों को जागरुक भी कर रही हैं इससे शहर के काफी प्रतिष्ठित व्यक्ति प्रभावित होकर उनके साथ जुड़ रहे हैं आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे हैं। लगातार जनसंपर्क अभियान से शहर में आम आदमी पार्टी के डाक्टर उज्वला कराडे की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है ऐसे में दूसरे राजनीतिक पार्टियों के लिए यह काफी गंभीर चिंता का विषय बना गया है

# 'अडाणी केस की जांच होनी चाहिए', मुंबई में बैठक से पहले राहुल गांधी का बड़ा बयान

मुंबई. कांग्रेस नेता राहुल गांधी (उङ्घल्लॅश्१२२ 'ींी१ फॅं४' ऋ्ल्लॅं) ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अडाणी केस की जांच होनी चाहिए. यह बात उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडियन



नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (कठ.ऊकअ.) की मुंबई में होने वाली बैठक से ठीक पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही. इससे पहले मुंबई एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया. विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक मुंबई में आयोजित है और उसमें कई दिग्गज विपक्षी नेता शामिल होंगे.

राहुल गांधी ने कहा कि दो इंटरनेशनल न्यूजपेपर द्यद गार्जियन' और 'फाइनेंशियल टाइम्स' में अडाणी को लेकर जो खबर छपी है उसको लेकर पूछताछ होनी चाहिए. उन्होंने पेपर कटिंग को भी दिखाया. राहुल गांधी ने कहा कि अडाणी देश की संपत्ति खरीद रहे हैं और ऐसे में पूरे केस की जांच होनी चाहिए. आखिर एक आदमी को इतना संरक्षण क्यों दिया जा रहा है. विपक्षी गठबंधन के जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की शाम एक बैठक का आयोजन होगा और उसके बाद उद्धव ठाकरे की मेजबानी में डिनर का आयोजन किया गया है.

# इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की 2 सितंबर को हल्का उकलाना के नौ जोनो की होगी मीटिंग

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की 2 सितंबर को हलका उकलाना के नौ जोनों की मीटिंग का आयोजन किया जाएगो जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी उमेद लोहान, जिलाध्यक्ष सतबीर सिंह सिसाय, जिला प्रभारी राजेश गोदारा, जिलाध्यक्ष किसान सेल राजीव राजा, हलका अध्यक्ष कलीराम खेदड, हलका प्रभारी बलराज सभ्रवाल, जिलाध्यक्ष महिला सेल ललिता टाक, सभी जोनो के जोन अध्यक्ष, जिसमें श्रवण राठौर, सुभाष किरमारा, चरण सिंह बालक, सतबीर भांभू चमारखेड़ा, नरेंद्र घनघस, विकास भेरियाँ, रणबीर नैन प्रभुवाला, मुकेश लितानी, वीरेंद्र सौथा व सुभाष खरक पुनियाँ आदि शामिल रहेंगे अग्रोहा मोड में बरवाला रोड़ पर स्थित इनेलो



प्रभारी उकलाना बलराज सभरवाल के कार्यालय के प्रांगण में 2 सितंबर को प्रातः 10 बजे तीन जोनो की मीटींग होगी जिसमें अग्रोहा जोन, किरमारा जोन व बालक जोन शामिल होंगे इसके बाद दोपहर 1 बजे भूना रोड उकलाना में स्थित इनेलो कार्यालय के प्रांगण में चार जोनों की मीटीगं होगी जिसमें उकलाना जोन , बिठमड़ा जोन, पाबड़ा जोन व लितानी जोन होगें और शाम को 4 बजे खरकपुनिया में खरकपुनिया जोन और मतलोढ़ा जोन की मीटिंग होगी यह जानकारी देते हुए हलका प्रभारी बलराज सभ्रवाल और हलका अध्यक्ष कलीराम खेदड ने बताया कि इस मीटिंग में जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी, चंडीगढ़ में इनेलो प्रधान महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला के साथ हुई मीटिंग की विस्तार से चर्चा करेंगे और 10 सितंबर को ताऊ देवीलाल सदन हिसार में होने वाली इनेलो प्रधान महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला की मिटीगं जो 25 सितम्बर को कैथल मे होने वाली वाली ताऊ देवीलाल सम्मान समारोह रैली के लिए होगी, उस मीटिंग में अधिक से अधिक तादाद में लोगो के पहुंचने की अपील करेंगे।

# फर्जी डिप्टी पुलिस कमिश्नर बनकर फोन पर सुघर सिंह पत्रकार को मिली परिवार समेत गोली मारने की धमकी

## बीते वर्ष भी दो बार मिली थी धमकी,थाना सैफई में हुआ था मुकदमा दर्ज, एक मे चार्जसीट प्रेषित, दूसरे में फर्जी पते से खरीदी गई थी सिमकार्ड

समाज जागरण

सैफई ( इटावा) इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह पत्रकार सैफई को पिछले एक सप्ताह से 6 अज्ञात मोबाइल नंबरों से परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी देने वाले अपराधी इस तरह निर्भीक हैं कि उन्होंने ट्रूकॉलर पर डिप्टी पुलिस कमिश्नर राजेश का फोटो लगाकर पुलिस कमिश्नर के नाम से परिवार समेत गोली मारने की धमकी दी है थाना सैफई पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। न ही पीड़ित को सुरक्षा दी है।

पीड़ित सुघर सिंह पत्रकार ने बताया कि मेरे मोबाइल नंबर 9457262323 पर धमकी देने वालों के नंबर (1) 8979947062, (2) 6375295219 (3) 8218185432 (4) 8630879262, (5) 9646416132, (6) 720621600 है। इन नंबरों से गंदी गंदी गाली व गोली मारने की धमकी परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उक्त नंबर का कॉल रिकॉर्डिंग, व २२ का स्क्रीनशॉट पुलिस को दे दिया गया है। धमकी देने बालों से मेरे द्वारा दूसरे मोबाइल नंबर 7078477771 से फोन करके जानकारी की गई तो पुनः अभियुक्तों ने गंदी गंदी गाली व जान से मारने की धमकी दी। उक्त सभी मोबाइल से दिनाँक 19/08/2023 से 25/08/2023 तक लगातार गाली व धमकी दी गयी है। धमकी व गाली सबसे पहले सचिन नाम की इंस्टाग्राम आईडी से दी गयी।

6375295219 मोबाइल नंबर से डिप्टी पुलिस कमिश्नर राजेश के नाम व ट्रूकॉलर पर फर्जी पुलिस अधिकारी का नाम व फोटो प्रयोग करके फोन करके परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी गयी। उक्त अभियुक्त बहुत ही शातिर है। और अपना नाम पता तक नही बता रहे है। सुघर सिंह पत्रकार ने बताया के एसएसपी इटावा तत्काल मुझे मेरे परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराएं अन्यथा मेरी हत्या हो सकती है। साथ ही मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश थाना अध्यक्ष सैफई को दें।

उन्होंने कहा मेरे द्वारा जिन अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है उन मुकदमों में समझौता करने के लिए अपराधी धमकी दिला रहे है। पूर्व में भी धमकी देने के दो मुकदमे सैफई थाने में पंजीकृत कराये जा चुके हैं जिसमें एक में चार्जसीट जा चुकी है दूसरे मुकदमे में अपराधी का पता लगना मुश्किल रहा है क्यों कि अपराधी ने पूर्व में फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस पर सिम ली गई है और अपराधी का पता फर्जी पाया गया है वह सिर्फ अपराध करने के लिए सिम का प्रयोग करता है। अपराधी सिम का प्रयोग सिर्फ धमकी देने के लिए करता है पुलिस की जांच में यह खुलासा हो चुका है।

## कॉम्बिंग गश्त के दौरान 190 पुलिसकर्मियों ने चलाया अभियान, गिरफ़्तारी वारंट के तहत कई बदमाश गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(01 सितम्बर )आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस एक्शन मोड पर आ गयी हैं। निगरानी एवं वारंटी बदमाशों की धरपकड़ शुरू हो गयी हैं। अवैध कार्यों में लिप्त लोगो पर नजर रखी जा रही हैं जिन पर कार्यवाही भी की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निदेशन में पूरे जिले में पुलिस की ओर से 30 अगस्त की रात्रि एक साथ कॉम्बिंग गश्त की गई। जिले के अलग-अलग थाना और चौकियों में की गई इस गश्त में शामिल 190 पुलिसकर्मियों ने 101 (12 स्थाई और 89 गिरफ्तारी) वारंट की तामिली के साथ ही 12 जिला बदर, 90 निगरानी और 77 गुंडा बदमाशों को चेक किया गया।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर और विनोद मीणा के मार्गदर्शन में 6 राजपत्रित अधिकारी, पुलिस थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र में वारंट की ना केवल तामील कराई बल्कि बदमाशों को भी चेक किया गया। जिसमें पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट में कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। चुनाव और वीआपी के भ्रमण के मद्दे नजर कानून व्यवस्था को लेकर बालाघाट पुलिस गंभीर है और इससे पहले कि कोई आरोपी अशांति फैलाए, पुलिस उसे रोकने में लगी है।पुलिस ने अवैध कार्य करने वालों पर खास नजर रखकर कार्यवाही कर रही हैं जिससे अवैध कारोबार करने वालों में खलबली मच गयी हैं।

## कानपुर में धूमधाम से रक्षाबंधन, खुश मीठी ,कृष्णा, हनू ,देवांश राघव , नंदन

### - थानों में पुलिस वालों के साथ ही बहनों ने जेल में बांधी भाइयों को राखी

सुनील बाजपेई कानपुर। आज यहां गुरुवार को भाई-बहन के प्रेम पर्व रक्षाबंधन का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध उनसे रक्षा का वचन भी लिया।

इसके लिए बहनों ने शुभ मुहूर्त में कुमकुम, अक्षत, रक्षा सूत्र, मिठाई, सूखा नारियल से पूजा का थाल सजाया। इसके बाद भाई के माथे पर प्रेम का टीका लगा ,आरती उतारी रक्षासूत्र बांधा। साथ ही उनकी लंबी उम्र और कामयाबी की कामना भी की। बदले में भाईयों ने भी अपनी प्यारी बहन को उपहार स्वरूप उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया।

इसी क्रम में दबौली की समीक्षा रुची मनोहर राज मिश्रा की बेटी नंदिनी मीठी ने भी भाई बुद्धि निकेत कृष्णा मिश्रा, कार्तिकेय त्रिपाठी हनू , समक्ष नंदन मिश्रा और देवांश बाजपेई राघव को भी तिलक लगा, राखी बांध और



मिठाई खिला इस परंपरा का निर्वहन किया। इस अवसर पर चारो ने बच्ची नंदिनी के पैर छूकर उसका आशीर्वाद भी लिया। आज राखी के त्योहार पर दिनभर घरों में रक्षा सूत्र बांधने को लेकर लोगों में उत्साह भी दिखाई दिया । विवाहित महिलाओं ने अपने पीहर पहुंच कर भाइयों को रक्षा सूत्र बांध उनसे रक्षा का वचन और बुजुर्गों के पांव छूकर आशीर्वाद लिया। राखी बांधने यह क्रम पुलिस थानों और जेल में भी लगातार चलता दिखाई पड़ा।

## रक्षाबंधन के साथ धूमधाम से मनाया गया भुजरियां पर्व, निकली शोभायात्रा, गाए सावन के मनभावन गीत

रायसेन । प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भुजरिया पर्व के शुभ अवसर पर शहर में कई स्थानों से कजलियां की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई वहीं कई महिलाएं अलग-अलग मोहल्ला से अपने सिर पर कजलिया रखकर विसर्जन के लिए चलते हुए दिखाई दी। शहर के प्राचीन नरापुरा से काजलियो का जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए जहां महिला वर्ग द्वारा सावन के मनभावन गीत गाकर कजलिया पर मनाया गया वहीं दूसरी ओर शोभा यात्रा में शामिल लोगो ने लहगी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया एवं सावन के गीत गाकर जमकर मनोरंजन किया । भुजरिया की शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया इसके पश्चात नगर के प्राचीन मिश्रा तालाब पर शाम के समय कजलियो को सम्मान के साथ तालाब में विसर्जित किया गया। इस मौके पर मिश्र तालाब किनारे पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़भाड़ देखी गई भुजरिया पर्व के उपलक्ष में लोग एक दूसरे से भुजरिया लेकर गले मिलते दिखाई दिए इस अवसर पर बड़े लोगों ने छोटे लोगों को आशीर्वाद दिया और छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया । इस प्रकार से श्रद्धा भावना के साथ भुजरिया पर्व मनाया गया इससे पूर्व सुबह के समय रक्षाबंधन पर भी मनाया गया जिन बहनों ने रात के समय में रक्षा सूत्र नहीं बाधे थे उन बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उत्साह के साथ रक्षाबंधन



का पर्व मनाया। इस प्रकार से इस वर्ष में 2 दिन रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया क्योंकि भद्रा नक्षत्र बीच में आ जाने के कारण है स्थिति निर्मित हुई जिससे लोगों को दो दिन रक्षाबंधन मानना पड़ा इस तरह से बुधवार को रक्षाबंधन और भूजरिया दोनों ही धूमधाम के साथ मनाए गए शहर में भी त्यौहार को लेकर बाजार में काफी लोगों की चहल-पहल देखी गई।

## नवीन मतदाताओं ने जानी ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया, ताकि सही से मतदान कर सकें

रायसेन। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाता सहज रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार दुबे के निदेर्शानुसार जिले में मतदान केन्द्रों, सार्वजनिक स्थलों पर ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन, शासकीय कन्या महाविद्यालय रायसेन, शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज सहित अन्य महाविद्यालयों में युवा तथा नवीन मतदाताओं के समक्ष ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए मतदान करने की प्रक्रिया बताई गई।

नवीन तथा युवा मतदाता भी मतदान प्रक्रिया सीखने को उत्सुक नजर आए तथा ईवीएम का बटन दबाकर मतदान प्रक्रिया देखी तथा ईवीएम की कार्यप्रणाली को भी जाना। इसके साथ ही युवा तथा नवीन मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान दिवस को अनिवार्य रूप से मतदान केन्द्र जाकर बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया।

## बाड़ी तहसील के ग्राम खपरियाकलां अपने मामा अपने मामा के यहां पहुंचे मुख्यमंत्री श्री चौहान, शोकाकुल परि-वारों से भेंट कर बंधाया ढांढस

रायसेन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रायसेन जिले की बाड़ी तहसील के ग्राम खपरियाकलां में अपने मामा रणधीर सिंह चौहान के निवास पर पहुंचे तथा शोकाकुल परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। रणधीर सिंह चौहान के पुत्र स्व. भगवानदास चौहान का 31 जुलाई को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा स्व. साहब सिंह, स्व. बैनी सिंह, स्व. भवानी सिंह, स्व. रतन सिंह तथा स्व. श्यामलाल बनखेड़िया के निवास पर भी पहुंचकर परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी गई। मुख्यमंत्री खपरियाकलां में अन्य परिचितों के निवास पर भी पहुंचे तथा कुशलक्षेम जानी। इस दौरान लाड़ली बहनों तथा भांजियों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान को राखी भी बांधी गई।

## आदतन अपराधी मनीष रघुवंशी एक साल तथा हल्के लोधी तीन महीने के लिए जिलाबदर

रायसेन। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी मनीष रघुवंशी पिता शेरसिंह रघुवंशी निवासी ग्राम बटेरा थाना बरेली जिला रायसेन को एक साल के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2011 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 14 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी मनीष रघुवंशी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम्‍ एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से एक साल के लिए निष्कासित किया गया है।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी हल्के लोधी पिता भोगचंद लोधी निवासी ग्राम टीलाखुर्द थाना देवनगर जिला रायसेन को तीन माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 1975 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 21 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी हल्के लोधी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम्‍ एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है।

## सामान्य भविष्य निधि अदालत 12 से 14 सितम्बर तक

रायसेन। शासकीय कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी द्वितीय) द्वारा 12 से 14 सितम्बर तक सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन विंध्याचल भवन भोपाल में किया जा रहा है। इस अदालत में शासकीय कर्मियों के लेखा खातों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

रायसेन। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहले अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई थी।

प्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया 2 अगस्त से शुरू हुई थी।

## प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे,,,,

मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 के अंतर्गत 11 सितंबर तक दावा-आपत्ति के आवेदन लिए जाएंगे। प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में प्रदेश के सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों को प्राप्त करेंगे।

### ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन,,,,

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वे ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, इसके लिए नागरिकों को अवजमते.मबप.हवअ.पद अथवा टवजमत भ्मसचसपदम ।च्च के माध्यम से आवेदन करना होगा। साथ ही जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए 11 सितंबर तक अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश में 2 अगस्त से शुरू हुए मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए अब तक 22 लाख 95 हजार 554 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## खेती के लिए पानी और बिजली की कमी न रहे,, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

रायसेन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में हो रही सामान्य से कम वर्षा को देखते हुए आगामी माहों में सिंचाई के लिए पानी और बिजली की उपलब्धता की समीक्षा की। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बिजली के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहीं भी स्टाफ के अभाव में बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके साथ ही कंट्रोल रूप व्यवस्था को भी हर समय सक्रिय रखा जाए।

बैठक में आगामी माहों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की मांग और आपूर्ति प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रबी सीजन में खेती के लिए पानी और बिजली की कमी न रहें। बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव किसान-कल्याण एवं कृषि विकास अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला, छठवें वेतनमान में अब 221: और सातवें वेतनमान में 42: मंहगाई राहत

रायसेन। राज्य शासन ने पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए पेंशनरों/परिवार पेंशनरों को 1 जुलाई, 2023 से छठवें वेतनमान में मूल पेंशन/परिवार पेंशन पर 221ः और सातवें वेतनमान में 42ः की दर से मंहगाई राहत स्वीकृत की है। बढ़ी हुई राशि माह जुलाई, 2023 पेंशन/परिवार पेंशन जो अगस्त, 2023 से देय होगी। छठवें वेतनमान में महंगाई राहत की वृद्धि दर 9ः और सातवें वेतनमान में महंगाई राहत की 4ः दर से बढ़ोतरी हुई है.। इससे पहले उन्हें 1 जुलाई 2023 से छठवें वेतनमान में मूल पेंशन/परिवार पेंशन पर 212ः की दर से और सातवें वेतनमान में 38ः की दर से मंहगाई राहत मिल रही थी। आदेश के अनुसार 80 वर्ष या उससे अधिक की आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी महंगाई राहत देय होगी। महंगाई राहत अधिवार्षिकी, सेवानिवृत्त, असमर्थता तथा क्षतिपूर्ति पेंशन पर देय होगी। सेवा से पदच्युत या सेवा से हटाए गए कर्मचारियों को स्वीकार किए गए अनुकंपा भत्ते पर भी महंगाई राहत की पात्रता होगी। परिवार पेंशन तथा असाधारण पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को भी महंगाई राहत वित्त विभाग के प्रासंगिक आदेश अनुसार देय होगी।

यदि किसी व्यक्ति को उसके पति/पत्नी की मृत्यु के कारण अनुकंपा के आधार पर सेवा में रखा गया है तो ऐसे मामलों में परिवार पेंशन पर महंगाई राहत की पात्रता नहीं होगी। यदि पति/पत्नी की मृत्यु के समय वह सेवा में हैं तो उसे पति/पत्नी की मृत्यु के कारण देय परिवार पेंशन पर महंगाई राहत की पात्रता होगी। ऐसे पेंशनरों जिन्होंने अपनी पेंशन का एक भाग सारांशीकृत कराया है, उन्हें महंगाई राहत उनकी मूल पेंशन पर देय होगी। यह आदेश राज्य शासन के ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर भी लागू होंगे जिन्होंने उपक्रमों/स्वशासी संस्थानों /मंडलों/ निगमों आदि में संविलियन पर एकमुश्त राशि आहरित की है और जो पेंशन के एक तिहाई हिस्से के प्रत्यावर्तन के पात्र हो गए हैं।

महंगाई राहत के भुगतान पर होने वाले रुपए के अपूर्ण भाग को अगले रुपए में पूर्णांकित किया जायेगा। संचालक पेंशन को बैंक की शाखाओं में नमूना जाँच करने तथा विसंगति की स्थिति में उसका समायोजन आगामी माह के भुगतानों में करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी पेंशन संवितरणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मध्यप्रदेश कोषालय संहिता 2020 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए पेंशनरों को स्वीकृत मंहगाई राहत का भुगतान सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

### 31 अगस्त 2023 तक के बिजली के बढ़े हुए सभी बिल स्थगित किये जाएंगे, बड़ी घोषणा

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मंत्रिपरिषद की विशेष बैठक बुलाई गई जिसमें जनहित में कई जनकल्याणकारी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं लिए गए निर्णय में प्रमुख रूप से सावन माह में रु. 450 में गैस सिलेंडर दिए जाने को लेकर मंजूरी दी गई। उज्जवला योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से राशि डाली जाएगी,आशा कार्यकताओं की प्रोत्साहन राशि को रु. 2,000 से बढ़ाकर रु. 6,000 करने की मंजूरी दी गई, प्रतिवर्ष रु. 1,000 की बढ़ोतरी होगी,आशा पर्यवेक्षकों की प्रोत्साहन राशि को रु. 350 से बढ़ाकर रु. 500 करने और अधिकतम रु. 15,000 प्रतिमाह करने की मंजूरी दी गई,शहरी आशा पर्यवेक्षकों की सेवानिवृत्ति पर दी जाने वाली राशि को रु. 20,000 से बढ़ाकर रु. 1,00,000 करने की मंजूरी दी गईमध्यप्रदेश सरकार द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक युवाओं के लिए जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर बड़े पैमाने पर खेलों का आयोजन किया जाएगा, मेधावी विद्यार्थी योजना की वार्षिक आय सीमा को रु. 6,00,000 से बढ़ाकर रु. 8,00,000 किया गया,कपास के व्यापरियों के मंडी शुल्क को 31-03-2024 तक के लिए घटाकर रु. 0.50 करने का निर्णय लिया गया, गुर्जर कल्याण के लिए देव नारायण बोर्ड के गठन को मंजूरी दी गई,नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों और नगर निगमों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहरों की सड़कों के समृद्धीकरण के लिए रु. 1,200 करोड़ की मंजूरी दी गई,बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के लिए लाड़ली बहना योजना का लाभ देने का निर्णय



लिया गया,रीवा जिले में नए अनुविभाग जवा का सृजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 12 पद स्वीकृत किये गए हैं और 100 पटवारी हलके शामिल करने का निर्णय लिया गया,पश्चिम भोपाल बाइपास में फोरलेन व पेव्ड शोल्डर में हाइब्रिड ठडळ मॉडल के तहत निर्माण करने का निर्णय लिया गया। रु. 2,981.65 करोड़ की लागत से 40.90 किमी रोड का निर्माण किया जाएगा,सतपुड़ा भवन के उन्नयन के लिए रु. 167.59 करोड़ की स्वीकृति दी गई,रतलाम के सैलाना और छतरपुर के लवकुशनगर में दो नवीन समूह नल जल योजनाओं को स्वीकृति दी गई।

## शातिर चोर को कटंगी पुलिस ने किया गिरफ्तार, नगदी समेत जेवरात बरामद

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(01 सितम्बर )उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस बदमाशों को धरपकड़ में लग गयी हैं।जिसके तहत कटंगी पुलिस ने गुरुवार को एक शातिर चोर को पकड़ा हैं जिसके कब्जे से नगदी समेत जेवरात भी बरामद किया गया।

कटंगी पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को अमित कुमार गड़पांडे पिता शिवकुमार जाति कलार उम्र 30 वर्ष ग्राम जरामोहगांव कटंगी निवासी ने अपनी दुकान से अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था कि चोरों ने दुकान से एक लाख बीस हजार की नगदी समेत मंगलसूत्र के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दिया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियो के निर्देश व मार्गदर्शन में विवेचना शुरू कर दिया। पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र एवं सी सी टीवी फुटेज को खंगालने के बाद संदिग्ध आरोपी चतरू पिता ईश्वरदयाल भवरे जाति धीमर उम्र 34 वर्ष निवासी छोटा जागपुर थाना भरवेली जो आदतन अपराधी एवं पुलिस थाना भरवेली का निगरानी बदमाश हैं जिसके खिलाफ जिले के थानो सहित पडोसी राज्य के पुलिस थानो में 29 मामले दर्ज हैं।शातिर चोर चतरु के द्वारा कटंगी के अन्य दुकानों में भी चोरी किया गया था जो सीसी टीवी में कैद था।शातिर चोर के ऊपर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में शामिल पुलिस कर्मियों को पुरुस्कृत किया जायेगा।

## सालेटेका एवं घुबड़गोंदी पहुंचा मतदाता जागरूकता रथ, युवा मतदाता को सूची में नाम जुड़वाने के लिए की अपील

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट। (01सितम्बर) मतदाताओं को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया समझाने एवं मतदाता सूची के पुनर-ीक्षण कार्य की जानकारी देने के लिये जिले के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग मतदाता जागरूकता रथ भ्रमण कर रहे है। इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता रथ खैरलांजी तहसील के ग्राम सालेटेका एवं घुबड़गोंदी पहुंचा।

मतदाता जागरूकता रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन पर वीडियो के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम से मतदान कैसे किया जाता है इसकी प्रक्रिया समझाई गई। मतदाताओं को बताया गया कि जब वे ईव्हीएम के बैलेट यूनीट पर अपनी पसंद के प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह की बटन दबाये तो इस-के साथ ही व्हीव्हीपेट मशीन की स्क्रीन पर भी नजर रखे। मतदाता द्वारा बैलेट यूनीट में जिस चुनाव चिन्ह का बटन दबाया गया है,



व्हीव्हीपेट मशीन में उसी चुनाव चिन्ह की पर्ची प्रिंट होगी और मशीन के स्क्रीन पर 10 सेकेण्ड तक दिखाई देने के बाद मशीन में लगे बाक्स में कट कर गिर जायेगी।

ग्रामीणों को इस दौरान बताया गया कि विधानसभा चुनाव के लिये मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा एवं जिनके नाम मतदाता सूची में नही है वे मतदाता अपना नाम सूची में शामिल करने के लिये अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र पर जाकर प्रारूप-06 में बीएलओ को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसी प्रकार मृत हो चुके या बाहर जा चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के लिये प्रारूप-07 में एवं पता या नाम में संशोधन के लिये प्रारूप-08 में बीएलओं को आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, हटाने या संशोधित करने संबंधी दावे आपत्ति 11 सितम्बर तक प्रस्तुत किये जा सकते है।

## बिलासपुर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में दो दिवसीय युवा संसाद कार्यकम का आयोजन 300 छात्र छात्राएं भोपाल उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ से होंगे शामिल

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी । जवाहर नवोदय विद्यालय 4 सितंबर एवं 5 सितम्बर को 25 वीं क्षेत्र स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के मार्गदर्शन में किया जाएगा जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा के पांच नवोदय विद्यालय जगतसिंहपुर, बरगढ़, कबीरधाम, धमतरी,तथा बलोदा बाजार से लगभग 300 छात्र छात्र-ाएं भाग लेंगे युवा संसद प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्र-ाओं में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने दूसरे के विचारों को सहन करने संसदीय कार्यप्रणाली तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझ विकसित करना है इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के अवसर में प्रतिभागी विद्यालयों के विद्यार्थी संरक्षक शिक्षक क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक आयुक्त लेखराज मीना उपस्थित रहेंगे बिलासपुर सांसद अरुण साव मुख्य अतिथि एवं मस्तूरी विधायक कृष्णमूर्ति बांधी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे जानकारी विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने तैयारी में पूरी जुटी हुई है




## भरवेली एवं मलाजखण्ड में खनन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को दिलाई गई मतदान करने की शपथ

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(01 सितम्बर )आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत माईंस क्षेत्र भरवेली एवं मलाजखण्ड में खनन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को मतदान करने की शपथ दिलायी गई। भरवेली में ट्रांसजेंडर रानी दमाहे ने भी मतदाताओं से मतदान के दिन सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने की अपील की।

भरवेली में मॉयल के प्रशासनिक भवन के सामने अधिकारी कर्मचारियों को मतदान करने की शपथ दिलायी गई, जबकि अंडरग्राउण्ड माईंस में भीतर जाकर श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार मलाजखण्ड में बैहर एसडीएम विवेक के.व्ही. ने मतदान करने की शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि पिछले चुनाव में माईंस क्षेत्र में कम मतदान हुआ




था जिसके कारण आयोग निदेर्शों के अनुरुप भरवेली एवं मलाजखण्ड में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। माईंस क्षेत्र के जो लोग बाहर जा चुके है उनके नाम मतदाता सूची से हटाने एवं जिनके नाम सूची में शामिल नही है उन्हे नाम शामिल करने के लिये 11 सितम्बर तक आवेदन करने की सलाह दी गई है।

## 2 सितंबर को निकलेगी कुशवाहा समाज की वाहन रैली

रायसेन। नारायण सिंह कुशवाहा को कैबिनेट मंत्री एंव मध्य प्रदेश कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार रायसेन आगमन पर कुशवाहा समाज द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। श्री कुशवाह के सम्मान समारोह के पहले एक वाहन रैली निकाली जाएगी वाहन रैली भोपाल रोड पर स्थित रिलायंस पेट्रोल टैंक से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई सांची रोड पर स्थित राम अयोध्या गार्डन पहुंचेगी। कार्यक्रम में राज्य मंत्री एवं उसे कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा का भव्य स्वागत सम्मान किया जाएगा। जिले के समस्त कुशवाहा बंधुओ से बहन रैली में शामिल होने की अपील है ।

### कुशवाह समाज ने मनाई कुश जयंती,संगठित रहने का लिया संकल्प

रायसेन। कुशवाह समाज के आराध्य भगवान श्री राम के पुत्र लव कुश के जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कुशवाह समाज द्वारा शहर के सामुदायिक भवन दशहरा मैदान में कुश जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुश जयंती का शुभारंभ भगवान कुश के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित पूजा-अर्चना की गई। भगवान कश कि आरती के बाद प्रसाद का वित्तरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कुशवाह समाज के बंधु मौजूद थे।

# जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में आयोजित हुई जलवायु परिवर्तन पर गोष्ठी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व शैक्षणिक निदेशक डॉ. पुष्पा मिश्रा के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा बुधवार को ह्यसमाज कार्य सप्ताहह्य के अंतर्गत अभिविन्यास कार्यक्रम और जलवायु परिवर्तन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. संजय कुमार गुप्ता, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बलिया के चेयरमैन एवं डॉ. अभिषेक मिश्रा, जिला सर्विलांस अधिकारी एवं जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ, बलिया रहे। अपने संबोधन में डॉ. मिश्रा ने पर्यावरण एवं संरक्षण में संवर्धन के महत्व को रेखांकित किया एवं पर्यावरण की हानि से मानव के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को विस्तार से समझाया। ऋग्वेद के श्लोकों के माध्यम से आपने वृक्षों की महत्ता व प्रकृति सरंक्षण हेतु किए जाने वाले प्रयासों व आवश्यकताओं को समझाया। मुख्य अतिथि संजय गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे मे बताया। आपने निरोगी मानव जीवन के लिए वृक्षों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन समाजकार्य विभाग के डॉ. संजीव कुमार एवं डॉ. प्रेमभूषण यादव ने किया। डॉ. पुष्पा मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं समाज कार्य विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# युवक की हत्या करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर दबोचा

## -अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद चाकू भी हुआ बरामद

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



बलिया : पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में काम रही बलिया पुलिस अपराध को शून्य करने की दिशा में अग्रसर है. अपराधियों पर कार्रवाई भी पुलिस जमकर कर रही है। इसीक्रम में खेजुरी पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर युवक हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की।

30 अगस्त को थाना खेजुरी अंतर्गत ग्राम करम्मर में बादल पटेल पुत्र हरेराम पटेल की रात्रि में सोते समय हत्या कर दी गई। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने तत्काल मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया व घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक खेजुरी को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक खेजुरी बिन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय मय फोर्स, डाग स्क्वायड व फारेंसिक टीम द्वारा तत्परता पूर्वक घटना स्थल से अभिलेखीय व इलेक्ट्रानिकी साक्ष्य संकलन किया। कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घण्टे के भीतर ही घटना कारित करने वाले अभियुक्तों विशाल राजभर पुत्र सीताराम राजभर निवासी शिवरामपुर थाना बांसडीह व एक बाल अपचारी उम्र लगभग 16 वर्ष को उनके घर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसका मृतक से 23 अगस्त को बड़ागांव के मेले में विवाद हुआ था जिसका बदला लेने के लिए उक्त घटना कारित हुई।

# इनरव्हील क्लब ने चौकी प्रभारी सहित पुलिस के जवानों को बांधा राखी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : इनरव्हील क्लब बलिया के अध्यक्ष कविता सिंह के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने पुलिस चौकी हनुमानगंज प्रभारी विश्वदीप सिंह सहित दर्जनों पुलिस के जवानों को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर रक्षा सूत्र बांध कर समाज में बहनों के लिए सुरक्षा करने का सहयोग मांगा। इस अवसर पर कविता सिंह ने कहां कि पुलिस के जवान हर समय अपना कर्तव्य एवं जिम्मेदारी को निभाने में लगें रहते हैं। इसलिए कोई भी त्योहार अपने परिवार के बीच नही मना पाते। इसलिए संस्था प्रत्येक वर्ष पुलिस प्रशासन के बीच जाकर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार को मनाने कार्य करती है। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के बीच विश्वास दिलाते हुए पुलिस चौकी प्रभारी विश्वदीप सिंह ने मैं कहा सदैव मेरी बहन हो या दुसरे की बहन, बहन होती है उनके रक्षा एवं स्वाभिमान पर कभी भी ठेस पहुंचने नहीं देंगे। इस कार्यक्रम में निलिमा सिंह, जया सिंह, रेनू सिंह आदि सदस्य मौजूद रहीं।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षा बन्धन का त्योहार

**शकील खान, समाज जागरण**





सुरेमनपुर, (बलिया) स्थानीय क्षेत्र में भी रक्षा बन्धन का त्योहार काफी हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही राखी बांधने और बंधवाने के लिए बहनों का भाइयों के घर और भाइयों का बहनों के घर आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया। जिसके चलते सड़कों और बाजारों में बहुत अधिक भीड़ देखने को मिली।

मुख्य बाजारों में काफी संख्या में लोगों के आवागमन से कभी कभी घण्टों तक जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। रक्षाबन्धन के पवित्र त्योहार पर छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला, राखी बांधने और बंधवाने के लिए छोटे बच्चों में होड़ लगी रही। आचार्यों के अनुसार हालांकि राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह साढे सात बजे तक ही था लेकिन उदयातिथि मानते हुए राखी बांधने का सिलसिला सुबह सात बजे के बाद दिन भर चलता रह।

# पीसीएस जे परीक्षा में चयनित हुई छात्रा, क्षेत्र में खुशी की दौड़

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**



सिकंदरपुर (बलिया) : क्षेत्र के शेखपुर निवासी शिवांगी गोंड ने बुधवार की शाम पीसीएस जे की परीक्षा में चयनित होने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। शिवांगी शुरू से ही पढ़ने में होनहार, मृदुल व शांत स्वभाव की छात्रा थी।

शिवांगी ने इसका श्रेय अपने माता पिता के व परिवार के सदस्यों के साथ साथ गुरुजनों को दिया। प्रारंभिक शिक्षा सिकंदरपुर के एक विद्यालय में लेने के बाद 10वीं की परीक्षा चतुर्भुज नाथ इंटर कॉलेज सिकंदरपुर से व 12वीं की परीक्षाएं नूरजहां गर्ल्स इंटर कॉलेज सिकंदरपुर से उत्तीर्ण की। फिर एलएलबी की पढ़ाई बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पूरा करने के बाद एलएलएम में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में प्रथम वर्ष की छात्रा रही। कल शाम जैसे ही पीसीएस जे में चयनित की खबर आई परिवार में माता-पिता के साथ भाई-बहन भी खुशी से झूम उठे। हालांकि शिवांगी की माता पूनम गोंड पूर्ण रूप से गृहणी है। जबकि उनके पिता अमन प्रसाद आजमगढ़ में अभियोजन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। शिवांगी दो बहन एक भाई है। जिसमे शिवांगी सबसे बड़ी है।

# ब्रह्मकुमारी बहनों ने उपजिलाधिकारी बैरिया को बांधी राखी

**अनिल सिंह, समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बैरिया की प्रमुख प्रभारी राज योगिनी बीके पुष्पा दीदी व राजयोगिनी बीके समता दीदी तथा राजयोगी बीके अजय भाई ने रक्षाबंधन के अवसर पर बैरिया



तहसील परिसर में पहुंचकर अधिकारियों को राखी बांधा।

बैरिया तहसील के उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्रा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित सभी कर्मचारी एवं बार एसोसिएशन के वकील भाइयों को भी राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर राजयोगिनी बीके पुष्पा दीदी ने बताया रक्षाबंधन का त्यौहार भाई बहन के प्रेम के बंधन का त्यौहार है। ऐसे तो सबके रक्षक परमपिता परमात्मा शिव हैं जो संसार के सभी भाइयों बहनों की रक्षा करते हैं।

# रद्द किये गये छुट्टी के आदेश की प्रतियां जलाकर शिक्षकों द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण**



बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत सभी शिक्षकों ने बीआरसी पहुंचकर, सरकार द्वारा छुट्टियां रद्द किये जाने के आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज किया गया।प्रखंड अध्यक्ष भास्कर सिंह ने कहा कि यह आदेश सरकार के तानाशाही रवैये को दशार्ता है। बिहार की शिक्षिकाएं जिवित पुत्रिका और तीज जैसे त्योहार को कैसे मनाएंगी? बिहार के महान छठ पर्व पर भी ग्रहण लगा दिया गया। एक तरफ जहां हिंदुओं के त्योहारों पर अवकाश रद्द किया जा रहा है। वही चेहल्लूम और क्रिसमस अवकाश को बरकरार रखा गया है। यह भेद-भाव रवैया दशार्ता है। मौके पर मौजूद आशिष पाठक ने कहा कि फ्छ्ळए का हवाला देने वाली सरकार, इसका जवाब क्यों नहीं देती कि जब सभी शिक्षक दो दो माह तक जातिय जनगणना करते हैं, तो क्या उसका असर फ्छ्ळए पर नहीं पड़ेगा? मौके पर ओमप्रकाश जी प्रखंड अध्यक्ष दिनारा, नवीन कुमार नवीन,संजय कुमार,आमिर इकबाल,अतहर खान,मंजूर आलम, रमेश यादव,अरुण यादव,संतोष यादव, मंजूर आलम,अविनाश दत्त,अजीत मिश्रा,मंजीत,अजय कुमार,रविन्द्र कुमार,विद्याभूषण,पिंकी ,अर्चना ,प्रियंका ,प्रीति गुप्ता व पवन सहित अनेकों शिक्षक उपस्थित थे।

# बाजे गाजे के साथ निकला महावीर झंडा जुलूस

**समाज जागरण**



बलिया : प्रति वर्ष श्रावणी पूर्णिमा पर निकले वाला महावीरी झंडा जुलूस चितबड़ागांव नगर के चीट और फिरोजपुर दोनों ही मुहल्लों से अलग अलग निकाला गया।

चीट मुहल्ले की महावीर झंडा समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह के नेतृत्व में मैन रोड स्थित हनुमान मंदिर (महावीर अखाड़े) हजारों युवाओं द्वारा एक से बढ़कर एक बेहतरीन झांकियां बाजे, ताशे,हाथी , घोड़ो ऊंट से और डी जे से सुसज्जित मंनमोहक और जोशीला जुलूस निकाला गया और वहीं नवयुवक बजरंग दल समिति फिरोजपुर द्वारा भी महावीरी झंडा जुलूस वर्तमान अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बाजे-गाजे के साथ निकाला गया। महावीरी झंडा जुलूस में बहुत ही सुंदर ढंग से चंद्रयान- 3 एवं विक्रम लैंडर बनाकर वाहन पर सम्मिलित किया गया जिसे देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। फिरोजपुर का महावीर झंडा भवानी स्थान से सहाड़ी होते हुए बरईया पोखरा मंडी समिति गुरुद्वारा होते हुए पुनः अपने भवानी स्थान पर आकर समाप्त हुआ। वहीं अध्यक्ष मनीष सिंह के नेतृत्व में महावीरी झंडा जुलूस महावीर अखाड़े से होता हुआ मंडी समिति रेलवे स्टेशन गुदरी बाजार भारतीय स्टेट बैंक से मुख्य बाजार होते हुए पुनः महावीर अखाड़े पर जाकर संपन्न हुआ। दोनों ही जुलूसों में आकर्षक केन्द्र नगर में पहली बार आये सिकन्दर पुर से अखाडेदारो द्वारा एक से एक बढ़कर करतब दिखाए गये। चाहे किलो के बिस्तर पर लेटकर सीने से पत्थर तोड़ने का करतब हो चाहे मुंह आग निकालने का करतब लोगों को आकर्षित करता रहा। करता झांकियां और गाजे बाजे के साथ युवाओं का करतब आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं इस अवसर नगर पंचायत जुलूस वाले मार्गों जगह जगह जलपान की व्यवस्था किया। इस अवसर मुख्य रूप के चेयरमैन अमरजीत सिंह, व्यापार मंडल चितबडागांव के अध्यक्ष पप्पू केशरी, पूर्व चेयरमैन बृज कुमार सिंह,श के साथ नगरपंचायत के सभी सभासद व सभासद प्रतिनिधि, ईओ अनिल कुमार, थानाध्यक्ष आरएस नागर सरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कई थानों के फोर्स के पुरे जुलूस में भ्रमण करते हैं। सहित नगर पंचायत के हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महावीर जुलूस आंकड़ा के अध्यक्ष मनीष सिंह व राजेश गुप्ता संयुक्त रूप से आये हुए लोगों को आभार व्यक्त किया।

# डाक विभाग राष्ट्रीय स्तर पर कर रहा ढाई आखर पत्र लेखन अभियान

**संतोष सिंह, समाज जागरण**

बलिया : डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ढाई आखर पत्र लेखन अभियान का आयोजन किया जा रहा है कपत्र का विषय नए भारत के लिए डिजिटल इंडियाह्व है क पत्र हिंदी, अंग्रेजी या स्थानीय भाषा में प्रतिभागियों द्वारा हस्तलिखित ही प्रेषित किया जा सकता है और इसे अधीक्षक डाकघर, बलिया मंडल को सम्बोधित किया जाना है

पत्र अ-4 कागज पर लिखे जाने वाले पत्र की शब्द सीमा 1000 तथा अंतदेर्शीय पत्र पर इसकी सीमा 500 शब्द है कइस प्रतियोगिता में आयु के आधार पर दो भाग बनाये गए हैं, 18 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक कपत्र प्रेषण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है कराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम विजेता, द्वितीय विजेता और तृतीय विजेता को क्रमशः रु 50000/-, 25000/- और 10000/- का पुरस्कार दिया जाएगा और राज्य स्तर पर प्रथम विजेता, द्वितीय विजेता और तृतीय विजेता को क्रमशः रु 25000/-, 10000/- और 5000/- का पुरस्कार दिया जाएगा।

# प्रखंड परिसर के आवास में रह रहे कर्मियों को खाली करने का जारी हुआ निर्देश

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास**



रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत कार्यालय परिसर में कर्मियों व अधिकारियों के लिए सरकार द्वारा बनाए गए आवास में बिना आवंटन रह रहे कर्मियों को मकान खाली करने का बीडीओ द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है। सरकारी आवास में रह रहे कर्मी विकास मित्र माया कुमारी, संतोषी कुमारी, विश्वकर्मा प्रसाद, नंदू राम, प्रखंड कृषि कार्यालय में पदस्थापत कर्मी प्रवीण कुमार, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर मोहम्मद दानिश, अमित कुमार समेत अन्य कर्मियों ने जानकारी देते हुए बताया की प्रखंड कार्यालय परिसर में कर्मचारी व पदाधिकारियों के लिए बना दर्जनों की संख्या में सरकारी आवास विगत कई वर्षों से खाली पड़ा हुआ था। जिसमें कोई रहने वाला नहीं था। परिणाम स्वरूप साफ सफाई व देख-रेख के अभाव में भवन की स्थिति दिनों दिन जर्जर होती चली जा रही थी। जगह-जगह जंगल झाड़ उग आए थे। सरकार से मिल रहे काफी कम मानदेय पर नौकरी कर रहे हम सभी कर्मियों द्वारा पूर्व बीडीओ सबिता सौम्या से आवास हेतु अनुरोध किया गया था। जिस पर उनके द्वारा रहने की इजाजत प्रदान कर दी गई। हम सभी कर्मियो ने पानी के प्रबंधन हेतु आपस में चंदा कर लाखों रुपया खर्च कर समरसेबल लगवा लिया, आवास में बिजली की कनेक्शन ले ली है। उन्होंने कहा कि हमारी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है,ऐसे में हमें बाहर किराए में रहने में काफी परेशानी होगी। मामले में एसडीम बिक्रमगंज उपेंद्र पाल ने बताया कि बिना आवंटन के रह रहे सरकारी कर्मियों को आवास खाली करना होगा। जिसके बाद मकान की मरम्मती कराते हुए योग्यता के अनुसार तीन महीने बाद नियमानुसार आवंटित किया जाएगा। इसे तत्काल कर्मियो को निर्देश का पालन करना होगा।

# सेल पी17ए परियोजना के तहत सातवें युद्धपोत के लिए स्टील की आपूर्ति कर रहा है जिससे भारत में रक्षा के स्वदेशीकरण के प्रयासों को मजबूती मिली है

भारत के सबसे बड़े इस्पात उत्पादकों में से एक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना के लिए परियोजना पी17ए के तहत सातवें फ्रिगेट जहाज के निर्माण के लिए आवश्यक विशेष स्टील प्लेटों की पूरी मात्रा की आपूर्ति करके एक बार फिर प्रदर्शित किया है कि भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने पर उनका ध्यान मजबूत है।

**रक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम**

सेल इस नई परियोजना में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है जो सभी जहाजों के लिए लगभग 28,000 टन विशेष स्टील प्लेटें उपलब्ध करा रहा है। सेल द्वारा आपूर्ति की गई विशेष स्टील प्लेटों में उच्च शक्ति, कठोरता और जंग प्रतिरोध है, जो उन्हें नौसैनिक अनुप्रयोगों के लिए आदर्श बनाता है। कंपनी ने हाल ही में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, द्वारा लॉन्च किए गए "विंध्यगिरि" नामक छठे युद्धपोत के निर्माण के लिए भी समान मात्रा में विशेष स्टील उपलब्ध करवाया था।

मेसर्स मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा निर्मित सातवां फ्रिगेट और चौथा युद्धपोत, 1 सितंबर, 2023 को माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा लॉन्च किया जाएगा। यह आयोजन देश की समुद्री सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

**पी17ए परियोजना**

पी17ए परियोजना का लक्ष्य भारतीय नौसेना के लिए कुल सात अत्याधुनिक युद्धपोत बनाना है, जिसमें चार जहाजों का निर्माण मेसर्स मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा और तीन जहाजों का निर्माण मेसर्स जीआरएसई द्वारा किया जा रहा है। सेल के पास अपने उच्च-स्तरीय उत्पादों और सेवाओं के साथ भारत के रक्षा क्षेत्र को समर्थन देने का एक समृद्ध इतिहास है।

# "आईएसए सौर परियोजनाओं के दमदार मॉडल आईएसए सदस्य देशों के लिए तैयार करना चाहता है": केंद्रीय ऊर्जा और एनआरई मंत्री और आईएसए अध्यक्ष श्री आर. के. सिंह

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) ने रवांडा सरकार के सहयोग से किगाली, रवांडा में आज, 31 अगस्त, 2023 को अपनी 5 वीं क्षेत्रीय बैठक की मेजबानी की, जिसमें 36 देशों और 15 देशों के मंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के अध्यक्ष और भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर. के. सिंह नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से बैठक में शामिल हुए। उन्होंने युगांडा गणराज्य, कोमोरोस संघ और माली गणराज्य में नौ सौर ऊर्जा प्रदर्शन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें से चार परियोजनाएं युगांड़ा में है और दो कोमरोस में और तीन माली में है।

अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन द्वारा दिए गए अनुदान के माध्यम से, युगांडा में 8.5 किलो-वाट पीक की क्षमता और 17.2 किलो-वाट घंटे की बैटरी भंडारण प्रणाली के साथ एक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र और तीन प्राथमिक स्कूलों को 48,835 अमरीकी डालर की लागत से सौर ऊर्जा दी गई है। इसी तरह कोमोरोस में, 15 किलोवाट पीक की क्षमता और 33 किलो-वाट घंटे की बैटरी भंडारण प्रणाली के साथ बंगुओइकोनी और इवेम्बेनी में दो ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को 49,999 अमरीकी डालर की कुल लागत के साथ सौर ऊर्जा देने का काम पूरा हो चुका है। माली गणराज्य के कौला, सिंजानी और डौम्बा में तीन ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को 13 किलो-वाट पीक और 43 किलो-वाट घंटे की बैटरी भंडारण की क्षमता के साथ 49,995 अमेरिकी डॉलर की कुल लागत के साथ सौर ऊर्जा दी गई है।

"आईएसए आईएसए सदस्य देशों में प्रतिकृति के लिए सौर परियोजनाओं के दमदार मॉडल तैयार करना चाहता है"

नौ प्रदर्शन परियोजनाओं को देशों को समर्पित करते हुए केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा आईएसए अध्यक्ष ने ऐसी परियोजनाओं को शुरू करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो उपेक्षितों के कल्याण में सहायता करती हैं। "ये प्रदर्शन परियोजनाएं अपनी ऊर्जा नियमों को आगे ले जाती हैं। वे प्रगति के चालक और वैश्विक सहयोग के प्रतीक के रूप में कार्य करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में, हमारा समर्पण अतिरिक्त उदाहरण प्रस्तुत करने में अटूट रहता है जहां इस तरह की प्रदर्शन परियोजनाएं उपेक्षितों की भलाई में बेहतर योगदान दे सकती हैं। हम अपने सदस्य देशों में प्रतिकृति के लिए दमदार मॉडल तैयार करना चाहते हैं।

"टिकाऊ ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम करने के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की आवश्यकता"

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आईएसए एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो भारत की जी-20 की अध्यक्षता का भागीदार है, और 2023 जी-20 प्रक्रियाओं में एक भागीदार के रूप में, एक महत्वपूर्ण संदेश जिसकी आईएसए वकालत कर रहा है, वह सार्वभौमिक ऊर्जा पहुंच के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और निरंतर ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम करने की आवश्यकता है।

"आईएसए रिपोर्ट मिनी-ग्रिड और डीआरई पर केंद्रित दृष्टिकोणों की पहचान करती है जो विभिन्न स्थितियों में ऊर्जा पहुंच चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं"

केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत सरकार के सहयोग से नई और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय आईएसए द्वारा जारी "सार्वभौमिक ऊर्जा पहुंच के लिए सौर ऊर्जा का रोडमैप" शीर्षक वाली रिपोर्ट में वैश्विक ऊर्जा पहुंच चुनौती से प्रभावी ढंग से और आर्थिक रूप से निपटने के लिए सौर-संचालित समाधानों का लाभ उठाने की एक रणनीतिक दृष्टि सामने आई है। रिपोर्ट में मामले के अध्ययनों, उदाहरण, अभिनव नीतियां प्रदान की गयी हैं, जो सौर मिनी-ग्रिड की तैनाती में एक महत्वपूर्ण बदलाव कर सकती हैं।

आईएसए अध्यक्ष ने कहा कि रिपोर्ट के निष्कर्ष अफ्रीकी महाद्वीप के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक हैं। सब-सहारा अफ्रीका और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा पहुंच की चुनौती अधिक गंभीर है। रिपोर्ट में सौर मिनी-ग्रिड और विकेन्द्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों पर जोर देने के साथ सौर ऊर्जा के आसपास केंद्रित विद्युतीकरण दृष्टिकोणों के संयोजन की पहचान की गई है, जिन्हें विभिन्न स्थितियों में ऊर्जा पहुंच चुनौतियों का समाधान करने के लिए तैनात किया जा सकता है। इस तरह के समाधानों को बढ़ावा देने से स्थानीय रूप से विकसित अभिनव विचार और व्यावसायिक मॉडल भी सामने आ सकते हैं, जो देश के ऊर्जा उत्पादन में सौर ऊर्जा को काफी बढ़ा सकते हैं।

"आईएसए सस्ती ऋण और तकनीकी विशेषज्ञता की कमी से निपटने के लिए समर्पित है"

श्री सिंह ने कहा कि आईएसए अपने सदस्य देशों, विशेष रूप से हमारे अल्प विकसित देशों (एलडीसी) और छोटे द्वीप विकासशील देशों (एसआईडीएस) के सदस्य देशों में किफायती वित्तपोषण और तकनीकी विशेषज्ञता की तत्काल कमी से निपटने के लिए समर्पित है। "आईएसए ने आठ देशों में प्रदर्शन परियोजनाओं को पूरा किया है। इनमें कोमोरोस, गुयाना, नाइजर, युगांडा और माली में स्वास्थ्य केंद्रों में; जमैका और टोगो में सौर सिंचाई परियोजना; और किरिबाती और युगांडा में स्कूल भवनों में सौर ऊर्जा पहुंचाना शामिल है। इन प्रदर्शन परियोजनाओं के पीछे हमारे सदस्य देशों में व्यक्तियों के जीवन को बढ़ाने में सौर प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों की उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन करने की मौलिक अवधारणा सरल लेकिन मजबूत है। जैसा कि हम आज नौ प्रदर्शन परियोजनाओं के उद्घाटन के माध्यम से इस दृष्टिकोण की प्राप्ति के साक्षी हैं, मैं आशावाद और कृतज्ञता की भावना से अभिभूत हूं।

"विजन एक भविष्य है जहां स्वच्छ ऊर्जा विकास का एक मौलिक स्तंभ है"

भारत के केंद्रीय बिजली और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और आईएसए अध्यक्ष ने यह कहते हुए अपनी टिप्पणी समाप्त कर दी कि विजन एक भविष्य है जहां स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा विकास के एक मौलिक स्तंभ के रूप में खड़ी है, जहां सौर ऊर्जा का उपयोग समुदायों के उत्थान और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए किया जाता है। आज, हम सरलता, सहयोग और साझा महत्वाकांक्षाओं के सार को याद करते हैं जिन्होंने इन उपक्रमों को मूर्त रूप दिया है। आइए हम अपने संयुक्त प्रयासों में बने रहें, सौर क्षमता का दोहन करें ताकि सभी के लिए अधिक समृद्ध, टिकाऊ और न्यायसंगत दुनिया की ओर मार्ग को रोशन किया जा सके।

"अफ्रीका में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और नवाचार में विश्व स्तर पर अग्रणी बनने की क्षमता है"

अफ्रीका क्षेत्र से आईएसए के उपाध्यक्ष और सोमालिया के ऊर्जा और जल संसाधन मंत्रालय के मंत्री, श्री जमा तकाल अब्बास, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे अफ्रीका में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और नवाचार में विश्व स्तर पर अग्रणी बनने की क्षमता है। "कई चुनौतियों के बावजूद, अफ्रीका को अक्षय ऊर्जा संसाधनों की प्रचुरता का आशीर्वाद प्राप्त है, जिसमें विशाल सौर क्षमता, पवन संसाधन, भूतापीय हॉटस्पॉट, जल ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण खनिजों के वैश्विक रिजर्व के 40 प्रतिशत से अधिक का घर भी है जो नवीकरणीय और कम कार्बन प्रौद्योगिकियों के लिए आवश्यक हैं। इन संसाधनों का दोहन करके, अफ्रीका न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकता है, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और नवाचार में विश्व स्तर पर अग्रणी भी बन सकता है।

"अभिनव वित्तपोषण तंत्र की आवश्यकता है जो सौर ऊर्जा निवेश को अधिक आकर्षक और सुलभ बनाता है"

अफ्रीकी क्षेत्र से आईएसए के उपाध्यक्ष ने कहा कि निवेश के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने और ट्रांसमिशन और वितरण नेटवर्क जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा रणनीतियों, नीतियों, विनियमन और दिशानिर्देशों में अक्षय ऊर्जा को प्राथमिकता देकर स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन को तेज करने में ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण की सुविधा के लिए अफ्रीकी सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# हरियाणा सरकार का लाल डोरा खत्म करने और पीपीपी मामला सर्वोच्च न्यायालय में गया है फंस- भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा सरकार ने यमुना किनारे कच्ची कॉलोनियां काटने वाले भूमाफियाओं और किसानों पर को शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। गठबंधन सरकार किसी भी समय यह काम शुरू करने की फिराक में है। यह बात हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने आज कही।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इस सरकार ने परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी और लाल डोरा को लेकर भी सदन में सबको गुमराह करने की कोशिश की। क्योंकि सरकार द्वारा लाल डोरा खत्म करने का दावा गलत है, हकीकत में यह कहीं खत्म नहीं किया गया है। वहीं, पीपीपी और पीपी आम जनता के गले की फांस बन गए हैं। परिवार पहचान पत्र में इतनी गड़बड़ियां हैं कि वो अबतक खुद की पहचान नहीं बना पाया है। इसके लिए लोगों से वो जानकारियां ली जा रही हैं, जिस पर बाकायदा सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने रोक लगा रखी है। फिर भी नागरिकों की इच्छा के विरुद्ध सरकार ऐसी जानकारियां फैमिली आईडी में चढ़ा रही है।

पीपीपी में इतनी गड़बड़ियां हैं कि उन्हें ठीक करवाने के लिए लोग लगातार दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। पीपीपी में इस हद तक धांधलियां हैं कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को करोड़पति और कई करोड़पतियों को बीपीएल दिखाया गया है। इसी तरह की गड़बड़ियां प्रॉपर्टी आईडी में की गई हैं। इसमें मकान मालिक को किराएदार तो किराएदारों को मकान मालिक दिखा दिया गया। लेकिन सरकार ने इतने बड़े स्तर गड़बड़ियां करने वाली कंपनियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। सरकार की गलती का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार बनने पर इन सबको खत्म किया जाएगा।


सरकार ने विधानसभा में अनुसूचित जाति के लिए प्रमोशन में आरक्षण के नाम पर भी गुमराह किया। सच्चाई यह है कि एससी समाज को इस आरक्षण से कोई लाभ नहीं होगा। क्योंकि सरकार ने 17 अगस्त को ही एक लेटर जारी करके इस आरक्षण के असर को शून्य कर दिया था। इसमें जानबूझकर ऐसी शर्तें रखी गई हैं कि इससे किसी को कोई लाभ ना हो।

फसल बीमा योजना और मुआवजे पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के साथ लगातार धोखा कर रही है। सरकार ने खुद विधानसभा में माना कि 3 साल से किसानों का 1303 करोड़ रुपए का मुआवजा अटका पड़ा है। यह तो वह आंकड़ा है जो सरकार ने माना है। इसके अलावा इससे कई गुना ऐसे क्लेम है जिसे सरकार ने अमान्य कर दिया। किसान कई सीजन से मुआवजे के इंतजार में बैठे हैं। पिछले दिनों आई बाढ़ का मुआवजा अब तक किसानों को नहीं मिला है। पीएम फसल बीमा योजना में सरकार का एक और गड़बड़झाला सामने आया है। इसबार जानबूझकर बीमा कंपनियों को नोटिफाई करने में देरी की गई। सरकार ने 25 जुलाई को बीमा के लिए नोटिफाई किया। इसके चलते मई, जून और जुलाई में हुए खराबे के लिए किसान क्लेम ही नहीं कर पाए। क्योंकि क्लेम के लिए किसानों को 72 घंटे के भीतर अपील करनी पड़ती है। लेकिन 3 महीने तक किसानों को पता ही नहीं था कि कौन-सी कंपनी को क्लेम करना है। अगर सरकार समय रहते कंपनियों को नोटिफाई करती और किसान समय रहते क्लेम रजिस्टर कर पाते तो उन्हें बीमे की ज्यादा रकम मिल सकती थी। लेकिन अब सरकार किसानों को ऊंट के मुंह में जीरे के समान मुआवजा देकर टरकाना चाहती है।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की खेल क्षेत्र में पहचान बनाने के लिए डबल्यू एफ आई के चुनावों पर जोर की उठ रही आवाज

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः( विनोद कश्यप) । दिल्ली के जंतर मंतर पर तकरीबन 5 महीने पहले धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पहुंचे एक पहलवान ने कुश्ती दंगल में देश के लिए लाए गोल्ड मेडल को देश की शान बताते हुए कहा कि वो जब जंतर मंतर पर खिलाड़ियों से मिलने और वहाँ साक्षी मलिक , विनेश फोगाट ,बजरंग पूनिया व अन्य खिलाड़ियों सहित उनके परिवार से मिला और मैंने उस वक्त कहा था कि इतिहास हमेशा लिखने वालों का पढ़ा जाता है। पढ़ने वालों का कोई इतिहास नहीं होता उस वक्त अगर केंद्रीय सरकार और देश के लोगों ने जंतर मंतर पर खिलाड़ियों



को पूर्ण रूप से समर्थन दिया होता तो आज डबल्यू एफ आई और भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द न होती । अब हमारे देश के खिलाड़ी दूसरे देशों में गोल्ड जीतेंगे तो राष्ट्रीय गान नहीं चलेगा और नाही ही अन्य देशों में उद्घाटन समारोह भारतीय झंडा फहराते हुए चलने की देश के खिलाडियों को आज्ञा है। ऐसे हालात में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान घट रहा है। कहा गया था कि 45 दिनों में डबल्यू एफ आई के चुनाव करवा लिए जाएंगे ,लेकिन आज 145 दिन से ज्यादा गुजर गए फिर भी इलेक्शन नहीं हुआ नतीजा आप सबके सामने कैसे भी करके हमारे देश के खिलाड़ियों को सम्मान दो ताकि आने वाले समय में हमारे देश के खिलाड़ी अच्छा परफॉर्मेंस कर सकें। इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। देश को एक मौका दिया दिया जाए तो हमारे देश में बहुत धुरंधर खिलाड़ी हैं। अनिल कुमार नामक एक खिलाड़ी ने कहा कि भारत देश की रद्द हुई सदस्यता को बहाल कराया जाए।

## अब हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों में भी ठउउ यूनिट होगी लागू,सरकार ने लिया फैसला

जैसा कि हम सब जानते हैं कि किसी भी देश की मजबूती उस देश की सेना से आंकी जाती है. और सेना की मजबूती देश के नागरिकों के राष्ट्र प्रेम से होती है. इन सब में ठउउ का भी बड़ा एक योगदान है जिसमें बच्चों के बतपन से ही अनुशासन, एकता व राष्ट्र प्रेम की भावना सिखाई जाती है. इसी कड़ी में में अब से सरकारी स्कूलों के साथ-साथ प्राइवेट स्कूलों में भी ठउउ शुरू की जाएगी. ताकि बच्चों में देश सेवा की भावना को विकसित किया जा सके.

# पंजाब सरकार ने पंचायतों को भंग करने का आदेश लेना पड़ा वापस

## उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान बताया गया अधिसूचना ली जा रही है वापस

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः( विनोद कश्यप) । पंजाब में सभी पंचायतों को समय से पहले भंग करने के मामले में पंजाब सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। बताया जा रहा है कि पंजाब सरकार ने अब पंचायतों को भंग करने का बड़ा फैसला वापस ले लिया है। जिसकी जानकारी सरकार द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में दी गई है। दरअसल, पंचायतों को समय से पहले भंग करने को लेकर भारी विरोध पनप गया था और यह पूरा मामला हाइकोर्ट पहुंच गया। इससे पहले हाइकोर्ट ने सुनवाई करते हुए पंजाब सरकार से जबाव मांगा था। वहीं जब आज पंजाब सरकार ने हाइकोर्ट में जवाब दाखिल किया तो पता चला कि पंचायतों को भंग करने पर सरकार पीछे हट गई है। जल्द ही सरकार द्वारा इस संबंध में नया नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा।

**10 अगस्त को जारी की गई थी अधिसूचना**

पंजाब सरकार ने 10 अगस्त 2023 को राज्य की सभी पंचायतों को समय से पहले भंग करने संबंधी नोटिफिकेशन जारी किया था। इस नोटिफिकेशन के जारी होते ही पटियाला सहित अन्य जिला ग्राम पंचायतों द्वारा पंजाब सरकार का विरोध शुरू हो गया। साथ ही इसे लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी गई।

याचिका में कहा गया कि, पंजाब सरकार का यह फैसला गैर-कानूनी और अनुचित है। पंजाब सरकार बिना किसी कारण लोगों के चुने प्रतिनिधियों से उनका अधिकार छीनना छा रही है। बताया जाता है कि, पंजाब सरकार द्वारा सभी पंचायतों को भंग कर वहां प्रबंधक लगाए जाने की बात कही गई थी। पंजाब में 13 हजार से ज्यादा पंचायतें हैं।

# केंद्र और हरियाणा में भाजपा सरकार मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचारियों पर नहीं लगा पाई अंकुश- कैप्टन अजय सिंह यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री

### *केंद्र और हरियाणा में कांग्रेस पूरे बहुमत से बनाएगी सरकार –कैप्टन अजय सिंह*

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः ( विनोद कश्यप) । केंद्रीय स्तर और हरियाणा में भाजपा सरकार मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है। यह बात हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने गुरुग्राम के एक सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मुकेश सिंगला द्वारा सूरत नगर फेस 2 ,गुरुग्राम में ही गई। इस आयोजित कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और अन्य पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, गुरुग्राम के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर के साथ अधिवक्ता सूबे सिंह यादव,महेंद्र राठी, मीनू शर्मा ,राजीव राजेंद्रपार्क,सुनील वर्मा,मनोज आहूजा, समाजसेवी भाई सुनील धन्वापुर, शिशू धनवापूर, धर्मवीर महलवत,भाई हनुमान, राहुल दहिया, विशाल आदि वरिष्ठ व युवा नेता पहुँचे। सूरत नगर अपने आवास पर यहाँ पहुँचने पर भाई मुकेश सिंगला, चंदरभान खैरी,बलबीर सिंह भिडलान ,प्रधान रामरतन यादव, महीपाल सैन, फूल सिंह,दीपक माही, रोहित मंडल,बदले सिंह बौद्ध,भाई संतोष,गंगा निगम,लाजपत निगम, गुलाब सिंह दहिया,राकेश सिंगला, राजेश यादव, पुष्पेंद्र चौधरी सहित सैंकड़ो स्थानीय लोगो ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय यादव ने कार्यक्रम में बोलते हुए हरियाणा में बीजेपी की सरकार और केंद्र सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी पर कुछ भी अंकुश ना लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में सभी आमजन परेशान हैं। पूरे हरियाणा राज्य में परिवार पहचान पत्र लोगो के जी का जंजाल बन चुका हे, पूरे हरियाणा में लोग बीजेपी सरकार से दुखी हो चुके हे, पूरे हरियाणा राज्य में बस हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर आपसी अमन चैन और सौहार्द बिगाड़ने का आरोप भी



बीजेपी पर लगाया। उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव में बीजेपी सत्ता से बाहर होगी और कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से राज्य और केंद्र में सरकार बनाएगी। पूरे हरियाणा में गैस सिलेंडर का रेट 500 रुपए में दिया जायेगा, पूरे हरियाणा राज्य में शिक्षा के सत्र को सुधारा जाएगा, आज के समय में हरियाणा में सरकारी हॉस्पिटलों की हालत बहुत ही दयनीय है। गुरुग्राम शहर को कूड़े का शहर बीजेपी सरकार ने बना दिया हे, गरीब लोगो को रोजगार के साधन उपलब्ध करवाए जायेंगे।

वही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर ने कहा कि गुरुग्राम में विभिन्न कॉलोनियों में पीने के पानी, गन्दे पानी की निकासी, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार की उचित व्यवस्था नही है। अभी तक के भाजपा सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। लोगो को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाया गया है। यदि बीजेपी सरकार की तानाशाही से छुटकारा दिलाना है तो आने वाले चुनावों में कॉंग्रेस पार्टी को जिताने का काम कीजिये। पंकज डावर ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों से तंग आ चुकी है अब प्रदेश की जनता भाजपा को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम करेगी।

# पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय

## नैशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजुकेशन पर मुकदमा चलाने की जरूरत,

### क्योंकि ज्यादातर बीएड कॉलेज निर्धारित मानदंड पूरे नहीं करने के कारण चलाए जा रहे हैं अवैध तौर पर

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः ( विनोद कश्यप) । पंजाब और हरियाणा में चल रहे ज्यादातर बीएड कॉलेजों को अवैध बताते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने इसके लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) पर मुकदमा चलाने की जरूरत बताई है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आज भी अगर इन कॉलेजों की सही जांच की जाए तो सब पर ताले लग जाएंगे। कंडीशनल मान्यता के मामलों पर सख्त रवैया अपनाते हुए हाईकोर्ट ने अब एनसीटीई के क्षेत्रीय निदेशक को तलब करते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

फाजिल्का के एक बीएड कॉलेज ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करते हुए इस शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश देने की अनुमति मांगी थी। मामले की सुनवाई के दौरान कॉलेज की ओर से बताया गया कि एनसीटीई की ओर से उन्हें मान्यता मिल चुकी है फिर भी उन्हें विद्यार्थियों को प्रवेश देने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

इस दौरान एनसीटीई ने बताया कि उन्होंने कॉलेज




को निर्धारित मानदंड पूरे करने के साथ मान्यता दी जानी चाहिए थी। उच्च न्यायालय ने इस पर एनसीटीई को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इस तरह की मान्यता को कैसे माना जा सकता है जबकि सुप्रीम कोर्ट इसे गलत करार दे चुका है।

हाईकोर्ट ने कहा कि उनके संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं जहाँ इस प्रकार की अवैध मान्यता देकर बीएड करवाने की अनुमति दी जा रही है। ऐसी मान्यता देने के बाद दोबारा इन कॉलेजों का निरीक्षण भी नहीं किया जाता और अवैध रूप से इन्हें चलने दिया जाता है। कुकुरमुत्तों की तरह बढ़ रहे ऐसे कॉलेजों को बढ़ावा देने के लिए एनसीटीई के खिलाफ आपराधिक मामला चलाया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट ने एनसीटीई के इस प्रकार के रवैए को पूरी तरह से लापरवाही वाला करार दिया और कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर एनसीटीई के क्षेत्रीय निदेशक को हाजिर रहने का आदेश दिया है।


मुख्य न्यायाधीश ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि बीएड कॉलेजों की ऐसी स्थिति केवल पंजाब और हरियाणा में नहीं है। मध्य प्रदेश से जुड़ा अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि ऐसा ही एक मामला उनके पास पहुंचा था और तब कोर्ट ने वकीलों की कमेटी बनाकर इन कॉलेजों की जांच का आदेश दिया था। उस दौरान वहां पर केवल खाली अलमारियां और शराब की बोतलें ही मिली थीं।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला पहलवान रौनक ने किया आत्महत्या का प्रयास

### *हाथ की नस काटकर बोली- तिहाड़ जेलर से मैंने नहीं की ठग्गी, मुझे किया गया है बदनाम*

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः( विनोद कश्यप) । अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की पहलवान रौनक गुलिया और उसके पति अंकित गुलिया के खिलाफ दिल्ली की तिहाड़ जेल के जेलर दीपक शर्मा ने ठगी का केस दर्ज करवाया है। इससे परेशान होकर रौनक गुलिया ने हिसार में अपने घर पर मंगलवार शाम को सुसाइड करने का प्रयास किया। उन्होंने अपने हाथ



की नस काट ली।

रौनक ने अपनी नस काटने से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए उसने खुद को बेकसूर बताया। इंस्टाग्राम अकाउंट पर उसकी इस वीडियो को उसके कोच ने देख लिया, जिसके बाद वहाँ पहुँच कर वो उसे एक निजी अस्पताल में ले गए।जहाँ रौनक को उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। दूसरी ओर हिसार पुलिस ने रौनक के बयान दर्ज करके अपनी जांच शुरू कर दी है।

## पंजाब में भगवंत मान सरकार ने 2 आईएएस अधिकारी किए सस्पेंड

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः( विनोद कश्यप) । पंजाब में मान सरकार का बड़ा एक्शन देखने को मिला है। यहां बड़े औहदे पर बैठे दो आईएएस अधिकारी सस्पेंड कर दिए गए हैं। एक आईएएस का नाम धीरेन्द्र कुमारी तिवारी है। जिनकी तैनाती पंचायत विभाग के प्रमुख सचिव के रूप में




थी। वहीं दूसरे आईएएस का नाम गुरप्रीत सिंह खैरा है। जिनकी तैनाती पंचायत विभाग में बतौर निदेशक थी। बताया जा रहा है कि, पंचायत भंग करने के मामले में दोनों अधिकारियों पर यह बड़ी गाज गिरी है। इससे पहले आज सुबह ही पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट में मान सरकार ने जानकारी दी थी कि पंचायत भंग नहीं की जा रही है।

# सोनीपत में हनीट्रैप केस में 2 वकील और महिला काबू

### दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करा मांगे थे 13 लाख रुपए; एस आई टी ने किया रहस्योद्घाटन

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः ( विनोद कश्यप) । हरियाणा के सोनीपत में वकीलों की जुंडली और एक महिला द्वारा मिलकर लोगों से ठग्गी का एक जबरदस्त मामला प्रकाश में आने पर पुलिस ने इस की तह में जाकर सुराग लगाया है।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एस आई टी ने इस मामले में लिप्त 2 वकीलों व एक महिला को हनीट्रैप के मामले में काबू किया है। महिला ने 11 अप्रैल को एक वकील पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। आरोप है कि बाद में समझौते के नाम पर 13 लाख रुपए की डिमांड की गई थी। मामले में जांच के लिए एस आई टी गठित की गई थी। अब महिला और उसके दो साथी वकीलों की गिरफ्तारी हुई है। सोनीपत कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकील प्रदीप कुमार ने शिकायत दी थी कि उसके जानकार सुरेंद्र उर्फ जादूगर ने एक महिला को केस के सिलसिले में उसके पास भेजा था। उससे महिला के केस की पैरवी करने को कहा गया था। इसके बाद महिला ने दो वकीलों के चक्कर में फंस कर उसके खिलाफ दुष्कर्म का झूठा केस 13 मई को दर्ज करा दिया। उसका कसूर इतना ही था कि उसने महिला से अपनी फीस मांगी थी।

# हरियाणा में 1 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक चलाया जाएगा आयुष्मान भव अभियान- संजीव कौशल

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक चलाया जाने वाला आयुष्मान भव विशेष अभियान नागरिकों के लिए सभी स्वास्थ्य सेवाओं का आधार होगा। चार माह तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर घर तक पहुँच कर सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जाएगा

मुख्य सचिव आज यहाँ आयुष्मान भव अभियान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभाएं, आयुष्मान मेले, आंगनबाड़ी और सरकारी स्कूलों में सभी बच्चों की स्क्रीनिंग, आयुष्मान ग्राम पंचायत व सेवा पखवाड़ा सहित 7 मुख्य सेवा विषयों पर विभाग के



पदाधिकारी नागरिकों तक पहुँचेंगे और उसका जीवन सुखमय बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी और सरकारी स्कूलों के जन्म से 18 साल तक के सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इस के अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत व वार्ड पंचायत में 5 साल से ऊपर के योग्य व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड व आभा आई डी बनाई जाएंगी तथा टी बी और गर्भवती महिलाओं एवं योग्य बच्चों के प्रतिरक्षण का काम किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सैंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, मैडिकल कॉलेज सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी, आशा कार्यकताओं, ग्राम पंचायतों के अलावा विभागों का भी पूर्ण सहयोग लिया जाएगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि आयुष्मान आपके द्वार के तहत गाँव, खण्ड एवं जिला स्तर पर आयुष्मान भारत चिरायु स्कीम के 1.80 लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों के निशुल्क तथा 3 लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों से 1500 रुपये प्रति परिवार प्रति वर्ष लेकर लगभग 8 लाख नागरिकों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जाएंगे। इसके अलावा ग्राम स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। इन में स्वास्थ्य, सफाई और पोषण बारे विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस के साथ ही हेल्थ एवं वेलनेस सैंटरों पर हर सप्ताह शनिवार व रविवार को आयुष्मान मेले लगाए जाएंगे। इन में मधुमेह,बीपी, कैंसर, मुंह, सरवाईकल, तपेदिक, कुष्ठ रोग, संक्रामक रोग, मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य, प्रतिरक्षण, ऑख की जॉच जैसे स्वास्थ्य कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा मैडिकल कॉलेजों द्वारा भी हर सप्ताह सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान मेले लगाए जाएंगे।

# भिवानी में बेटी की हत्या कर पिता ने की आत्महत्या

### *8 वर्षीय मासूम का काटा गला; सुसाइड नोट में आर्थिक तंगी का जिक्र*

चण्डीगढ़, 31 अगस्त;( विनोद कश्यप) । रक्षाबंधन पर्व के दिन बड़ी दर्दनाक खबर ने भिवानी शहर के लोगों को झंझोड़ कर रख दिया है। जहाँ विद्यानगर में एक व्यक्ति ने अपनी 8 वर्षीय बेटी की गला रेत कर हत्या कर दी और इसके बाद पंखे से फंदा लगाकर खुद भी सुसाइड कर लिया। वारदात के बाद घर में मातम पसर गया। सूचना मिलते ही थाना औद्योगिक पुलिस प्रभारी सब इंसपेक्टर विशेष अपनी टीम के साथ पहुंचे और बाप बेटी के शव को कब्जे में लिया। एस एफ एल टीम भी मौके पर पहुंची। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जानकारी अनुसार भिवानी के नए बाजार का रहने पवन फिलहाल परिवार के साथ विद्यानगर में किराए के मकान पर रहता था। वह अपने भाई की स्टील व एल्यूमीनियम की दुकान पर ही काम करता था। पवन कुमार (30) परिवार के साथ किराए के मकान में रहता था। पवन ने मंगलवार सुबह तेजधार हथियार से अपनी 8 वर्षीय मासूम बच्ची रिया (8) की गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद लगभग 30 वर्षीय पवन ने पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि कई दिन से उसकी पत्नी अपने मायके गई हुई थी।




**डेरा बाबा मुरादशाह के बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान एक करोड़ का चैक भेंट करते हुए**

# लक्ष्मण यादव की भाजपा टिकट के लिए खतरा बन सकती है आरती राव

## एक दूसरे को जबरदस्त टक्कर देने के लिए एक दर्जन धुरंधर नेताओं के बीच कोसली क्षेत्र में जबरदस्त टक्कर की बन रही संभावना

चण्डीगढ़, 31 अगस्तः( विनोद कश्यप)। हरियाणा की गत विधानसभा चुनावों में सबसे हॉट सीट जहां रेवाड़ी मानी गई थी , वहीं अबकी बार 2024 के आगामी विधानसभा चुनावों में इस जिले में सबसे हॉट सीट कोसली होने के आसार बन रहे हैं । कोसली सीट पर चुनावी युद्ध में उतरने के लिए लगभग एक दर्जन उम्मीदवारों ने दिन- रात अपनी गोटियां फिट करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं ।

भाजपा के लक्ष्मण सिंह यादव इस सीट से वर्तमान विधायक हैं । विपक्षी विधायकों की तर्ज पर लक्ष्मण सिंह विधानसभा में हलके की मांगे उठाकर मतदाताओं का रुख अपनी ओर लगातार बनाए रखने के जी तोड़ प्रयास करने में लगे हैं । उनके धुर विरोधी पूर्व विधायक एवं मंत्री विक्रम सिंह ठेकेदार को अपने विधायक रहने का पुराना समय 2024 में पुनः लौट आने का बेहद विश्वास और इंतजार है । ठेकेदार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करीबियों में अपनी गिनती कराते हुए एक-एक मतदाता को साधने के प्रयास करने में लगे हैं । वहीं भाजपा के साथ लंबे समय से जुड़कर अपनी राजनीतिक पारी का मनपसंद ( मंत्री) पद हासिल करने को बेताब वीर कुमार यादव भी जबरदस्त जनसंपर्क में जुटे हैं । विगत में बंसीलाल सरकार के समय भाजपा कोटे से वीर कुमार यादव हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य तो रह चुके हैं , मगर विधायक बनकर मंत्री बनने की इच्छा उनकी अभी अधूरी है । वीर कुमार को पूरी उम्मीद है कि भाजपा उसे पार्टी के प्रति वफादारी का ईनाम बतौर 2024 की विधानसभा टिकट जरूर देगी । वीर कुमार अपने हलका कोसली के बड़े गांव गुरावड़ा, पाल्हावास , गुड़ियानी , बेरली, कोसली गांव , नाहड़, कंवाली, जैनाबाद , डहीना, नीमोठ , भाकली आदि में पैठ बनाते हुए गांव-गांव आगे बढ़ रहे हैं । भाजपा के जिला अध्यक्ष रह चुके गांव छव्वा (कोसली) निवासी हुकम चंद यादव को भी लगता है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ से निज निकटता के चलते उन्हें 2024 में चुनाव लड़ने का भाग्यशाली मौका मिल सकता है । जिला अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अपनी पहचान खूब कराई और अब वह अपना ज्यादा समय कोसली हलके की गतिविधियों को ही दे रहे हैं । इधर ,वर्तमान में भाजपा में रहते-रहते पूर्व मंत्री जगदीश यादव भाजपा से अपनी वफादारी का तोड़ चाहते हैं । उन्हें यह लगता है कि आगामी 2024 के चुनाव में भाजपा का टिकट उन्हें ही मिलना चाहिए । अन्यथा वह फिर अपना निर्णय कार्यकताओं से सलाह करके कथित रूप से कांग्रेस पार्टी के अनुसार भी ले सकते हैं । इसी दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव भी 2024 का चुनाव हरगिज लड़ना चाहती है । वह पिछले काफी समय से अपनी जीत के लिए उचित हलके का चुनाव करने की खोज में है । गत दिवस ही उन्होंने कोसली के गांव भाकली में एक जनसभा करके यह इच्छा जताई कि कोसली से चुनाव लड़ना उन्हें सबसे अधिक अच्छा लगेगा ,क्योंकि उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह इसी हलके ( पूर्व में जाटूसाना ) से कई बार विधायक चुने गए थे । आरती राव की उपस्थिति में उनके कार्यकताओं ने उन्हें कोसली हलके से चुनाव लड़ने के जोरदार नारे बुलंद करके गंभीर राजनीतिक संकट छोड़ दिए हैं । ऐसे में भाजपा की टिकट को पाने के लिए एक अनार सौ बीमार की कहावत चरितार्थ होती दिखाई दे रही है ।

इस हलके से चुनाव लड़ने की लाइन में अंदरखाने भाजपा के रिटायर्ड मेजर टीसी राव , बलजीत यादव , इनेलो के रामफल कोसलिया , जिला पार्षद शारदा यादव , पूर्व जिला पार्षद नरेश यादव सहित अन्य अनेक वर्तमान व पूर्व जिला पार्षद भी हैं जो बड़ी पार्टियों से टिकट लाकर दो-दो हाथ करने की तैयारी में हैं । बहरहाल यहां मुकाबला दर्जन भर कद्दावर उम्मीदवारों के बीच होने के आसार बन गए हैं जिससे जिले की सबसे हॉट सीट कोसली क्षेत्र बनते दिखाई दे रही है ।

# भाई-बहनों के प्रेम और स्नेह रूपी त्यौहार के अवसर पर यातायात के नियमों के पालन के लिए दिलाये गये शपथ

**दैनिक समाज जागरण सत्यप्र-काश नारायण सहायक विधि संवाददाता/ धनंजय कुमार सहायक विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर के निर्देश पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले जिले भर में प्रतिनियुक्त महिला पारा विधिक स्वयं सेवकों को यातायात के नियमों के प्रति भाईयों को जागरूक करने हेतु एक विषेष पहल किया गया जिसका प्रतिफल जिले भर से सुखद समाचार प्राप्त हुआ जिसमें कई महिला पारा विधिक स्वयं सेवकों ने अपने-भाईयों के साथ-साथ उसके दोस्त, परिवार तथा प्रत्येक जान-पहचान वाले लोगो से यातायात के नियमों के पालन हेतु जागरूक करते नजर आई जिसमें जहां भाईयों द्वारा अपने बहनों के रक्षा बन्धन के वचन के रूप में स्वयं का रक्षा करते हुए सभी नियमों का पालन का वचन लिया गया। कई बहनों ने अपने भाईयों को रक्षा बन्धन में उपहार स्वरूप अपने भाईयों को हेलमेट दिया तथा कई बहनों ने अपने भाईयों से सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन, कार में सीट बेल्ट दो पहिया वाहन चलाते समय हमेषा हेलमेट का उपयोग जैसी विशेष नियमों के प्रति भाईयों से वचन प्राप्त किया गया क्योंकि बिहार सरकार के द्वारा नये दिशा झ्र निर्देश के अन्तर्गत यातायात नियमों का पालन नहीं होने पर भारी भरकम जुमार्ने का प्रावधान किया गया है साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं होने के कारण छोटी सी दुर्घटनाओं में भी जान जा रही है इसी को ध्यान में रखकर आज रक्षा बन्धन के अवसर को यातायात के नियमों को प्रत्येक व्यक्ति के पालन के रूप में मनाया गया एवं प्रेम और स्नेह का पर्व को यादगार बनाया गया।



महिला पारा विधिक स्वयं सेवक माधुरी सिंह, रूपा मिश्रा ज्योति कुमारी, निर्मला कुमारी, इत्यादि ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का पहल काफी अच्छा है जहां आज हमनें अपने भाईयों को हेलमेट देते हुए यह वचन लिया है कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय इस-का आवष्यक रूप से उपयोग करेंगें। इनके अतिरिक्त बेबी देवी, रूपा कुमारी, अनिता सिंह, गीता भारती, प्रियंका भारती, रोमा पाठक, रूबी कुमारी, रूबी गुप्ता डॉक्टर शोभा रानी ने भी अपने भाई मिथिलेश कुमार को हेलमेट देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई इस पहल को सार्थक बनाने में अपनी भूमिका का निर्वह्व करते हुए खुषी का भाव जाहिर किया।

# बहन को घर पहुंचा कर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, एक युवक घायल

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 31 अगस्त 2023 :- अंबा-नवीनगर मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई वहीं दूसरा युवक घायल है। यह घटना गुरुवार की दोपहर 12:30 बजे तमसी गेट के समीप की है। मृतक की पहचान नवीनगर के शिवपुर गांव निवासी लक्ष्मण शर्मा के 24 वर्षीय पुत्र घनश्याम कुमार तथा घायल युवक की पहचान उक्त गांव निवासी दिनेश सिंह के 30 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक ने बताया कि मृतक राखी बांधने आई अपनी बहन को बालूगंज पहुंचा कर लौट रहा था। उसी क्रम में घटनास्थल के समीप एक बाइक सवार ने उन्हें चकमा दिया। बाइक सवार को बचाने के क्रम में कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना कुटुंबा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल में पहुंची और दोनों युवक को गाड़ी से निकाल कर रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले गई। जहां डॉक्टरों में जांच करने के पश्चात घनश्याम कुमार को मृत घोषित कर दिया और घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल



औरंगाबाद रेफर कर दिया। प्रशासन के द्वारा मृतक एवं घायल युवक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। थानाध्यक्ष बलवंत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के पश्चात लाश को परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने बताया कि सदर अस्पताल में जांच करने के पश्चात घायल युवक को घर भेज दिया गया है।

# अपनी बहनों से दूर बैठे सुरक्षाकर्मियों को भी मिला भाई- बहनो का प्यार।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 30 अगस्त 2023:-**

देश में आज रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है ' यह त्योहार भारतीय संस्कृति में भाई- बहनों के पवित्र रिश्तों को जीवंत बनाये रखती है ' रक्षाबंधन पर अपनी बहनों से दूर बैठे तैनात सुरक्षाकर्मियों को भी भाई- बहन के प्यार का तोहफा मिला ' औरंगाबाद जिला देव के श्रेयस पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिन- रात सुरक्षा पर जुटे सैनिकों की सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए उनके हाथों पर रंग बिरंगी राखी बांधी ' छात्राओं ने देव थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद एवं अन्य सुरक्षाकर्मियों राखी बांधी उसके बाद सीआरपीएफ कैंप में पहुंच कर वहां पदस्थापित मेजर मंजी प्रसाद यादव एवं अन्य सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बाँधकर तमाम लोगों की सुरक्षा के साथ- साथ खुद की सुरक्षा का वचन लिया ' बहनों की राखी से हमारे जवानों की कलाई भर गयी ' पहले छात्राओं ने आरती उतारी, तिलक लगाया, मुँह मीठा कराया और फिर कलाइयों पर रंग-बिरंगी राखियाँ बांधी ' जवानों ने भी बदले में उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया ' छात्राओं ने बताया कि वे हमारी रक्षा के लिए यहाँ हैं ' इसीलिए मुझे





उनकी सेवाओं को स्वीकार करना और उनके लिए बहन का कर्तव्य निभाना हमारी जिम्मेदारी है ' हमें विश्वास है कि हमने उनके हाथों पर जो राखी बांधी है वह उनकी रक्षा करेगी ' जवानों ने राखी बंधवाने के बाद कहा कि इन बहनों के द्वारा राखी बंधवाने के बाद हमलोगों को ऐसा लगा जैसे मैं अपने घर पर अपने परिजनों के साथ हूँ ' इसी के साथ उन्होंने बहनों को सुरक्षा का बचन भी दिया ।

**विक्षिप्त को महिला होमगार्ड जवान ने बांधी राखी।**

देव सुर्य मंदिर में मुख्य द्वार पर प्रतिदिन बैठने वाले एक विक्षिप्त युवक को महिला होमगार्ड जवान ने राखी बांधी। जिसकी लोगों ने चर्चा एवं प्रशंसा की। महिला होमगार्ड जवान मंजु कुमारी ने बताया कि वह विक्षिप्त युवक प्रतिदिन मंदिर के बाहर बैठता और श्रधालु से प्रसाद मांगता है। आज रक्षाबंधन के दिन वह राखी बांधने कि आस लगाए बैठा था। तब मैंने उसका दिल रखने के लिए उसे रखी बांधी। राखी बांधने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी चर्चा एवं प्रशंसा किया।

# श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर आनंद कुटी धाम में उमड़े श्रद्धालु

## श्री रंगराज स्वामी जी का झूला कार्यक्रम हुआ संपन्न

**दैनिक समाज जागरण लालबिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत गुरुवार को श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर श्री पयहारी जी महाराज की कुटिया में श्री रंगराज स्वामी जी का झूला कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बिहार ही नहीं अन्य प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में महिला व पुरुष भक्तों ने बाबा श्री पयहारी जी महाराज के आश्रम में आकर समाधि स्थल पर मत्था टेका तथा मन्नते भी मांगी। विदित हो कि तिलौथू स्थित श्री पयहारी जी की आनंद कुटी धाम में हर वर्ष श्रावण पूर्णिमा के दिन भंडारा का आयोजन किया जाता है। कुटिया के महंत श्री सदा कुमार दास जी ने बताया की प्रतिवर्ष श्रावण पूर्णिमा सावन शुक्ल पक्ष के दिन श्री रंगराज स्वामी जी का झूला कार्यक्रम संपन्न किया जाता है। जिसमें जितने भी श्रद्धालु हैं, बिहार ही नहीं अन्य प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु आज के दिन कुटिया पर आते हैं तथा भंडारा में शामिल होकर पंघत व प्रसाद का ग्रहण करते हैं। ज्ञातव्य हो कि आनंद कुटी धाम तिलौथू में एक ही पात में बैठकर सभी पंगत पाते हैं। भंडारा के दिन



यहां गुड का पुआ, खीर व साग प्रसाद लोगों को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। सभी एक पात में बैठकर एक साथ पंगत (प्रसाद)पाते हैं। किसी भी वीआईपी के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। समानता, सद्भावना, समरसता, मानवता व सेवा भाव यहां का मूल मंत्र है। यहां सालों भर प्रतिदिन प्रसाद ग्रहण कराया जाता है। इस कुटिया में जो भी आते हैं वह बगैर प्रसाद ग्रहण किए हुए नहीं जाते हैं। यह क्रिया अनवरत सालों भर चलते रहता है। सोन तट के किनारे अवस्थित आनंद कुटी धाम तिलौथू अपने आप में एक मनोरम छटा बिखेरता है। जो वास्तु शास्त्र के नियमानुसार यहां के मंदिर की बनावट तथा मंदिर का आंगन अपने आप में मनोहारी है। हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने आनंद कुटी धाम तिलौथू में आकर महाराज जी की समाधि स्थल पर मत्था टेका व संध्या पांच बजे कुटिया के महंत श्री सदा कुमार दास जी के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु उमड पड़े। श्री पयहारी जी महाराज के शिष्य डॉ बैजनाथ सिंह बटोही ने बताया कि आनंद कुटी धाम में आने के बाद आपको सचमुच आनंद की अनुभूति होगी। इस धरा धाम में आपको दया, करुणा, समानता, सदभावना, समरसता की खुशबू सदैव आएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर थानाध्यक्षो के साथ बैठक का आयोजन किया गया।*

**दैनिक समाज जागरण सत्य प्र-काश नारायण सहायक विधि संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव,श्री प्रणव शंकर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आंनद भूषण अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री सौरभ सिंह, श्री श-कुल राम के द्वारा आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार में औरंगाबाद जिले में पदस्थापित थानाध्यक्षो की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 13 मई को अयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु थानाध्यक्षो के द्वारा उनके स्तर से मामलों के चिंहित कर अपने अपने थाना क्षेत्र में लोक अदालत के सम्बंध में जागरूक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन करवाने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में सचिव ने थानाध्यक्षो को कहा कि प्राधिकार ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित लगभग 2000 सुलहनीय वादों की सूची थानावार तैयार की है जिसको आपलोगो को उपलब्ध करायी गयी है। जिनमे सैंकड़ो ऐसे मामले है जो दशकों पुराने है जिसको थोड़ा प्रयास से खत्म किया जा सकता है। जिसमे आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उक्त मामलो में पक्षकारों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें प्रोत्साहित करें कि उक्त मामलों को खत्म कर भाई चारे



प्रेम के वातावरण और विवाद मुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। अगर उन्हें पक्षकारों के काउंसलिंग में आवश्यकता पड़े तो वे पक्षकारों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार अथवा संबंधित न्यायालय में भेजें, साथ ही आप अपने थाना स्तर पर ध्यान दें कि लोक अदालत के सम्बंध में निर्गत नोटिस को पक्ष-कारों तक समयानुसार पहुँच जाये और ध्यान रखे कि नोटिस की तामिला कराते वक्त पक्षकारों के तमिला पर नाम और संपर्क संख्या अवश्य अंकित करा लें, ताकि संबंधित न्यायालय और जिला विधिक सेवा प्राधिकार अपने स्तर से भी पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके वादों को निस्तारण कराने में प्रयास करे। साथ ही वे राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता में महत्वपूर्ण कड़ी हैं अतः लोक अदालत की सफलता हेतु थानाध्यक्ष अपने स्तर से भी लोगो को जागरूक करें इसमे स्थनीय स्तर के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अधीनस्थ कर्मचारियों का मदद प्राप्त कर पक्षकारों को उनके वादों के राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवाने हेतु जागरूक करें।

# नगर भवन औरंगाबाद में शुक्रवार को करवाने इत्तेहाद व भाईचारा प्रोग्राम का किया जायेगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 31 अगस्त 2023 औरंगाबाद के नगर भवन में कारवाने इत्तेहाद व भाईचारा के नाम से एक विशाल प्रोग्राम का अयोजन शुक्रवार को 1 बजे दिन से किया गया है। जदयू मुख्य प्रवक्ता एवम काराकाट के सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू ने बताया की इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान एवं बिहार स-रकार के बिज्ञान एवं प्रयोधिक मंत्री सुमित कुमार एवं संयोजक डॉ खालिद अनवर एवं काराकट के सांसद महाबली सिंह एवं सभी मुस्लिम सियासतदान उपस्थित रहेंगे। करवाने इत्तेहाद व भाईचारा का यह कार्यक्रम बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के आदेश पर पूरे बिहार में कराया जा रहा है। जिसमें नीतीश कुमार की ओर से यह संदेश दिया जा रहा है कि पूरे मुल्क में जितने भी लोग हैं सभी आपस में भाई-भाई है। किसी में कोई भेदभाव नहीं है। और नहीं पूरे बिहार में भेदभाव की राजनीतिक को पनपने देंगे। अगर कोई ऐसा करता है या किसी पार्टी की ओर से किया जाता है तो हम सभी मिलकर नफरत की सियासत को खत्म करेंगे। एवं दंगाई पार्टी की ओर से पूरे मुल्क में संविधान पर हो रहे हमले के खिलाफ अल्पसंख्यकों को एकजुट करेंगे।और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देंगे। कार्यक्रम को लेकर टाउन हॉल औरंगाबाद में भव्य तैयारी की गई है एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम में आने का संदेश पहुंचाया गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रफीगंज सह जदयु जिला अध्यक्ष औरंगाबाद अशोक कुमार सिंह ने कहा है कि अपनी तारीख को बचाने के लिए नफरत की सियासत को पूरे मुल्क से खत्म करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है ताकि पूरे देश में सभी लोग आपसी भाईचारा के साथ जीवन यापन कर सके। एवं अमन-चैन के साथ खुशहाल रह सके।

कार्यक्रम मे पूर्व सांसद औरंगाबाद सह पूर्व विधायक नबीनगर वीरेंद्र कुमार सिंह , पूर्व प्रत्याशी जदयू ओबरा सुनील यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद जुगनू, जदयू जिला उपाध्यक्ष पप्पू ज्वाला सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष ओंकार नाथ सिंह, सत्येंद्र चंद्रवंशी, जिला महासचिव नागेंद्र सिंह, रामानुज सिंह, प्रभाकर कुमार सिंह उर्फ चिंटू सिंह, संजय राणा सिंह,टिंकू सिंह, रितेश सिंह, औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन मेहता , अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, तकनीकी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजू सिंह, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मंजरी सिंह एवं जदयू के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।

# बिहार में सभी वर्गो के सहयोग से विकास की गाड़ी पटरी पर लाकर एक-एक कार्य कर रहे हैं नीतीश कुमार : विवेकानंद गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण/ अमन कुमार**

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नौवाटोली के प्रांगण में पंचायत अध्यक्ष सैफ अली खान की अध्यक्षता में ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम के तहत बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा की मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सामाजिक ताना बानो को मजबूत करते हुए समाज के सभी वर्गों के सहयोग से विकास की गाड़ी पटरी पर लाकर एक-एक कार्य कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ फिरकापरस्त ताकते जिनकी आजादी की लड़ाई में कोई भूमिका नहीं थी और जिन्होंने महंगाई कम करने, बेरोजगारी दूर करने, किसानों की आमदनी दोगुनी करने और अच्छे दिन लाने के नाम पर केवल देश को झांसा दिया है। वह अपने नाकामियों को छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर देशवासियों का ध्यान मूल समस्याओं से भटका रही है। यह ताकते लोकतंत्र का गला घोटने और देश का इतिहास बदलने




पर आमदा है।वही इस अवसर पर मोहम्मद मुंतशिर, मोहम्मद निजाम, मोहम्मद शमशुल अंसारी, कयूम अंसा-री, बीरबल दास, परवेज खान, अनवर खान, वसीर अंसारी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 31 अगस्त**

अनुमंडल मुख्यालय जयनगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार 31 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। बुधवार को भद्रा नक्षत्र रहने के कारण रक्षाबंधन अगले दिन गुरुवार को मनाया गया। पंडितों का कहना है कि भद्रा नक्षत्र में राखी बांधना अशुभ होता है। रावण की बहन ने अपने भाइयों को भद्रा नक्षत्र में राखी बांधी थी जिससे उनके कुल का नाश हो गया था। इसलिए रक्षाबंधन 31



अगस्त को मनाया गया। रक्षाबंधन को लेकर बहनों में खाशा उत्साह देखा गया। राखी को लेकर बच्चे खाशे उल्लसित नजर आये। बहनों ने अपने भाइयों की कलाइयों में राखी बांधी और माथे पर तिलक लगा मिठाई खिलाई। भाइयों ने बहनों को उपहार दिया और रक्षा का वचन दिया। बहनों ने ' दीनबंधु बलिराजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वम बध्नामि रक्षे मा चल माचलः।। 'का मंत्र भी पढा। राखी बांधते समय यह मंत्र पढने का प्राचीन विधान रहा है।

# शिक्षा विभाग के तुगलकी फरमान के विरोध में शिक्षको ने आदेश की प्रतियां जलायी

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 31 अगस्त**

शिक्षा विभाग के अपर सचिव के के पाठक के आदेश को शिक्षकों ने कथित रूप से तुगलकी फरमान कहते हुए गुरुवार को जयनगर प्रखंड शिक्षा कार्यालय के समक्ष आदेश की प्रतियां जलायी और आदेश का विरोध किया।

प्रखंड कार्यालय जयनगर में शिक्षा विभाग के तुगलकी फरमान पर शिक्ष-क संघर्ष समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर शिक्षकों



ने विभाग के तुगलकी फरमान का विरोध प्रतिलिपि जलाकर किया। विरोध कार्यक्रम में धनिक लाल यादव रामविनोद यादवे रमेश सिंह लोकेश कुमार संजीव कुमार मिथिलेश कुमारे सत्यदेव जी रवीन्द्र कुमार सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया।

# नया उपहारा थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने अपने क्षेत्रों का लिया जायजा , असमाजिक तत्वों में मचा हड़कंप ।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के उपहारा थाना क्षेत्र में नए पद स्थापित एस आई थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने गुरुवार को अपने थाना क्षेत्र के महदीपुर स्थित पुलिस पिकेट, मध्य विद्यालय महदीपुर, पीएनबी बैंक तथा उपहारा बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए।आम जनों से मिलकर क्षेत्र की



समस्यायों के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को कहीं की किसी भी तरह कि घटनात्मक समस्या हो या शराब से जुड़ा हुआ मामला हो उसे आप गोपनीय सूचना थाना को देकर सूचित कर सकते हैं। साथ ही ग्रामीणों के बीच थाना का सरकारी नंबर भी उपलब्ध कराई गई है। वहीं महदीपुर मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच थानाध्यक्ष ने पठन पाठन से हो रही समस्याओं को सुनते हुए । विद्यालय में पाई गई कमियां को प्रिंसिपल से मिलकर समस्याओं को हल करने की बात कहीं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में थानाध्यक्ष के औचक निरीक्षण से आमजनों में खुशी की लहर व्याप्त है। तो वहीं असमाजिक तत्वों में हड़कंप भी मचा हुआ है। क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस की गस्ति तेज कर दी गई है। वहीं असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# बुराई से अच्छाई का संदेश स्थापित करने वाली बहनों ने भाई को राखी बांधकर प्रेम का तोहफा दिया है।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने गुरुवार को ओम् शांति का संदेश देते हुए।भाई बहन का अटूट प्रेम वाला पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने



गोह प्रखंड के सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में उपस्थित अधिकारियों के कलाई पर राखी बांधकर एक भाई और बहन के प्रति समर्पित प्रेम और सौहार्द के साथ भाईचारे का जो संदेश दिया है।उसे कदापि भूलाया नहीं जा सकता है। इसलिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीके संगीता बहन एवं बी के सरिता बहन ने एसबीआई बैंक के मैनेजर अरविंद कुमार एवं गोह थाना के पुलिस पदाधिकारी ए एस आई लाल साहब तिवारी,ए एस आई विरेन्द्र कुमार सिंह,दफदार राम एकवाल मिश्रा सहित कई लोग को सुरक्षा कवच की तरह राखी बांधकर लोगों के प्रति ओम् शांति का संदेश स्थापित किया है।

# सुरभि दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 31 अगस्त 2023 :- दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर सुरभि दुर्गा पूजा समिति नबीनगर रोड अंबा के द्वारा शर्मा रेडियम सेंटर के प्रांगण में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सत्येंद्र आजाद ने की। आमसभा में सर्व सम्मति से कमेटी के पुनर्गठन करने का



निर्णय लिया गया। सुनील कुमार सिंह को अध्यक्ष, शुभम गुप्ता, दीपक कुमार, अमरेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, प्रशांत कुमार उर्फ छोटू को सचिव, गोलू कुमार उर्फ रोहित, राजू गुप्ता को उपसचिव, प्रभात कुमार को कोषाध्यक्ष, आतिश कुमार, शुभम गुप्ता, ऋतिक सोनी को उपकोषाध्यक्ष, अमित कुमार को संयोजक, दीपक कुमार को सहसंयोजक, अंश सोनी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं अंकित सोनी, सनी कुमार को कार्यकारिणी सदस्य तथा प्रवीण गुप्ता, सत्येंद्र आजाद, मिथिलेश सिंह, विनोद पांडेय, संजय गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, बबलू सिंह उर्फ सत्यप्रकाश, दिलीप गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अवध विश्वकर्मा को संरक्षक मंडल की जिम्मेदारी दी गई। आमसभा में सत्येंद्र कुमार संजय कुमार गुप्ता विनोद मिश्रा दिलीप कुमार गुप्ता अमरेंद्र कुमार बबलू सिंह अवध शर्मा विनय कुमार गुप्ता सुनील कुमार अमित कुमार सिंह प्रवीण कुमार रंजीत कुमार आदि लोग उपस्थित हुए।

# हत्या के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखण्ड के टंडवा थाना क्षेत्र से हत्या के मामले मे फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।टंडवा थाना कांड संख्या 52/22 मे दर्ज प्राथमिकी मे थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी नरेश राम के पुत्र समरजित कुमार बीते कई महीनो से फरार चल रहा था।पुलिस को गुप्त सूचना मिली की



अभियुक्त परिजनों से मिलने घर आया है।सूचना मिलने पर दल बल के साथ थानाध्यक्ष पहुंच कर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि अभियुक्त पर महुअरी गांव निवासी तेतरी कुअर द्वारा अपने पुत्र संदीप राम की हत्या का प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।मामले मे कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# पिलीद स्टेडियम में जीनियस क्लासेस कोचिंग संस्थान का निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का आगाज

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ : राज्य के कराटे प्रेमियों के लिए खुशखबरी है कि पिलीद स्टे-डियम में आयोजित हुआ 'जीनियस क्लासेस कोचिंग संस्थान' का पाँच दिवसीय निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर। यह शिविर गुरुवार को आयोजित किया गया और यह पाँच दिनों तक चलेगा।

इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन स्वर्ण पदक विजेता और प्रमुख कराते खिलाड़ी सुदेश कुमार महतो ने किया। यह शिविर क्षेत्र के युवाओं को निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण का एक अद्वितीय अवसर प्रदान कर रहा है।

प्रशिक्षण के पहले दिन, मास्टर कोच सुदेश कुमार महतो ने युवाओं को पंच और स्तांस के अद्वितीय प्रशिक्षण से लाभान्वित किया। शिविर के दौरान वे सभी प्रतिभागियों को आत्मसम्मान और संकल्प के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न गुर और प्रेरणादायक सत्र आयोजित करेंगे।

संघर्ष और सफलता की कहानियों से भरपूर इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर युवाएं नए उत्साह और उम्मीद के साथ वापस जाएंगे। इस



संघर्ष भरे मार्ग में उन्हें मार्गदर्शन करने वाले सुदेश कुमार महतो ने उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

यह प्रशिक्षण शिविर न केवल कराटे के शिल्प में योग्यता प्राप्त करने का मौका प्रदान कर रहा है, बल्कि यह युवाओं को आत्ममन्नता, आत्मविश्वास और अनुशासन में सुधार करने में भी मदद करेगा।

इस महत्वपूर्ण शिविर के माध्यम से समाज के रूढ़िवादी धाराओं को तोड़कर नवयुवा भारत की नीति में नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। सभी युवाओं को इस शिविर में भागीदारी लेने की प्रेरणा मिले, वे समृद्धि की नई परिप्रेक्ष्य में कदम बढ़ा सकते हैं।

# चांडिल रेलवे जंक्शन को पर्यटन स्थल में किया जाएगा शामिल, प्रदूषण पर होगी नियंत्रण

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 31 अगस्त 2023 : सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में स्थित चां-डिल जंक्शन स्टेशन अब पर्यटक स्थलों के स्टेशनों की सूची में शामिल होगा। चांडिल डैम, दलमा हाथी अभयारण्य, जयदा में स्थित ऐतिहासिक बुढाबाबा शिव मंदिर, ईचागढ़ का चतुमुर्खी शिव मंदिर, पटमदा का हाथी खेदा ठाकुर समेत आसपास स्थित पर्यटक और ऐतिहासिक स्थलों के कारण चांडिल रेलवे जंक्शन स्टेशन को उस सूची में शामिल किया जाएगा। रेलवे के पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। पर्यटक स्थल का स्टेशन बनने पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और स्टेशन का विकास किया जाएगा। इसकी जानकारी आद्रा रेल मंडल में डीआरयूसीसी की बैठक में रेलवे के पदाधिकारियों ने दी। बैठक में बराभूम पैसेंजर को चांडिल स्टेशन तक चलने की मांग पर रेलवे की



ओर से इसकी जांच करने के बाद अहर्ता पूरी करने पर ट्रेन को चांडिल तक चलाने की बात कही।

चांडिल में अमृत भारत योजना के तहत अतिरिक्त प्लेटफार्म शेड का निर्माण कराया जाएगा। दिव्यांगों के लिए चांडिल स्टेशन में जल्द ही दो लिफ्ट का निर्माण कराया जाएगा। स्टेशन में ट्रेन इंडिकेशन कोच लगाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कोच इंडिकेशन बोर्ड का भी टेंडर कर दिया जाएगा। अत्याधुनिक अनाउंसमेंट सिस्टम के लिए भी कार्य चल रहा है जल्द ही इसे इंस्टॉल कर दिया जाएगा। इसके साथ ही किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। पदाधिकारियों ने चांडिल स्टेशन सा-इडिंग में प्रदूषण की रोकथाम के लिए की जाने वाली सारी उपाय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदूषण की जांच करवाकर कैमरा लगवाया जाएगा। इसके बाद सीसीटीवी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी।

# महिला और बाल विकास मंत्रालय सितंबर 2023 में छठा राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है

भारत सरकार की प्रमुख पहल, पोषण अभियान ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया, पोषण (पीएम पोषण-समग्र पोषण के लिए प्रधानमंत्री की व्यापक योजना) अभियान कुपोषण की चुनौती का मुकाबला करने के लिए मिशन मोड में कार्य करता है। 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान विषय-वस्तु, वितरण, आउटरीच और परिणामों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम शुरू करने के लिए मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2 के अंतर्गत पोषण अभियान, आंगनवाड़ी सेवा योजना और किशोरियों के लिए योजना को जोड़ा गया था। बीमारियों और कुपोषण के खिलाफ स्वास्थ्य, कल्याण और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने वाली कार्य प्रणालियों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पूरे सितंबर 2023 में छठा राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। इस वर्ष, इस-का उद्देश्य मिशन पोषण 2.0 के आधार, जीवन-चक्र दृष्टिकोण के माध्यम से कुपोषण से व्यापक रूप से निपटना है। इस दृष्टिकोण में, पोषण माह 2023 का केंद्र बिंदु मानव जीवन के महत्वपूर्ण चरणों-गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन और किशोरावस्था के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। इसका उद्देश्य "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत " पर केंद्रित विषय-वस्तु के माध्यम से पूरे भारत में पोषण संबंधी समझ को बढ़ावा देना है।

महीने भर चलने वाले इस आयोजन में स्तनपान और पूरक आहार के आसपास के प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित करने वाले अभियानों के माध्यम से जमीनी स्तर पर पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी प्रयास किए जाएंगे। स्वस्थ बालक स्पर्धा जैसी गतिविधियों का उद्देश्य पोषण और समग्र कल्याण के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। अन्य पहलों में पोषण भी पढ़ाई भी (पोषण के साथ-साथ शिक्षा), मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के माध्यम से पोषण में सुधार, जनजातियों पर केंद्रित पोषण संवेदीकरण और पर-ीक्षण, उपचार, बात के माध्यम से एनीमिया को खत्म करना शामिल होगा। इसके अतिरिक्त, पोषण माह के तहत जन आंदोलन 'मेरी माटी मेरा देश' ' अभियान के अंतर्गत एकजुट उत्सव के लिए एक विस्तारित मंच के रूप में काम करते हुए स्वतंत्रता और प्रगति की राष्ट्र की यात्रा का स्मरण करेगा।

समग्र पोषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समुदाय के विभिन्न वर्गों को शामिल करते हुए गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर आउटरीच कार्यक्रम, पहचान अभियान, शिविर और घरों का दौरा किया जाएगा। अभियान के लक्ष्यों को साकार करने में एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों स्तरों पर पोषण की मांग करने वाले करने वाले महत्वपूर्ण घटक के रूप में खड़ा है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से इस उद्देश्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 1 से 30 सितम्बर तक सभी हितधा-रकों के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। अभियान की श-ुरूआत के बाद से, देश भर में पांच सफल पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ अभिसरण मंत्रालयों और विभागों की उत्साहपूर्ण भागीदारी है। 2022 में पिछले पोषण माह के दौरान, प्रमुख विषयों में 170 मिलियन से अधिक संवेदीकरण गतिविधियों की सूचना दी गई थी। आज तक, प्रत्येक वर्ष पोषण पखव-ाड़े (मार्च) और पोषण माह (सितंबर) के तहत जन आंदोलन के हिस्से के रूप में 600 मिलियन से अधिक गतिविधियां की गई हैं।

विविध गतिविधियों की एक श्रृंखला के माध्यम से, पोषण माह 2023 का उद्देश्य बड़े पैमाने पर सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है, माननीय प्रधानमंत्री के अमृत काल में सुपोषित भारत के विजन को पूरा करने के लिए ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता का उपयोग करना है।

# भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार सृजित करने के लिए सैन्य कल्याण विभाग ने निजी क्षेत्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

रक्षा मंत्रालय के सैन्य कल्याण विभाग के तहत पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) और मेसर्स जेनपैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच 31 अगस्त, 2023 को नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। डीजीआर और कॉर्पोरेट्स के बीच समझौता ज्ञापन का उद्देश्य रक्षा सेवाओं के सम्मानित पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से कॉर्पोरेट कंपनियों और पूर्व सैनिकों को एक साझा मंच पर लाना है।

जेनपैक्ट, पेशेवर सेवाओं में एक ग्लोबल लीडर है, पूर्व सैनिकों के लिए सार्थक कैरियर के अवसर प्रदान करेगा। महानिदेशक (पुनर्वास) मेजर जनरल शरद कपूर ने कहा, "यह साझेदारी हमारे पूर्व सैनिकों को उद्योग और कॉर्पोरेट्स के बीच अधिक स्पष्टता लाएगी और कुशल जनशक्ति प्रदान करने और हमारे पूर्व सैनिकों को एक सम्मानजनक दूसरा कैरियर देने के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी।

# रक्षाबंधन: भाई-बहन के अटूट स्नेह का उत्सव उल्लासपूर्ण रूप में मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण, शेखर सुमन, ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

रक्षाबंधन के अवसर पर भाई-बहन के प्यार और सम्मान की बातें एक ही आवाज में उच्चारित हो गई। इस महत्वपूर्ण पर्व के माध्यम से बहनों ने अपने भाइयों के शीष्टाचार, धैर्य, और परिश्रम का सम्मान किया, जो उनके जीवन को महत्वपूर्ण बनाते हैं। राखी बंधने के इस पवित्र उत्सव में बहनों ने अपने भाइयों की कलाइयों पर प्यार का बंधन बांधते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान फैलाई। इस मधुर संगीत के साथ बचपन से जुड़े यादें ताजगी बढ़ाती रहीं।

उपहारों के साथ-साथ भाई-बहनों के बीच एक अनूठा संबंध है, जो परंपरागत रूप में मनाने का एक माध्यम भी होता है। इस वर्ष भी बहनों ने राखी बांधने के पश्चात अपने सोशल मीडिया पर स्टेटस शेयर किए, जिनमें उन्होंने अपने भाइयों के साथ बिताए लम्हों की बात की।

इस विशेष दिन पर घरों में बने विविध प्रकार के व्यंजनों ने खासतर परिवारों के सदस्यों को एक साथ बैठकर खाने का आनंद लिया। राखी बांधने की शुभकामनाओं के साथ-साथ,



भाइयों को भी बहनों की देखभाल और स्नेह का आभास होता है, जिससे उनका बंधन मजबूत होता है। वर्ष 2023 के इस रक्षाबंधन में भी दिनभर बहनों ने राखी बांधने का शुभ मुहूर्त बनाने के लिए धैर्य और उत्साह से इंतजार किया। पूर्णिमा और भद्रा के योग में बहनों ने राखी बांधने का समय तय किया और इस पावन पर्व को उन्होंने एक नई उचाईयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

इस विशेष उत्सव के माध्यम से हमारे समाज में भाई-बहन के प्यार की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया जाता है और इसे सजीव रखने का प्रेरणा मिलता है। इसी तरह से हम सभी एक-दूसरे के साथ भाई-बहन के सच्चे और अनमोल रिश्ते का मानन करते हैं, जो जीवन के हर मोड़ पर हमें सहारा देते हैं।

# यूसिल की तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधक ने 68 लाख की लागत से तीन योजना वेलपुला गाव को सौपा

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन, प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी पूर्वी सिंहभूम 31अगस्त 2023**

क्षेत्र के सांसद वाई एस अविनाश रेड्डी ने किया उदघाटन कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत कंपनी के आस-पास के गांव में विकास का रथ आगे बढ़ता रहेगा / एम एस राव यूसिल की तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधक ने आज बुधवार को 68 लाख की लागत से तीन योजना वेलपुला गाव के ग्रामीणों को सौपा।जिसका उद्घाटन क्षेत्र के सांसद वाई एस अविनाश रेड्डी ने फीता काट कर किया। इस बाबत यूसिल की तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट महाप्रबन्धक एम एस राव ने कहा कि कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत कंपनी के आस पास के गांव का विकास कंपनी की जिम्मेदारी है।जिसके तहत वेमुला मंडल अंतर्गत वेल पूला गाव में खेल को बढ़ावा देने के लिए 20 लाख का फुटबॉल मैदान, गाव मे शिक्षा का अलख जगाने हेतु 19 लाख का सेंट्रल लाइब्रेरी व ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिले जिसको लेकर 29 लाख का फिल्टर प्लांट की सौगात दी गई। यह विकास का जिसका अन्य गाव की ओर का आगे बढ़ता रहेगा ।कार्यक्रम में उपस्थित लोग

इस मौके पर पुलीवेंदुला के सांसद वाई एस अविनाश रेड्डी, कड़पा जिला लाइब्रेरी अध्यक्ष श्रीमती लिंगा आला उषा रानी, राम लिंगा रेड्डी, वहीं यूसिल की तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट की ओर से महाप्रबन्धक एम एस राव, उपमहा प्रबन्धक सुमन सरकार, मुख्य प्रबंधक कार्मिक संजय चटर्जी,, सी एस आर इंचार्ज नवीन रेड्डी, प्रबंध पी के नायक, सहायक प्रबंधक तारकेश्वर राव,सी एस आर संयोजक गंगा रेड्डी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरायकेला पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के नेतृत्व में की गई बड़ी कार्रवाई

**दैनिक सामाज जागरण ,दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )31अगस्त 2023**

सरायकेला खरसावां जिले के एसपी विमल कुमार द्वारा अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई हैं. अवैध कारोबारी में हड़कम मच चुका है. इन दिनों सरायकेला क्षेत्र में अवैध कारोबारी के खिलाफ लगातार शिकंजा कसा जा रहा है.

बता दे की सरायकेला पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एन एच 33 टाटा -रांची मुख्य मार्ग आसानबनी के पास क्षेत्र में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री संचालित किया जा रहा है. जिसे तैयार कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है. तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर सेट 5 टीम को शामिल करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी की.जहां उन्होंने रांगाटांड गांव में एक नया बाउंड्री स्थान में स-ुरंग बनाकर गुप्त तरीके से अवैध शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री को ढूंढ निकाला .जिसके गहराई से तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध निर्मित अंग्रेजी शराब एवं शराब निर्माण के सामग्री को बरामद किया. छापामारी के दौरान दो युवक को भी रंगे हाथों पकड़ा गया है. जिनका नाम राजेश कुमार उम्र 38 वर्ष भोजपुरी का रहने वाला है. वहीं दूसरे युवक का नाम सोनू कुमार उम्र 32 वर्ष सीतारामडेरा थाना क्षेत्र का निवासी है

छापामारी के दौरान 750' की



व्हिस्की का कुल 220 पेटी को जप्त किया गया है. जिसमें किंग्स गोल्ड, गोवा किक फिनेस्ट, ब्लैक हॉर्स, ड्रीम गर्ल व्हिस्की हैं.वहीं अवैध का-रोबारी के पास से सीलिंग मशीन, ऑफिसर चॉइस का ढक्कन 2000पीस, किंग गोल्ड का 500 पीस, रॉयल स्टैग का चार बंडल रैपर, ड्रीम गर्ल का रैपर एक बंडल, क्यूआर कोड स्टीकर दो बंडल, खाली प्लास्टिक बोतल 2000 पीस, एवं हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल Jh05CQ8683 को जप्त किया हैं.

वहीं एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने प्रेस के माध्यम से अवैध कारोबारी को सख्त संदेश दिया है कि नशा मुक्ति का अभियान लगातार जारी रहेगा. क्षेत्र में अगर कोई भी व्यक्ति अवैध कारोबार करता है तो उसपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

छापामारी टीम में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल संजय कुमार सिंह, चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, जयप्रकाश कुमार, बालेश्वर पासवान, विशेश्वर कुमार, सशस्त्र बल एवं सेट 5 टीम के पुलिस मौजूद रहे.

# कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री राजीव चंद्रशेखर कल गुवाहटी में 'मंथन - पूर्वोत्तर कौशल एवं उद्यमिता सम्मेलन 2023' में भाग लेंगे

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता तथा इलेक्ट्रानिक्स एवं आ-ईटी राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर कल गुवाहटी में ह्यह्यमंथन - पूर्वोत्तर कौशल एवं उद्यमिता सम्मेलन 2023ह्लह्ल में भाग लेंगे। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) और आईआईटी गुवाहटी के बीच रणनीतिक भागीदारी के तहत आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। इसमें ट-ीआरआईएसएसएएम के जनजातीय लाभार्थियों द्वारा तैयार विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज उत्पादों को भी प्रदर्-शित किया जायेगा।

सम्मेलन के साथ ही उत्तर पूर्वी राज्यों के उद्यमियों, शिल्पकारों और कारीगरों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी की भी शुरूआत हो जायेगी जिसमें सफल उद्यमियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर इस दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में उद्यमिता से जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा उठाये गये कदमों के बारे में प्रमुखता से बतायेंगे। वह क्षेत्र के युवाओं के लिये विशेषतौर से तैयार कौशल विकास कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा करेंगे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार दोनों ही उत्तर पूर्वी क्षेत्र में युवाओं के लिये कौशल विकास और प्रशिक्षण पहलों के लगातार प्रयास में लगे हैं। उनका दृष्टिकोण "नया भारत, नए कौशल, नए अवसर, नए रोजगार" के मिशन के साथ जुड़कर उत्तर पूर्व में युवा भारत के लिए नए अवसर प्रदान करना है। राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर अगस्त में केन्द्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान और केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास (डीओएनईआर) मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने एक विशेष पहल की शुरूआत की जिसका नाम है ह्यह्यजीवन का कायाकल्प, भविष्य का निमार्णः उत्तर पूर्व में कौशल विकास और उद्यमिताह्लह्ल। इस पहल के लिये 360 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है और इससे करीब 2.5 लाख युवाओं को लाभ मिलेगा।

# भाई की कलाई पर बहनों ने बांधा प्यार का बंधन, उल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया पर्व

**अभय कुमार मिश्रा,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 31 अगस्त 2023ःझभाइयों ने परंपरा अनुसार बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उपहार देकर खुशियां साझा की। राखी बंधवाने के बाद भाई बहनों ने सोशल मीडिया पर स्टेट्स शेयर किया। इस अवसर पर घरों में तरह-तरह के व्यंजन भी बनाए गए। भाइयों को राखी बांधने के लिए बहुत सी बहनें मायके से भी आई,और कई भाईयो ने भी अपने बहन के घर जाकर राखी बांध कर त्योहार को मनाया।



भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन गुरुवार को उल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस बार रक्षाबंधन पर दिनभर भद्रा होने के कारण बहनों को राखी बांधने लिए रात 8:58 तक शुभ मुहूर्त का इंतजार करना पड़ा। इस बीच तमाम बहनों ने पूर्णिमा लगने के बाद सुबह 10.12 बजे के बाद ही भाइयों को राखी बांधनी शुरू कर दी।दरअसल इस वर्ष बुधवार की सुबह 10.12 बजे से पूर्णिमा शुरू हुई, लेकिन इसी समय भद्रा भी लग गया, जो रात 8.58 बजे तक रहा।

# चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने छऊ नृत्यकला केंद्र के पूर्व निदेशक तपन कुमार पटनायक को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

झारखंड गौरव एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित राजकीय छऊ नृत्यकला केंद्र के पूर्व निदेशक श्री तपन कुमार पटनायक ने आज चक्रधरपुर के विधायक सह छऊ कलाकार श्री सुखराम उरांव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान गुरु तपन कुमार पटनायक को विधायक द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान छऊ नृत्य कला के विकास हेतु विस्तृत विचार विमर्श किया गया । बता दें कि कृषि विश्वविद्यालय रांची के द्वारा सी पी राधा कृष्णन के कर कमलों से गुरु तपन कुमार पटनायक को छऊ के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया गया था। चक्रधरपुर के विधायक ने गुरु तपन कुमार पटनायक के छऊ के प्रति समर्पण एवं उनकी निष्ठा की प्रशंसा की। गुरु तपन कुमार पटनायक ने भी विधायक द्वारा छऊ के विकास के क्षेत्र में किए गए कार्य की सराहना की।



# निमार्णाधीन चांडिल थाना भवन का एसपी ने चल रहे कार्यो का जायजा लिया, गुणवत्तापूर्ण भवन का निर्माण करवाने का निर्देश दिया

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिलःसरायकेला-खरसावां जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने चांडिल थाना के निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण किया. एसपी ने निमार्णाधीन भवन में चल रहे कार्यों का जायजा लिया और निर्माण सामग्री समेत निर्माण



कार्य में लगे मजदूरों की जानकारी ली. तेजी से चल रहे निर्माण कार्य पर प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने गुणवत्तापूर्ण भवन का निर्माण करवाने का निर्देश दिया. निमार्णाधीन भवन के चारों ओर घूम-घूमकर उन्होंने चल रहे कार्यों को देखा और समुचित जानकारी ली.

अंग्रेजों के जमाने के भवन में चल रहा था थाना :

अनुमंडल क्षेत्र के सबसे पुराने चांडिल थाना के पुराने भवन को तोड़कर उसी स्थान पर नया थाना भवन का निर्माण करवाया जा रहा है. ठेकेदार को मार्च तक दो मंजिला नया थाना भवन बनाकर देने का समय दिया गया है. तय समय पर काम पूरा करने के लिए ठेकेदार तीव्र गति से निर्माण कार्य कर रहे हैं. पुराना थाना भवन जर्जर हो चुका था. अंग्रेजों के जमाने के भवन में ही चांडिल थाना संचालित हो रहा था. इस दौरान उनके साथ चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर व अन्य पुलिसकर्मी साथ थे।

# उपायुक्त के निर्देश पर आंधारझोर में कैंप आयोजित, 149 आवेदन जमा हुए

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर बोड़ाम प्रखंड के आंधारझोर ग्राम में शिल्पकारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु एक दिवसीय कैम्प आयोजित कर आवेदन प्राप्त किया गया। दौरे के क्रम में मंगलवार को आंधारझोर पहुंचने पर कुछ



ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की थी। इस पर उपायुक्त ने दूसरे दिन गांव में कैम्प आयोजित कर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश प्रखंड प्रशासन को दिया था।

कैंप में आवास योजना- 104, नया राशन कार्ड- 5, राशन कार्ड सत्यापन- 5, राशन कार्ड स्थानातरण- 1, राशन कार्ड में आधार सुधार- 1, दिव्यांग पेंशन -1, निराश्रित पेंशन -2, वृद्धापेंशन -5 और केसीसी के 25 आवेदन प्राप्त हुए।

कैंप में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजेंद्र कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी गोपाल सुंदर मंडल, कल्याण पदाधिकारी सुधाकर महतो, निम्नवर्गीय लिपिक अरुण प्रसाद, पंचायत सचिव वीरेंद्र नाथ पंडित व संदीप कुमार, रोजगार सेवक जीतवाहन रुहिदास, मुखिया रूपा सिंह सरदार एवं वार्ड सदस्य जसोमति रुहिदास आदि उपस्थित थे।